नई दिल्ली

शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

वैशाख मास शुक्ल पक्ष, अष्टमी वर्ष : 30, अंक : 05

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 37.0
न्यून. 26.0

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


## खबर संक्षेप

### फास्टैग एनुअल पास की आड़ में फ्रॉड



**नई दिल्ली।** नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने फास्टैग के एनुअल पास को लेकर हो रहे फ्रॉड की चेतावनी जारी की है। फर्जी वेबसाइट्स और अनाअधिकृत लिंक्स के जरिए यूजर्स को लुभाकर उनके पैसे हड़पे जा रहे हैं। जारी पब्लिक एडवाइजरी में कहा गया है कि केवल वेरिफाइड चैनलों का ही इस्तेमाल करें। वरना छोटी सी गलती भी भारी पड़ सकती है। फ्रॉड का तरीका काफी सोफिस्टिकेटेड है।

### छापेमारी कर 104 सिलेंडर जब्त किए



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मंगोलपुरी और जहांगपुरी इलाकों में एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी में कथित रूप से शामिल दो गिरोहों का भंडाफोड़ किया। इनसे 100 से ज्यादा सिलेंडर बरामद किए तथा 5 आरोपियों को पकड़ा है। सूचना पर टीम ने मंगोलपुरी के पंकज गैस एजेंसी के पास छापेमारी की। 73 सिलेंडर, रिफिलिंग उपकरण, तीन वाहन तथा डिजिटल माप मशीन बरामद कीं। इस कार्रवाई में पकड़े गए आरोपियों की पहचान संतोष, सचिन कुमार और प्रमोद पाल के तौर पर हुई।

प्रतिक्रिया में बोले जायसवाल, बयान मूर्खतापूर्ण और अनुचित है, जो दोनों देशों के संबंधों की सच्चाई को प्रदर्शित नहीं करता

# सोशल मीडिया पर ट्रंप की भड़काऊ पोस्ट भारत और चीन को बताया 'नरक' जैसी जगह

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और चीन को 'नरक' जैसी जगह यानी 'हेलहोल' बताने वाली सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर देश में छिड़े राजनीतिक घमासान के बीच गुरुवार को मामले पर विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। जिसमें मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि 'हमने इस मामले में अमेरिका और नई दिल्ली में उसके दूतावास द्वारा की गई टिप्पणियों को देखा है। दोनों ही मूर्खतापूर्ण, अनुचित और खराब सोच से जुड़ी हुई जान पड़ती हैं।

यह भारत और अमेरिका के संबंधों की वास्तविकता को भी प्रदर्शित नहीं करते हैं। जो कि लंबे समय से आपसी सम्मान और साझा हितों पर आधारित रहे हैं। दरअसल साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पत्रकारों ने रणधीर से मामले पर दो सवाल पूछे थे। जिसमें पहले में नरक वाले बयान को लेकर प्रतिक्रिया पूछी गई थी। जबकि दूसरे में अमेरिकी राष्ट्रपति की टिप्पणी पर देश में मचे राजनीतिक बवाल के बीच भारत द्वारा अमेरिका के समक्ष किसी तरह का विरोध दर्ज कराने को लेकर जानकारी मांगी गई थी। जिनके जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता की यह टिप्पणी सामने आई है। उधर, इस मामले में ईरान पूरी मजबूती के साथ भारत के साथ खड़ा हो गया है। जिसमें उसने कहा है कि असली नरक तो खुद अमेरिका है। जबकि भारत और चीन तो सभ्यता को पालने वाले दो देश हैं।

## भारत के पक्ष में खड़ा हुआ ईरान-बोला, असली नरक तो अमेरिका है, भारत-चीन 'सभ्यता का पालना' है



### 'लैपटॉप वाले गुंडे' भी कहा

पत्र के माध्यम से सैवेज अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय में जन्मजात नागरिकता के मामले पर चल रही बहस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। जिसमें उनके निशाने पर मुख्य रूप से अमेरिका में प्रवासियों के पैदा हुए बच्चे थे। उन्होंने इस मामले को न्यायपालिका की जिम्मेदारी पर छोड़ने के स्थान पर देश में एक राष्ट्रीय जनमत संग्रह कराने की मांग की है। पत्र में भारतीय और चीनी प्रवासियों को लैपटॉप वाले गुंडे या गैंगस्टर भी कहा गया है। इसके अलावा कैलिफोर्निया में तकनीकी क्षेत्र की भर्ती के मामले को लेकर भी भारत और चीन के लोगों पर निशाना साधा गया है। जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि नौकरियों में अधिकतर इन दोनों देशों के लोगों का वर्चस्व है। जिससे आम अमेरिकियों का काफी नुकसान हो रहा है।

### सैवेज के पत्र से यूं बढ़ा विवाद

राष्ट्रपति ट्रंप ने अमेरिका के रूढ़िवादी लेखक और रेडियो होस्ट माइकल सैवेज के पॉडकास्ट के टेक्स्ट को एक पत्र के रूप में सोशल मीडिया मंच ट्रूथ सोशल पर रीपोस्ट किया। जिसमें भारत और चीन समेत अन्य देशों को नरक जैसी जगह बताया गया है। जो उनकी जन्मजात नागरिकता (बर्थराइट सिटीजनशिप) कानून में बदलाव का समर्थन करने वाले पक्ष से जुड़ा हुआ है। यह पॉडकास्ट 1 अप्रैल का है, जिसे अमेरिकी राष्ट्रपति ने उसके तीन हफ्ते के बाद सोशल मीडिया पर रीपोस्ट के जरिए साझा किया। पत्र में सैवेज ने यह दावा भी किया कि इन दोनों एशियाई देशों के लोग नौवें महीने में अपना बच्चा पैदा करने ▸▸ शेष पेज 5 पर

### अमेरिकी संविधान को बताया पुराना

सैवेज के मुताबिक, हमारे देश को इस तरह के सभी माफिया परिवारों ने बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। यह वही लोग हैं, जिन्होंने हमारे देश को पूरी तरह से लूटा, अमेरिकियों के साथ द्वितीय श्रेणी के नागरिकों जैसा व्यवहार किया और अमेरिका के झंडे को अपने पैरों तले रौंदा है। साथ ही कहा कि हमारे देश की वर्तमान में चल रही व्यवस्था का गलत इस्तेमाल बच्चों को जन्म देने यानी बर्थ टूरिज्म और कल्याणकारी योजनाओं के अनुचित इस्तेमाल के माध्यम से किया जा रहा है। आधुनिक दौर में प्रवासन के मामले में अमेरिका का संविधान नाकाम सा प्रतीत होता है। अब यह काफी पुराना पड़ चुका है। अपनी इस टिप्पणी ▸▸ शेष पेज 5 पर

चौबीस घंटे से भी कम समय में बदले ट्रंप के स्वर...

### बोले, भारत एक महान देश और इसके शीर्ष पर बैठा है हमारा एक बहुत अच्छा दोस्त

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** सोशल मीडिया पर भारत और चीन को नरक जैसी जगह बताने वाली एक भड़काऊ पोस्ट को रीपोस्ट करने के चौबीस घंटे से भी कम समय में अमेरिका के राष्ट्रपति का बिगड़ा हुआ दिमाग ठिकाने पर आ गया है। अब उन्होंने भारत की तारीफ में कसीदे पढ़े हैं। जिसमें डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को एक महान देश बताया है और यह भी कहा है कि इसके शीर्ष पर यानी इस देश का नेतृत्व हमारा एक बहुत अच्छा दोस्त (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) कर रहा है। यह जानकारी नई दिल्ली में अमेरिका के दूतावास के प्रवक्ता क्रिस्टोफर एल्म्स ने दी है।

> यह जानकारी नई दिल्ली में अमेरिका के दूतावास के प्रवक्ता क्रिस्टोफर एल्म्स ने दी है

**भारत को कुछ इस तरह बताया महान देश:** एल्म्स ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी के नेता ने भारत के संदर्भ में गर्मजोशी के साथ बात की है। जिसमें उन्होंने भारत को एक महान राष्ट्र बताते हुए कहा है कि इस देश का नेतृत्व हमारा एक बहुत अच्छा दोस्त कर रहा है। जिनके साथ मेरी व्यक्तिगत दोस्ती है।





फूलों से सजा मंदिर

बद्रीनाथ धाम के खुले कपाट

## 'जय बद्री विशाल' के जयकारों से गूंजा धाम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बद्रीनाथ मंदिर के कपाट गुरुवार सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर पूरे विधि-विधान के साथ भक्तों के लिए खोल दिए गए हैं। कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं ने पूरी भक्ति भावना के साथ 'बद्री विशाल' और 'लक्ष्मी माता' के जयकारे लगाए। इस शुभ अवसर पर सिर्फ देश से ही नहीं, बल्कि विदेश से भी श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचे हैं। कपाट खुलते ही दर्शन के लिए लंबी कतारें लग गईं और लोग खुद को सौभाग्यशाली मानते नजर आए। इस दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी बद्रीनाथ धाम में उपस्थित रहे और उन्होंने भी पूजा-अर्चना की। भगवान बद्रीनाथ मंदिर को इस बार बेहद खास तरीके से सजाया गया है। करीब 25 क्विंटल फूलों से पूरे धाम को भव्य रूप दिया गया है, जिससे मंदिर की सुंदरता और भी निखर गई है। बद्रीनाथ के कपाट खुलने के साथ उत्तराखंड की पवित्र चारधाम यात्रा अब पूरी तरह से चालू हो गई है।

> दर्शन करने देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालु

### 23 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के शिकार पूर्व बैंकर ने पूरी राशि वापस मांगी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली में 'डिजिटल अरेस्ट' के जरिए हुई कथित तौर पर अब तक की सबसे बड़ी धोखाधड़ी के शिकार 78 वर्षीय सेवानिवृत्त बैंकर नरेश मल्होत्रा ने अपने 23 करोड़ रुपये की वापसी की मांग की है। उन्होंने धोखाधड़ी में गंवाई गई राशि के साथ-साथ हर्जाने, ब्याज और पूंजीगत लाभ कर के दायित्वों को भी पूरा करने की मांग की है। अगस्त और सितंबर 2025 के बीच 22.92 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का शिकार हुए मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लोकपाल ने पांच बैंकों को उन्हें कुल 1.31 करोड़ रुपये देने का निर्देश दिया है।




### आरोपी ने छत पर बने स्टडी रूम में किया था बलात्कार

# आईआरएस अधिकारी की बेटी का मर्डर केस में पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हुई गला घोंटने की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अमर कालोनी क्षेत्र के पॉश इलाके कैलाश हिल्स में बुधवार को एक वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी की बेटी की बलात्कार और हत्या के मामले में अदालत ने आरोपी को पुलिस रिमांड में भेजा है। वहीं गुरुवार को मृतका के शव का पोस्टमार्टम भी करवा दिया गया। पीएम रिपोर्ट में उसके दोनों हाथों और पैरों पर कई खरोंच के निशान एवं जख्म पाए गए हैं। इसके साथ ही नाक की हड्डी में 'फ्रैक्चर' मिला तथा गला घोंटे जाने की पुष्टि भी हुई है।

पुलिस सूत्रों से पता चला कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवती के शरीर पर कई चोटें पाई गई। इसके अलावा, चेहरे पर कई घाव और खरोंचे के निशान मिलें, नाक की हड्डी में फ्रैक्चर भी पाया गया, जो किसी भारी वस्तु से किए गए प्रहार का संकेत देता है। गर्दन की जांच के दौरान, 'स्टर्नोक्लेइडोमास्टॉइड', 'स्टर्नोथाइरॉइड' और 'स्टर्नोहायॉइड' मांसपेशियों में आंतरिक रक्तस्राव देखा गया। थाइरॉइड उपास्थि (कॉर्टिलेज) के दोनों हिस्सों में 'फ्रैक्चर' पाया गया, जबकि 'हायॉइड' हड्डी अक्षुण्ण थी। सभी आंतरिक अंगों में रक्त का जमाव पाया गया, जो गला घोंटने के कारण दम घुटने से हुई मृत्यु के अनुरूप था। फॉरेंसिक जांच के लिए कई नमूने सुरक्षित रखे गए हैं, जिनमें विसरा, 'लिगेचर मटेरियल', नाखून के खुरचन, जाली में लगा खून और गुप्तांगों से लिए गए स्वैब आदि शामिल हैं। पुलिस जांच में चौंकाने वाले विवरण सामने आए हैं।

#### मोबाइल फोन चार्जिंग केबल से घोंटा गला

पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी 19 वर्षीय राहुल मीणा ने अतिरिक्त चाबी का इस्तेमाल करके घर में प्रवेश किया और सीधे छत पर बने स्टडी रूम में चला गया। अधिकारी की बेटी वहां पर पढ़ाई कर रही थी। आरोपी ने कबूला कि उसने पीड़िता पर हमला किया, मोबाइल फोन चार्जिंग केबल से उसका गला घोंटा और किसी भारी वस्तु से उस पर वार किया। उधर जांचकर्ताओं का मानना है कि आरोपी ने अधिकारी की बेटी के साथ कथित तौर पर बेहोशी की हालत में बलात्कार किया और बाद में उसे घसीटकर नीचे ले गया। इसके बाद उसने पीड़िता के फिंगरप्रिंट का इस्तेमाल करके लॉकर खोलने की कोशिश की, लेकिन कामयाब नहीं हो सका। फिर पेंचकश से लॉकर तोड़कर नकदी और गहने चुराए। पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला के माता-पिता के घर लौटने से लगभग 30 मिनट पहले भाग गया तथा भागने से पहले उसने खून से सने अपने कपड़े और चप्पलें बदल लीं। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस को पता चला कि मीणा सुबह करीब 6:30 बजे कॉलोनी में दाखिल हुआ और 7:20 बजे तक वहां से निकल गया। पीड़िता के घर में पहले घरेलू सहायक के तौर पर काम कर चुके मीणा को अपराध के कुछ घंटों बाद द्वारका के एक होटल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर राजस्थान के अलवर में भी एक बलात्कार का केस दर्ज हुआ है।

## कार ने मोटर साइकिल को मारी टक्कर, एक की मौत, तीन जख्मी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- शकरपुर इलाके में विकास मार्ग पर हुआ हादसा

पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में विकास मार्ग पर बुधवार देर रात एक सेलेरियो कार ने पैशन मोटरसाइकिल को जबरदस्त टक्कर मारी। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और उसके परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। शव को एलएनजेपी अस्पताल भिजवाया गया है। आरोपी कार चालक को मौके पर ही लोगों ने पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस के अनुसार घटना देर रात करीब 1:30 बजे की है। आईटीओ से लक्ष्मी नगर की ओर जा रही एक कार ने गीता कॉलोनी कट के पास एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। मोटरसाइकिल पर चार लोग सवार थे और सभी घायलों को हेडगेवार अस्पताल ले जाया गया, जहां नीरज (35) को मृत घोषित कर दिया गया। पीड़ित विश्वास नगर के एनएसए कॉलोनी का निवासी था और कनॉट प्लेस से अपनी पत्नी और बच्चों के साथ घर लौट रहा था। हादसे में मृतक की पत्नी सोनम (35) और उनके बेटा-बेटी घायल हुए हैं और उनका इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपी कार चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के नोएडा निवासी सचिन गुलाटी (45) के रूप में हुई है, जिसे घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने पकड़ लिया था।

## पत्नी की हत्या कर 40 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने 1986 में अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद से फरार 82 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी चंद्र शेखर प्रसाद को बाहरी उत्तरी दिल्ली के नंगली पूना में एक कारखाने के गोदाम से गिरफ्तार किया गया, जहां वह फर्जी पहचान के तहत रह रहा था। वह मूलरूप से बिहार के नालंदा जिले का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार मामला 19 अक्टूबर 1986 का है। उस वक्त करीब 40 वर्ष के आरोपी प्रसाद ने पूर्वी दिल्ली के शकरपुर स्थित आवास पर अपनी पत्नी की विवाहेतर संबंध के शक में हत्या कर दी थी। उसने और उसके साथियों ने घटनास्थल से भागने से पहले एक घरेलू सहायिका को बंदूक दिखा कर बंधक भी बना लिया था। शकरपुर थाने में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी, लेकिन आरोपी गिरफ्तारी से बच निकला था। 1987 में अदालत ने भी इसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। उस समय सुरागों की कमी और आधुनिक जांच उपकरणों के अभाव के कारण यह मामला लगभग 40 वर्षों तक अनसुलझा रहा। पुलिस ने कहा कि आरोपी का पता लगाना काफी चुनौतीपूर्ण था क्योंकि उस दौर के कोई डिजिटल रिकॉर्ड, तस्वीरें, आधार कार्ड डेटा या मोबाइल रिकॉर्ड मौजूद नहीं थे। अपराध शाखा की एक टीम ने मामले को फिर से खोला और मुखबिरों और अन्य लोगों से जानकारी जुटाना तथा तकनीकी निगरानी के माध्यम से आरोपी का पता लगाना शुरू किया। जांचकर्ताओं ने पाया कि उसके बच्चे दिल्ली और बिहार में बसे हुए हैं और उन्होंने परिवार से जुड़े संदिग्ध मोबाइल नंबरों पर सावधानीपूर्वक नजर रखी। नालंदा में जांच से पुष्टि हुई कि प्रसाद जीवित है और पारिवारिक या धार्मिक आयोजनों के दौरान कभी-कभार आता है। उन्होंने बताया कि किसी की मृत्यु के बाद हुई ऐसी ही एक यात्रा की सूचना मिलने पर पुलिस ने निगरानी बढ़ाई थी। दिल्ली तक उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गयी। 22 अप्रैल को आरोपी को अलीपुर स्थित एक कारखाने से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान प्रसाद ने अपराध कबूल करते हुए कहा कि वह अपनी पत्नी के चरित्र को लेकर संदेह के कारण अक्सर उससे झगड़ा करता था। एक दिन क्रोध में आकर उसने पत्नी की हत्या कर दी और फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि दशकों तक फरार रहने के दौरान वह लगातार अपना ठिकाना बदलता रहा और बिहार, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में रहा। उसने पंजाब के पटियाला में रिक्शा चलाने का काम भी किया। पकड़े जाने से बचने के लिए हरियाणा के एक आश्रम में भी इसने शरण ली।

### अलग अलग इलाकों से 104 सिलेंडर जब्त, पांच लोग पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने मंगोलपुरी और जहांगपुरी इलाकों में एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी में कथित रूप से शामिल दो अलग अलग रैकेट का भंड़ाफोड़ करते हुए 100 से ज्यादा सिलेंडर बरामद किए हैं। इस सिलसिले में पांच लोगों को पकड़ा गया है।

पुलिस के अनुसार विशिष्ट सूचना पर टीम ने मंगोलपुरी के टी-ब्लॉक में पंकज गैस एजेंसी के पास छापेमारी की और 73 सिलेंडर, रिफिलिंग उपकरण, तीन वाहन तथा डिजिटल माप मशीन जब्त कीं। इस कार्रवाई में पकड़े गए लोगों के नाम संतोष, सचिन कुमार और प्रमोद पाल बताये गये हैं। इसके अलावा जहांगीरपुरी के महेंद्र पार्क इलाके में एक दुकान में एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी की सूचना मिली जिसके बाद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एक अधिकारी से साथ मिलकर वहां छापा मारा गया और महेश पाल और गैस एजेंसी का आपूर्तिकर्ता किशन पाल एक साइकिल रिक्शा से सिलेंडरों को दुकान में रखते पाए गए। पुलिस ने यहां से 31 सिलेंडर बरामद किए गए। क्राइम ब्रांच के डीसीपी पकंज कुमार के मुताबिक आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह बात सामने आई कि वे गैस एजेंसी से एलपीजी सिलेंडर प्राप्त करने के बाद इनकी आपूर्ति न करके मंगोलपुरी और जहांगीरपुरी में अपने वाहनों में अवैध रूप से जमा कर रहे थे और भरे सिलेंडरों से खाली सिलेंडरों में गैस भरते थे। फिर उन्हें बाजार में बेचकर अवैध मुनाफ कमाते थे। दोनों मामलों कुल 104 सिलेंडरों की बरामदगी हुई है जिनमें से 73 भारत और 31 इंडेन गैस के सिलेंडर हैं।

## लूट और रंगदारी के केस में तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



बेगमपुर पुलिस ने रंगदारी और लूट के मामले में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे लूटी गई दो कारें, एक चोरी का मोबाइल फोन और बटन वाला चाकू बरामद हुआ। पकड़े गये आरोपियों के नाम रवि कुमार, पुष्पेंद्र उर्फ काले, और हरगोविंद उर्फ टोची बताये गये हैं। दो आरोपी डिलीवरी ब्वॉय है जबकि एक रंगाई पुताई का काम करता है।

डीसीपी रोहिणी शशांक जायसवाल के अनुसार 20 अप्रैल को बेगमपुर थाने में एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें बताया गया कि कैब ड्राइवर को घायल करके उसकी कार लूट ली गई है। तुरंत ही पुलिस स्टाफ मौके पर न्यू कराला रोड, जैन नगर पहुंचा। पीड़ित को संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया। उसके बयान के आधार पर बेगमपुर थाने में मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए और आरोपियों को गिरफ्तार करने के उद्देश्य से, एसआई जगदीप संधू, एएसआई विनोद, हेड कांस्टेबल प्रदीप गोयत, सत्यवीर और जितेंद्र आदि की टीम गठित की गई और जांच शुरू की गई। जांच के दौरान, पीड़ित कैब ड्राइवर ने बताया कि रात करीब 1:00 बजे अंश बिल्डर, कृष्णा ब्लॉक, न्यू कराला रोड, सेक्टर 38, रोहिणी के पास से चांदनी चौक के लिए एक राइड बुक की गई थी। जब वह पिकअप पॉइंट पर पहुंचा, तो वहां लगभग 22-23 साल के तीन युवक मौजूद थे। उन्होंने पीड़ित को ओटीपी दिया और कैब में बैठ गए। आरोपियों में से एक ने कहना शुरू किया कि वह अपना मोबाइल फोन भूल गया है। जब कैब ड्राइवर ने गाड़ी रोकी तो आरोपियों ने ड्राइवर को कैब से बाहर खींचा और उसके सिर पर बीयर की बोतल से हमला कर दिया। चाकू की नोंक पर आरोपियों ने कैब लूट ली और हनुमान चौक की तरफ भाग गए। कुछ समय बाद पीड़ित के अकाउंट पर मैसेज आए जिनमें कैब वापस करने के बदले 20 हजार रुपये की मांग की गई थी। इसके बाद आरोपियों ने पीड़ित के साथ यूपीआई के जरिए 20 हजार रुपये के ऑनलाइन लेनदेन के लिए अपने मोबाइल नंबर शेयर किए। पुलिस की लगातार कोशिशों से कैब दिल्ली के विकासपुरी के पास मिल गई। लगातार छापे मारे गए और लंबा पीछा करने के बाद तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी हरगोविंद के कब्जे से एक बटन वाला चाकू बरामद हुआ और लूटी गई कार भी उसकी असली चाबियों के साथ बरामद कर ली गई। लगातार पूछताछ के दौरान आरोपियों ने रोहिणी में जैन नगर के पास 40 फुटा रोड पर हुई इसी तरह की एक और घटना में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की। इस मामले में आरोपी रवि से एक चोरी का मोबाइल बरामद किया गया। 16 अप्रैल को आरोपियों ने पीड़ित की कार भी अपने कब्जे में ले ली थी, लेकिन बाद में उसे लावारिस छोड़ दिया था। अब वह कार भी इस मामले में बरामद कर ली गई है। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही कार जैकिंग के दो मामले सुलझा लिए गए हैं।

### एसआईआर प्रक्रिया पर कांग्रेस के सवालों का गोलमोल जवाब दे रहा है चुनाव आयोगः यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग दिल्ली में होने वाली स्पेशल इंटेन्सिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया के संबंध में कांग्रेस पार्टी की और से उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दों पर गोलमोल जवाब दे रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव के इस रुख से उनकी मंशा पर शक होता है। उन्होंने कहा कि इसलिए दिल्ली कांग्रेस की बूथ मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन राजेश गर्ग ने गुरुवार को चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस द्वारा एसआईआर से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए 31 मार्च 2026 को पत्र लिखा था। परंतु चुनाव आयोग द्वारा दिए गए उत्तर में उठाए गए महत्वपूर्ण प्रश्नों पर कोई स्पष्ट एवं संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। यादव ने आगे कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा दिल्ली में संभावित एसआईआर की तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता से इसमें पूर्ण सहयोग करने का आह्वान किया है। यादव ने कहा कि पार्टी इस प्रक्रिया को अत्यंत गंभीरता से ले रही है, यहां तक कि मैंने स्वयं अपनी बादली विधानसभा के अपने बूथ पर बीएलए-2 के रूप में कार्यभार संभाला है। पूरी दिल्ली में कांग्रेस के बीएलए-1 और बीएलए-2 चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। यादव ने कहा कि एसआईआर में कांग्रेस की सकारात्मक भूमिका निभाने के बावजूद चुनाव आयोग सहयोगात्मक रवैया नहीं अपना रहा है। कांग्रेस जिन महत्वपूर्ण मुद्दों को उठा रही है, उन पर स्पष्ट जवाब देने से बच रहा है।

## एलजी संधू श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के 100वें साल के आयोजन में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के 100वें वार्षिक दिवस समारोह के अवसर पर उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। इस अवसर पर संधू ने अपने संबोधन में कहा कि एसआरसीसी के का हिस्सा बनकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। यह पूरी एक शताब्दी का एक असाधारण पड़ाव है, जो निरंतरता, जुझारूपन और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति अटूट समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1926 में सर श्री राम द्वारा स्थापित इस प्रतिष्ठित संस्थान ने नेताओं, नीति-निर्माताओं, उद्यमियों और पेशेवरों की कई पीढ़ियों को तैयार किया है। जिन्होंने भारत और दिल्ली के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि एसआरसीसी परिसर में दोबारा आना और अपनी पिछली यात्राओं में एक छात्र के तौर पर और फिर 2016 को याद करना मेरे लिए विशेष रूप से सार्थक अनुभव रहा। आज के तेजी से बदलते आर्थिक परिदृश्य में, एसआरसीसी जैसे संस्थान भविष्य के लिए तैयार दिमागों को गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अक्सर ज़ोर देकर कहते हैं, शिक्षा को केवल अकादमिक विषयों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उसे चरित्र, रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच को भी बढ़ावा देना चाहिए। इस ऐतिहासिक अवसर पर एसआरसीसी के शिक्षकों, छात्रों और पूर्व छात्रों को मेरी तरफ से हार्दिक बधाई। संधू ने कहा कि एसआरसीसी अपनी दूसरी शताब्दी की यात्रा शुरू कर रहा है। इस आगामी यात्रा पर मेरा शत प्रतिशत विश्वास है कि यह नवाचार और जिम्मेदारी के बीच एक नए सेतु का काम करता रहेगा और पीएम मोदी के विकसित भारत तथा विकसित दिल्ली के के स्वप्न को साकार करने में सार्थक योगदान देगा।

### दिल्ली की जनता की आवाज़ को निगम में मजबूती से उठाता रहूंगा : नारंग



- अंकुश नारंग को दोबारा मिली एमसीडी में नेता विपक्ष की जिम्मेदारी
- आप मुखिया अरविंद केजरीवाल का जताया आभार

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में दोबारा नेता विपक्ष बनाए जाने पर अंकुश नारंग ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल का आभार जताया है और पूरी निष्ठा व ईमानदारी से दिल्ली की जनता की आवाज एमसीडी के अंदर उठाने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने पिछले वर्ष भी एमसीडी में विपक्ष में रहते हुए मजबूत और सकारात्मक भूमिका निभाई है। यह जिम्मेदारी मेरे लिए सिर्फ एक पद नहीं, बल्कि जनता के विश्वास का प्रतीक है मैं पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ दिल्ली की जनता की आवाज को मजबूती से उठाता रहूंगा और भाजपा की नकारात्मकता और विफलताओं को जनता के बीच उजागर करता रहूंगा। वहीं, एमसीडी सह-प्रभारी प्रवीण कुमार ने कहा कि भाजपा किसी को भी दिल्ली में अपना महापौर और मुख्यमंत्री बना दे लेकिन उनकी नियत काम करने की नहीं है। "आप" ने महापौर का चुनाव न लड़कर भाजपा को काम करने और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने एक और मौका दिया है। एमसीडी सह-प्रभारी प्रीति डोगरा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने अंकुश नारंग के बेहतरीन काम को देखते हुए एक बार फिर एमसीडी में नेता विपक्ष बनाया है।

### महापौर चुनाव के लिए आप ने नहीं उतारे प्रत्याशी

# दिल्ली के महापौर और उप महापौर पद के लिए नामांकन किए दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के महापौर एवं उप महापौर के पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का गुरूवार को अंतिम दिन था। महापौर एवं उप महापौर पद के लिए भाजपा एवं कांग्रेस पार्टी के पार्षदों ने नामांकन किया। भाजपा की तरफ से वार्ड नंबर- 53 रोहिणी ई से पार्षद एवं पूर्व नेता सदन प्रवेश वाही ने महापौर पद के लिए नामांकन दाखिल किया और उप महापौर के लिए वार्ड नंबर-206 आनंद विहार से पार्षद मोनिका पंत ने नामांकन दाखिल किया। वहीं, कांग्रेस पार्टी की तरफ से महापौर पद के लिए वार्ड नंबर- 234 से पार्षद जरीफ एवं उप महापौर पद के लिए वार्ड नंबर -39 से पार्षद राजेश कुमार गुप्ता ने नामांकन दाखिल किया। जबकि आम आदमी पार्टी ने महापौर और उप महापौर पद के लिए नामांकन दाखिल नहीं किया। भाजपा के उम्मीदवारों के साथ नामांकन पत्र दाखिल करते समय महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह एवं स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा भी उपस्थित रही। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति में रिक्त हुए पदों के लिए भाजपा की तरफ से वार्ड नंबर- 27 बेगमपुर से पार्षद और उप महापौर जय भगवान यादव एवं निगम की जनस्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष मनीष चड्ढा वार्ड (नंबर-82) ने नामांकन दाखिल किया। आम आदमी पार्टी की तरफ से स्थायी समिति में रिक्त पद के लिए जलज कुमार (वार्ड नंबर- 55) ने नामांकन दाखिल किया। महापौर एवं उप महापौर के पदों के लिए चुनाव बुधवार 29 अप्रैल 2026 को होने वाली दिल्ली नगर निगम की साधारण सभा की बैठक में किया जाएगा।

#### दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करना पहली प्राथमिकता : वाही

भाजपा के महापौर पद के प्रत्याशी प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि हम दिल्ली की सड़कों को गड्ढा मुक्त एवं पार्कों को हर भरा एवं सुंदर बनाएंगे। प्रवेश वाही ने कहा कि हम दिल्ली सरकार के साथ मिलकर दिल्ली को साफ स्वच्छ एवं सुंदर बनाएंगे। उप महापौर पद की प्रत्याशी मोनिका पंत ने कहा कि भाजपा के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम सिर्फ एक नारा नहीं बल्कि महिलाओं को उनका हक दिलाने का संकल्प है जिसके अंतर्गत मुझे उप महापौर पद का प्रत्याशी बनाया गया है।



## लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें युवा : बिरला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- कॉलेज और स्कूल के विद्यार्थियों को किया संबोधित

देश के युवा अपनी आकांक्षाओं को व्यापक राष्ट्रीय दृष्टि के साथ समन्वित करें तथा लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरूवार को किरोड़ीमल कॉलेज के वार्षिकोत्सव समारोह में युवा वर्ग को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। इसके अलावा उन्होंने महाराजा अग्रसेन कॉलेज और मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों को भी संबोधित किया। किरोड़ीमल कॉलेज में ओम बिरला ने कहा कि शिक्षा को केवल रोजगार प्राप्ति तक सीमित न रखते हुए उसे सामाजिक उत्तरदायित्व, समावेशिता तथा चरित्र निर्माण का सशक्त माध्यम बनाया जाना चाहिए। बिरला ने कहा कि वास्तविक प्रगति का मापदंड तभी सार्थक होता है, जब अवसर और विकास समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें। भारत के विकसित होते शिक्षा परिदृश्य का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 आलोचनात्मक चिंतन तथा शैक्षणिक लचीलेपन को प्रोत्साहित करते हुए एक परिवर्तनकारी युग का सूत्रपात कर रही है। ओम बिरला ने महाविद्यालय की समावेशी पहलों की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं कौशल विकास के माध्यम से दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को सशक्त बनाकर संस्थान समतामूलक शिक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

इससे पहले दिल्ली विश्वविद्यालय के महाराजा अग्रसेन कॉलेज के वार्षिक उत्सव को संबोधित करते हुए, उन्होंने छात्रों से न केवल अपने चुने हुए क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त करने की सलाह दी, बल्कि देश की लोकतांत्रिक और विकास यात्रा की जिम्मेदारी संभालने का आग्रह भी किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'विकसित भारत 2047' का लक्ष्य युवाओं के विजन, नवाचार और प्रतिबद्धता से ही प्राप्त होगा।

लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला मथुरा रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में भी शामिल हुए और राष्ट्र निर्माण में शिक्षा और चरित्र निर्माण के महत्व पर अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम में छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और प्रयासों को सराहा और सम्मानित किया गया। बिरला ने बदलते समय में नवाचार, मौलिक सोच और तकनीक के महत्व पर बात की।

**विज्ञान की बात**

वक्त बहुत कम है यदि हमें कुछ करना है तो अभी से शुरुआत कर देनी चाहिए। - अल्बर्ट आइंस्टीन


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

3

haribhoomi.com




11 आईपीएल में सर्वाधिक 8 शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं विराट कोहली

भारत ने किया फ्रांस द्वारा इस अनिवार्यता को समाप्त करने के निर्णय का स्वागत

# अब फ्रांस के रास्ते हवाई यात्रा करने पर भारतीयों को नहीं पड़ेगी 'ट्रांजिट वीजा' की जरूरत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी क्षेत्र में जारी युद्ध के बीच फ्रांस से भारत के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। जिसमें यह पता चला है कि अब देश के लोगों को फ्रांस के रास्ते हवाई यात्रा करने पर 'एयरपोर्ट ट्रांजिट वीजा' की जरूरत नहीं पड़ेगी। क्योंकि फ्रांस ने ट्रांजिट वीजा से जुड़ी इस अनिवार्यता को पूरी तरह से खत्म करने का निर्णय लेते हुए उसे 10 अप्रैल से लागू कर दिया है। भारत ने फ्रांस के इस फैसले का स्वागत किया है। यह जानकारी गुरुवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने राजधानी में आयोजित साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान दी है।





## राष्ट्रपति मैक्रों, पीएम मोदी के बीच बनी सहमति

उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की फरवरी-2026 में हुई भारत यात्रा के दौरान मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई उच्च-स्तरीय बैठक में सहमति बनी थी। जिसके बाद फ्रांस की तरफ से यह महत्वपूर्ण पहल की गई है। रणधीर ने कहा, फ्रांस का यह फैसला दोनों देशों के बीच संबंधों में बढ़ती मजबूती को प्रदर्शित करता है। जिसे फ्रांस के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया गया था। ट्रांजिट वीजा की आवश्यकता को खत्म करने से भारत, फ्रांस के बीच आम लोगों की आवाजाही और अधिक आसान हो जाएगी।

## यूरोप या अन्य देशों की फ्लाइट ले सकेंगे

वहीं, फ्रांस के दूतावास ने बताया कि फ्रांस का यह निर्णय खासतौर पर उन भारतीय लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आएगा। जो यूरोप, अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के अन्य देशों की कनेक्टिंग फ्लाइट्स फ्रांस के हवाईअड्डों से ट्रांजिट वीजा के माध्यम से पकड़ते हैं। अब उन्हें हवाईअड्डे के अंतरराष्ट्रीय ट्रांजिट जोन से गुजरते समय ट्रांजिट वीजा की कोई जरूरत नहीं होगी। यह बदलाव राष्ट्रपति मैक्रों की भारत यात्रा के जुड़े फैसलों से संबंधित है। जिसके लिए फ्रांस की सरकार ने 10 मई 2010 के अपने पुराने नियमों में संशोधन किया और फिर इसे लेकर एक नया परामर्श जारी किया। 9 अप्रैल 2026 को इस संशोधन को फ्रांस के आधिकारिक गजट में प्रकाशित किया गया। 10 अप्रैल से यह नियम लागू हो गया है।












**खबर संक्षेप**

### बीकाजी के सीएमडी अग्रवाल का निधन



**चेन्नई।** बीकाजी के सीएमडी शिवरतन अग्रवाल (74) का गुरुवार सुबह चेन्नई में निधन हो गया। वे अपनी पत्नी के ऑपरेशन के सिलसिले में चेन्नई में थे। गुरुवार सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली।

प. बंगाल में पहले चरण की वोटिंग में जबरदस्त हिंसा हुई

# बंगाल के चुनावी रण में वाकई 'रण'

## मुर्शिदाबाद से कूचबिहार तक 10 जगहों पर हुई हिंसा, ईंट-पत्थर, लाठी-थप्पड़ सब चले!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को पहले चरण की वोटिंग हिंसा की भेंट चढ़ गई। पूरे राज्य में हिंसा का माहौल रहा। आसनसोल, मालदा, कूचबिहार, सिलीगुड़ी, मुर्शिदाबाद सभी जगहों पर झड़पें हुईं। उम्मीदवारों को घेर कर, दौड़ा कर पीटा गया। कहीं लाठियां चलीं, तो कहीं ईंट-पत्थर भी चले। दक्षिण दिनाजपुर के कुमारगंज में भाजपा के उम्मीदवार सुवेंदु सरकार को टीएमसी के समर्थकों ने दौड़ा लिया और उनकी पिटाई की गई। भाजपा नेताओं का कहना है कि सुवेंदु की पुलिस की मौजूदगी में पिटाई की गई और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। आसनसोल में भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल की कार पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। उधर, बंगाल के केशपुर में वोट डालने के बाद बूथ के सामने ही एक महिला की जान चली गई। महिला का नाम इशरतन बीबी (55) है। एजेयूपी प्रमुख और रेजीनगर से उम्मीदवार हुमायूं कबीर एक घटना ▶▶ शेष पेज 5 पर



1. सुवेंदु सरकार को टीएमसी वालों ने दौड़ाकर पीटा, अस्पताल ले जाना पड़ा
2. आसनसोल में भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल की कार पर हमला हुआ
3. केशपुर में वोट डालने के बाद एक महिला की मौत हो गई
4. मुर्शिदाबाद में टीएमसी और भाजपा समर्थकों के बीच झड़पें
5. बीरभूम में सीआरपीएफ जवानों पर पथराव किया गया

### गाड़ी में ईवीएम मिलने का दावा

जामुड़िया विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम को लेकर विवाद हो गया। श्रीपुर इलाके में एक सड़क किनारे ढाबे के पास खड़ी एक गाड़ी में ईवीएम मिलने का आरोप सामने आया है, जिससे चुनावी माहौल गरमा गया। स्थानीय लोगों और विपक्षी नेताओं का कहना था कि ऑन इलेक्शन ड्यूटी- जमुरिया एसी 279 लिखी गाड़ी में कई रिजर्व ईवीएम रखी हुई थीं, लेकिन मौके पर कोई सुरक्षा कर्मी नहीं था।



बुजुर्गों ने भी किया मतदान



लंबी कतारें भी लगीं रहीं

### लोकतंत्र के महापर्व में महा-मतदान

## बंगाल में रिकॉर्ड तोड़ 92.64% तमिलनाडु में 85.13% मतदान

एजेंसी ▶▶ कोलकाता/चेन्नई

लोकतंत्र के महापर्व में गुरुवार को पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में वोट डाले गए। पश्चिम बंगाल में पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान हुआ। तमिलनाडु में सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में वोट डाले गए। शाम छह बजे आधिकारिक रूप से मतदान समाप्त हो गया। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 ने एक बार फिर देश का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। जहां दिनभर हिंसा, बमबाजी और झड़पों की ▶▶ शेष पेज 5 पर

**बंगाल में पहले चरण के तहत 152 सीटों पर मतदान**

**तमिलनाडुः वोटिंग में दिखा जबरदस्त उत्साह**

तमिलनाडु में मतदान का प्रतिशत 85.13 रहा। यह आंकड़ा 2016 के विधानसभा चुनाव की तुलना में करीब 11 प्रतिशत अधिक है, जिससे राज्य में मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी देखने को ▶▶ शेष पेज 5 पर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में सुजुकी के सीईओ तोशीहिरो सुजुकी ने की मुलाकात

# सुजुकी के सीईओ का सीएम नायब सैनी से वायदा- भविष्य में हरियाणा में और भी निवेश करेगी सुजुकी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से गुरुवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में सुजुकी मोटर के सीईओ तोशीहिरो सुजुकी ने मुलाकात की। इस दौरान सीईओ तोशीहिरो सुजुकी ने मुख्यमंत्री सैनी से वायदा किया कि सुजुकी कंपनी भविष्य में भी हरियाणा के अंदर और निवेश करेगी। उन्होंने कहा कि भारत की प्रोग्रेस के साथ-साथ हरियाणा की प्रोग्रेस में भी उनकी कंपनी पूरा सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जापान और हरियाणा के बीच सांस्कृतिक सहयोग के लिए जापान में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने 20 जून को टोक्यो विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय गीता सेमिनार में विशिष्ट अतिथि के रूप में आने के लिए सुजुकी के सीईओ तोशीहिरो सुजुकी को न्यौता भी दिया। बैठक के दौरान पीडब्ल्यूडी, वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जापान में आयोजित होगा अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव

सैनी ने कहा कि जापान और हरियाणा के बीच सांस्कृतिक सहयोग बढ़ाने के लिए जून महीने में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन जापान में किया जाएगा। उन्होंने सुजुकी के सीईओ से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दिव्य आयोजन में जापानी नागरिकों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड को जापान के किसी प्रतिष्ठित सामाजिक संगठन के साथ जोड़ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बायोगैस प्लॉट में और निवेश करेगी सुजुकी

सुजुकी मोटर के सीईओ तोशीहिरो सुजुकी ने कहा कि कंप्रेस्ड बायोगैस के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। इसमें और अधिक निवेश करने की योजना है। अभी 9 बायोगैस प्लांट लगाने की योजना है। इनमें से 2 बायोगैस प्लांट लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खरखौदा प्लांट में सुजुकी स्ट्रॉग हाईब्रिड गाड़ियां का निर्माण करेगी। इसकी प्रोडक्शन और सेल में कोई दिक्कत न आए, इसके लिए उन्होंने हरियाणा सरकार से सहयोग मांगा। इस पर हरियाणा के मुख्यमंत्री सैनी ने सहयोग देने का ▶▶ शेष पेज 5 पर

अमित जोगी मामला

# उम्र कैद की सजा अभी टली, सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई तक बिलासपुर हाईकोर्ट के आदेश पर रोक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की सर्वोच्च न्यायिक संस्था सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने महत्वपूर्ण आदेश में फिलहाल सुनवाई तक अमित जोगी को राहत दी है। जग्गी हत्याकांड मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा पारित उम्र कैद की सजा अभी मुकर्रर नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट ने दो अलग-अलग आदेशों के प्रभाव और संचालन पर अंतरिम रोक लगा दी है। इस बात की जानकारी अमित जोगी ने खुद सोशल मीडिया अकाउंट के हवाले से दी है। अमित जोगी को ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल समेत आधा दर्जन नामचीन वकीलों की टीम जिरह कर रही है।

### क्या है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर विचार करते हुए, हाईकोर्ट द्वारा 25 मार्च को पारित आदेश के प्रभाव और संचालन को स्थगित कर दिया है। इसका अर्थ है कि फिलहाल उस आदेश का कोई कानूनी प्रभाव लागू नहीं रहेगा, जब तक सुप्रीम कोर्ट अंतिम निर्णय नहीं देता।

### उम्रकैद की सजा पर भी रोक

इसके साथ ही, सर्वोच्च अदालत ने एक और महत्वपूर्ण आदेश में हाईकोर्ट के 2 अप्रैल के फैसले को भी स्थगित कर दिया है। इस फैसले में अपीलकर्ता अमित जोगी को भारतीय दंड संहिता, 1860 की धारा 302 (हत्या) और धारा 120 बी (आपराधिक साजिश) के तहत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों के वरिष्ठ वकीलों की दलीलें सुनने और उन पर विचार करने के बाद यह अंतरिम राहत प्रदान की है। अदालत ने स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट के उक्त निर्णय का प्रभाव और संचालन अगले आदेश तक स्थगित रहेगा।

### कानूनी महत्व

कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट द्वारा किसी दोषसिद्धि और सजा के प्रभाव पर रोक लगाना एक महत्वपूर्ण कदम होता है। इसका मतलब यह नहीं है कि दोषसिद्धि रद्द हो गई है, बल्कि यह केवल अंतरिम राहत है, जब तक कि शीर्ष अदालत मामले की विस्तृत सुनवाई कर अंतिम फैसला नहीं सुनाती। अब इस मामले में सुप्रीम कोर्ट विस्तृत सुनवाई करेगा, जिसमें साक्ष्यों, दलीलों और कानूनी पहलुओं की गहन समीक्षा की जाएगी। अंतिम निर्णय आने तक संबंधित हाईकोर्ट के आदेश लागू नहीं होंगे।

राज्यों को 30 दिन का समय

# महंगी किताबों पर लगी रोक चलेगी सिर्फ एनसीईआरटी

शिकायतों के बाद लिया गया फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्राइवेट स्कूलों की मनमानी और हर साल महंगी किताबें खरीदने के दबाव पर अब लगाम लगने वाली है। मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने साफ कर दिया है कि स्कूल चाहे सरकारी हो या प्राइवेट, बच्चों के साथ अकादमिक भेदभाव नहीं चलेगा। प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने देशभर से मिली शिकायतों के बाद सभी राज्य सरकारों और शिक्षा मंत्रालय को नोटिस जारी कर 30 दिन में रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने यह कार्रवाई नमो फाउंडेशन द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर की है। दरअसल, प्राइवेट स्कूल जानबूझकर प्राइवेट



पब्लिशर्स की किताबें लगवाते हैं, जो एनसीईआरटी के मुकाबले 10 गुना तक महंगी होती हैं। अब आयोग ने कहा है कि कक्षा 8 तक एनसीईआरटी/एससीईआरटी की किताबें ही पढ़ाई जाएं?.

आयोग ने शिक्षा मंत्रालय से भी पूछा है कि कक्षा 8 तक का सिलेबस, तय सरकारी मानकों से अलग क्यों है? शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 29 का हवाला देते हुए आयोग ने साफ किया कि ज्यादा किताबें और भारी बोझ लादने वाले स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

उत्तर प्रदेश की आगरा पुलिस पहुंची गांधी नगर

# धर्मांतरण सहित विदेश से फंडिंग केस के मास्टर माइंड दाउद के मकान की कुर्की

आगरा पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने की मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

धर्मांतरण और विदेश से फंडिंग मामले में फरार आरोपी दाउद अहमद के भोपाल निवास पर गुरुवार को उत्तर प्रदेश की आगरा पुलिस बल पहुंची और कुर्की की कार्रवाई की। इस कार्रवाई में गांधी नगर पुलिस की भी मदद ली गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए



कमिश्नर दीपक कुमार ने इस मामले की खुद मॉनिटरिंग की । उल्लेखनीय है कि सगी बहनों के धर्मांतरण और विदेश से फंडिंग मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस मास्टर माइंड दाउद अहमद की तलाश कर रही थी। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आईएसआई एजेंट को ग्वालियर से किया गया गिरफ्तार

**ग्वालियर।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट और गैंगस्टर शहजाद भट्टी ने पंजाब के जीरकपुर के आईटी कंपनी और क्लब संचालक से एक करोड़ रुपए का टेरर टैक्स मांगा था। उसे डराने के लिए ग्वालियर निवासी गुर्गे राजवीर और विवेक बंजारा का इस्तेमाल किया। इन दोनों को जीरकपुर भेजकर गोली चलवाई लेकिन ▶▶ शेष पेज 5 पर

# भारतीयों को 100 नेपाली रुपए से ज्यादा का सामान ले जाने पर नेपाल में देना पड़ेगा शुल्क

विदेश मंत्रालय ने ब्रीफिंग में दी जानकारी

## बोले- जायसवाल, मुद्दे पर नेपाल संग जारी है बातचीत, शुल्क के दायरे से बाहर है निजी सामान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारत के निकट पड़ोसी देश नेपाल से आम लोगों के लिए एक चिंता बढ़ाने वाली खबर सामने आई है। जिसमें यह पता चला है कि अब भारत से 100 नेपाली रुपए से अधिक का सामान ले जाने वाले यात्रियों से नेपाल सीमा शुल्क वसुलेगा। मामले पर गुरुवार को राजधानी में हुई साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से भी पत्रकारों ने एक सवाल पूछा। जिसके जवाब में उन्होंने बताया कि इस संबंध में हमने भी मीडिया में चल रही कुछ खबरें देखी हैं। जिसमें 100 नेपाली रुपए से अधिक का सामान भारत से सीमा पार कर ले जाने वाले यात्रियों से सीमा शुल्क लेने के तथ्य का पता चला है। इस पूरे मामले पर नेपाल की सरकार से भारत की बातचीत जारी है। हालांकि इससे जुड़ा प्रावधान पुराना है। जिसे नेपाल की सरकार ने हाल ही में लागू किया है।

### रुकेगा अवैध व्यापार, तस्करी

रणधीर ने यह भी कहा कि नेपाल द्वारा यह सीमा शुल्क भारत से जाने वाले यात्रियों के निजी और घरेलू सामान पर नहीं वसूला जाएगा। इस फैसले का असल मकसद सीमा पर होने वाले अवैध व्यापार और तस्करी को रोकना और एक प्रकार से नियंत्रित करना है। उन्होंने कहा कि हम नेपाल के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए उस आश्वासन से भी अवगत हैं। जिसमें उन्होंने साफ किया है कि इस सीमा शुल्क से आम नागरिकों को कोई दिक्कत नहीं होगी।

### मध्यस्थता को लेकर दोहराया भारत का पक्ष

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के जर्मनी में पश्चिम-एशिया संकट के बीच भारत द्वारा मध्यस्थता करने से जुड़े एक अन्य सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### खाड़ी से सुरक्षित निकलें जहाज संवाद जारी

उन्होंने कहा कि बीते कुछ वक्त में होर्मुज जलडमरूमध्य से भारत के कुल 10 जहाज सुरक्षित स्वदेश लौटे हैं। जबकि 14 जहाज आज भी फारस की खाड़ी के इलाके में मौजूद हैं। जिनके सुरक्षित भारत ▶▶ शेष पेज 5 पर

### भारत-जापान के बढ़ेगा तकनीकी सहयोग

रणधीर ने जापान द्वारा रक्षा उपकरणों और तकनीक के हस्तांतरण (टीओटी) के सिद्धांतों की समीक्षा करने को लेकर लिए गए निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा कि जापान के इस कदम का संबंध दोनों देशों के बीच स्थापित विशेष रणनीतिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ से जुड़ा हुआ है। जिसे लेकर भारत, जापान ने एक संयुक्त घोषणापत्र के माध्यम से प्रतिबद्धता जताई है। अब दोनों देश सरकारी संस्थानों और निजी क्षेत्र के बीच तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देंगे। जिससे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक गतिशीलता को मजबूती मिलेगी। चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में तकनीक को विकसित करने का जापानी अनुभव भारत के लिए मददगार साबित होगा।

### सख्त निर्देशों का पालन करती ओएफबी

उन्होंने बांग्लादेश द्वारा भारत की आयुध फैक्ट्रियों को लेकर की गई टिप्पणी को लेकर कहा कि हमारे देश की आयुध फैक्ट्रियां सख्त दिशानिर्देशों और कड़े फ्रेमवर्क के तहत काम करती हैं। अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत आगे ▶▶ शेष पेज 5 पर

**खबर संक्षेप**

### गांजा बरामद कर तस्कर को किया काबू

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच सेक्टर-30 की टीम ने 3.010 किलोग्राम गांजा सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर नशा तस्करी में प्रयुक्त ऑटो को भी बरामद किया है। गिरफ्तार की पहचान सुनील निवासी बडगांव बरेली उप्र हाल भेंडोली पलवल के रुप में हुई है। पुलिस ने बताया कि सुनील ऑटो चलाने का काम करता है किसी के कहने पर पलवल से अपने ऑटो में गांजा लेकर फरीदाबाद में देने के लिये आया था, उसने गांजा सप्लाई करने के 5 हजार रुपए लिए थे।



### चाकूबाजी के मामले में एक व्यक्ति काबू

**फरीदाबाद।** 19 अप्रैल को वेदराम कॉलोनी में चाकू से हमला करने के मामले में थाना पल्ला की टीम ने कार्रवाई करते हुए 22 अप्रैल को धीरज नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, वह वेदराम कॉलोनी फरीदाबाद का निवासी है। पुलिस प्रवक्ता अनुसार हरीचंद निवासी वेदराम कॉलोनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि अंकित, उनके घर की दूसरी मंजिल पर किराये पर रहता है, 19 अप्रैल को शराब पी रहा था।



### युवक ने पीजी में फंदा लगाकर की ख़ुदकुशी

**गुरुग्राम।** आईएमटी मानेसर थाना एरिया के बासकुशला स्थित पीजी में एमबीबीएस के अंतिम वर्ष के छात्र ने फंदा लगाकर ख़ुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने पीजी के कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को सड़ी-गली हालत में बरामद किया। पुलिस को कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। जानकारी अनुसार, नारनौल के खामपुर गांव निवासी अंकित एमबीबीएस के अंतिम वर्ष में पढ़ाई कर रहा था। वह जनवरी माह से शंकर की ढाणी, बास कुशला स्थित श्रीकृष्ण पीजी में किराये पर रह रहा था। बुधवार की शाम को पीजी संचालक कपिल यादव ने कमरे से बदबू आने पर डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर आईएमटी मानेसर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला।



## सामुदायिक पुलिसिंग सेल का जागरूकता कार्यक्रम में करीब 600 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को किया जागरूक

### व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सामाजिक कुरीतियों, महिला सुरक्षा, बाल अधिकारों तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



फरीदाबाद पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग सेल द्वारा सरकारी स्कूल जाजरू फरीदाबाद में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को सामाजिक कुरीतियों, महिला सुरक्षा, बाल अधिकारों तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक पुलिसिंग सेल ने क्राइम अगेंस्ट वीमेन तथा चाइल्ड मैरिज एक्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी सांझा की। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों एवं अध्यापकों को बताया कि बाल विवाह, समाज की एक गंभीर कुप्रथा है, जो न केवल बेटियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को प्रभावित करती है, बल्कि उनके शिक्षा, अधिकारों और उज्ज्वल भविष्य में भी बाधा उत्पन्न करती है। ऐसी प्रथाएं समाज में महिलाओं के प्रति अपराधों को बढ़ावा देती हैं, इसलिए इनसे संबंधित कानूनों की जानकारी रखना और उनका पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम में साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को इंटरनेट का सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया तथा ऑनलाइन ठगी, साइबर बुलिंग और फर्जी लिंक, कॉल से सावधान रहने के उपाय बताए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न आपातकालीन एवं हेल्पलाइन नंबरों जैसे डायल 112, 1030 साइबर हेल्पलाइन तथा 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नशे से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु मानस ऐप के बारे में भी जागरूक किया गया। इस जागरूकता अभियान के माध्यम से लगभग 600 विद्यार्थियों व शिक्षकों को लाभान्वित किया गया तथा उन्हें समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए प्रेरित किया गया। उपस्थितगणों द्वारा फरीदाबाद पुलिस के इस प्रयास की सराहना की गई।

### कोऑर्डिनेटर डॉ. खोला ने फरीदाबाद में समाधान शिविर का किया निरीक्षण

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जनसेवा को मिली नई दिशा: डॉ. सतीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण के स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला ने गुरुवार को फरीदाबाद जिले में आयोजित समाधान शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिवार पहचान पत्र से जुड़ी जन शिकायतों की गहन समीक्षा की और उनके त्वरित निवारण पर बल दिया। शिविर में उनके साथ अतिरिक्त उपायुक्त अंजलि श्रोत्रिया भी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। डॉ. खोला ने शिविर में आए नागरिकों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ सीधा संवाद कर जमीनी स्तर की चुनौतियों का फीड बैक लिया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

डॉ. सतीश खोला ने शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनाए बल्कि मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्रुटियों के अविलंब समाधान हेतु कड़े निर्देश भी दिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र मुख्यमंत्री की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जो सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता और सुशासन का आधार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पीपीपी के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की तकनीकी त्रुटि या देरी को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं का समाधान एक निश्चित समय सीमा के भीतर करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। डॉ. सतीश खोला ने कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को पारदर्शी, जवाबदेह और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराना है। समाधान शिविर इसी दिशा में एक सशक्त पहल है, जिसके माध्यम से आमजन की समस्याओं का समाधान उनके द्वार पर ही किया जा रहा है। इस सराहनीय पहल के लिए उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में प्रशासन जनसेवा के नए आयाम स्थापित कर रहा है। प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और पीपीपी से संबंधित सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए निरंतर कार्यरत है। निरीक्षण के दौरान डॉ. सतीश खोला ने क्रिड के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की, जिसमें लंबित मामलों की प्रगति का गहन विश्लेषण किया गया। स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का समाधान तुरंत संभव है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निपटाया जाए, जबकि तकनीकी जांच या सत्यापन से जुड़े मामलों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। डॉ. खोला ने विभागों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि समन्वित प्रयासों से न केवल कार्यप्रणाली सुदृढ़ होगी।

### क्राफ्टिंग टुमारो सिंस 1897 कंपनी का साझा ध्येय

## गोदरेज इंडस्ट्रीज ने की नए उद्देश्य और ब्रांड पहचान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप ने अपने नए उद्देश्य और ब्रांड पहचान का अनावरण किया। इस बदलाव के मूल में ग्रुप का नया उद्देश्य क्राफ्टिंग टुमारो सिंस 1897 है।

यह विजन ग्रुप की ऐतिहासिक विरासत और नवाचार व उत्तरदायित्व के संगम से स्थायी मूल्य बनाने की उसकी महत्वाकांक्षा को दर्शाता है। यह उद्देश्य ग्रुप के संस्थापक अर्देशिर गोदरेज के जीवन दर्शन से प्रेरित है, जिन्होंने सदैव आधुनिकता और मूल्यों के बीच अटूट संतुलन बनाए रखा। गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के मनोनीत अध्यक्ष पिरोजशा गोदरेज ने कहा कि 1897 से निरंतर निर्माण, हर आने वाले कल का हमारे उस विश्वास को दर्शाता है कि मूल्य और परिणाम सदैव साथ चलने चाहिए। ग्रुप ने विकास का एक सशक्त ट्रैक रिकॉर्ड पेश किया है, जिसमें पिछले पाँच वर्षों के दौरान बिक्री और शुद्ध मुनाफा दोनों में 20 प्रतिशत से अधिक की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की गई है। ग्रुप का इरादा अपनी तीन सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनियों कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, प्रॉपर्टीज और एग्रोवेट की संख्या बढ़ाकर पांच करने का है।

### सात फेरे लेकर एक नया प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया

## न्यायाधीश प्रियंका वर्मा ने बिना दहेज और दिखावे के प्रशांत संग लिए सात फेरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



उत्तराखंड के प्रसिद्ध त्रियुगीनारायण मंदिर में संपन्न हुआ एक सादगीपूर्ण और दहेज मुक्त विवाह इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। इस अनूठे आयोजन ने न केवल पारंपरिक मूल्यों को पुनर्जीवित किया, बल्कि समाज को एक सुदृढ़ और सकारात्मक संदेश भी दिया।

हरियाणा न्यायिक सेवा फरीदाबाद में कार्यरत न्यायाधीश प्रियंका वर्मा ने प्रशांत के साथ बिना दहेज और बिना किसी दिखावे के सात फेरे लेकर एक नया प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। यद्यपि विवाह पूरी तरह से वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार अत्यंत सादगी और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। सीमित संख्या में परिजनों और निकट संबंधी लोगों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी विशेष बना दिया। प्रियंका वर्मा के पिता (राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित) राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी, डॉ. अशोक कुमार वर्मा हरियाणा पुलिस में उप निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता सुषमा वर्मा विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में कुरुक्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही हैं। यह परिवार लंबे समय से सादगीपूर्ण जीवनशैली और उच्च सामाजिक मूल्यों का पालन करता आ रहा है। डॉ. वर्मा वर्षों से दहेज प्रथा के कट्टर विरोधी रहे हैं। उनका मानना है कि दहेज जैसी कुरीतियां समाज की प्रगति में बाधक हैं। उन्होंने अपनी संतानों को हमेशा सादगी, ईमानदारी और आत्मनिर्भरता का पाठ पढ़ाया है, विशेषकर बेटियों को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया। वे सदैव सामजिक कुरीतियों का खंडन करते आ रहे हैं। बेटियों को दहेज नहीं अपितु शिक्षा और संस्कार देने की विचारधारा लेकर वे वर्षों से कार्य कर रहे हैं।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर डीएवी में हरित पहल

## रेडक्रॉस सचिव के आह्वान पर पौधारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

डीएवी शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद की यूथ रेडक्रॉस यूनिट तथा पर्यावरण विभाग द्वारा जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के सहयोग से विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक प्रभावशाली एवं प्रेरणादायी वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा हरित भविष्य के निर्माण के लिए ठोस संकल्प लेना था। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के सचिव बिजेंद्र सोरोत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने सारगर्भित एवं प्रेरक उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है।

### 18 बीघे में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

## अवैध निर्माण के खिलाफ चला जीडीए का अभियान, कई अवैध निर्माण ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद



गुरुवार को जीडीए का अवैध निर्माण के खिलाफ मेरठ रोड पर अभियान चला। जिसमें कई अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए गए। प्रभारी प्रवर्तन जोन-01 के नेतृत्व में सनी शर्मा व अन्य द्वारा खसरा संख्या-250 ग्राम ढरगल नियर खेतान स्कूल गाजियाबाद पर लगभग 5000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में की गई अवैध प्लाटिंग, बिजली के खम्बे, भूखण्ड की बाउण्ड्रीवाल, सड़क आदि, रवि अग्रवाल द्वारा ग्राम मोरटा रेपिड रेल पिलर नं0-660-661 के सामने खसरा संख्या-1133 ग्राम मोरटा, गाजियाबाद पर लगभग 500 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में किये गये अवैध निर्माण पर ध्वस्तीकरण एवं सुकरमा देवी द्वारा खसरा सं0-467मि0 ग्राम नूरनगर, गाजियाबाद पर लगभग 145 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में अवैध रूप से संचालित धर्म कांटे के विरूद्ध सीलिंग की कार्यवाही भी की गयी है। इसके अतिरिक्त प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में लगभग 18 बीघे में विकसित हो रही अवैध कॉलोनी पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा बनायी गई सडक, बाउन्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस, आदि को ध्वस्त करते हुये सीलिंग की कार्यवाही सम्पादित की गयी। ध्वस्तीकरण/सीलिंग की कार्यवाही के दौरान कोलोनाईजर / निर्माणकर्ता द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए उपरोक्त अनाधिकृत रूप से किये गये अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण/ सीलिंग की कार्यवाही के समय स्थल पर सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता, प्रवर्तन जोन-01 व प्रवर्तन जोन-02 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ता उपस्थित रहा।

### गाजियाबाद के दो पीएलवीएस को मिला 'बेस्ट पीएलवी अवार्ड

## पैरालीगल वॉलंटियर्स समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में निभाते हैं अहम भूमिका: जज संजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुलंदशहर द्वारा आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम में गाजियाबाद जनपद के पैरालीगल वॉलंटियर्स दुर्गेश शर्मा एवं तुषार शर्मा को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए 'बेस्ट पीएलवी अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिला जज बुलंदशहर संजय सिंह प्रथम एवं विकास चौधरी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बुलंदशहर ने प्रदान किया । कार्यक्रम में नेहा बनौधिया, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद की उपस्थिति रही। इस अवसर पर श्रीमती नेहा बनौधिया ने दोनों पीएलवीएस के कार्यों की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें आगे भी इसी प्रकार निष्ठा एवं समर्पण के साथ समाज सेवा करने के लिए प्रेरित किया। जिला जज ने भी सभी पीएलवीएस को संबोधित करते हुए कहा कि पैरालीगल वॉलंटियर्स न्याय व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विधिक एवं सामाजिक विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गई।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा अनुभवी और सक्षम निविदाकारों से **"दो लिफाफिये प्रणाली"** में निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम :** लखनऊ डिवीजन के कोचिंग डिपो/अयोध्या कैंट और कोचिंग डिपो/प्रयागराज संगम में सीएनसी अंडर फ्लोर व्हील लेथ, अंबाला डिवीजन के आरओएच डिपो/अंबाला और आरओएच डिपो/खानआलामपुरा में सीएनसी पोर्टल व्हील लेथ, तथा मैकेनिकल वर्कशॉप/अमृतसर और वैगन केयर सेंटर/तुगलकाबाद में सीएनसी सरफेस व्हील लेथ की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग |
| 2 | **कार्य स्थल :** उत्तर रेलवे |
| 3 | **कार्य अवधि :** 12 माह |
| 4 | **अनुमानित लागत राशि :** रुपये 60,58,03,408.02/- (जी.एस.टी.@18% के प्रावधान सहित) |
| 5 | **बयाना राशि (ऑनलाइन जमा करने हेतु) :** रुपये 1,21,16,100/- |
| 6 | **ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य :** नहीं |
| 7 | **ई-निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का स्थान :** वेबसाइट www.ireps.gov.in |
| 8 | **ई-निविदा पत्र प्राप्त करने की तिथि :** दिनांक 17.04.2026 से 08.05.2026 तक |
| 9 | **ई-निविदा प्रपत्र बंद होने का समय (वेबसाइट पर) :** दिनांक 08.05.2026, 15:00 बजे |
| 10 | **ई-निविदा प्रपत्र खुलने का समय (वेबसाइट पर) :** दिनांक 08.05.2026, 15:00 बजे यदि निविदा खोले जाने की तिथि में अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को निर्धारित समय पर ही खोली जाएगी। |
| 11 | **ई-निविदा प्रपत्र खोलने का स्थान :** प्रधान कार्यालय, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली |

सं.: 582-M/155/NR-2026-WT-CNC Wheel Lathes दिनांक: 20.04.2026 1348/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**

CIN: L74210DL1987PLC029979

पंजी. कार्यालय : 1400, हेमकुंट टावर 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019

Ph.: 011-42504954/4878, Fax: 28293822

Email id: sbecsystems@rediffmail.com website: www.sbecsystems.in

**फिजिकल शेयरों के हस्तांतरण आग्रह के पुनः प्रस्तुतीकरण हेतु स्पेशल विंडो का खुलना**

कम्पनी के शेयरधारकों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी सरकुलर नं. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी 2026 के अनुसरण में, फिजिकल शेयर जो 01 अप्रैल 2019 से पूर्व बेचे अथवा खरीदे गये थे, के हस्तांतरण और डिमैटीरियलाइजेशन ('डिमैट') हेतु एक स्पेशल विंडो 05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027 तक एक वर्ष की अवधि के लिए आगे खोली गई है।

यह सुविधा हस्तांतरण आग्रहों के लिए भी उपलब्ध होगी जो पूर्व में जमा करवाए गए थे परन्तु दस्तावेजीकरण में कमी(यां), प्रक्रियात्मक मुद्दों अथवा किसी अन्य कारण की वजह से निरस्त कर दिये गये थे, लौटा दिये गये थे, अथवा प्रोसेस नहीं किए गए थे।

शेयरधारक आगे ध्यान दें कि इस स्पेशल विंडो के तहत हस्तांरित किए गए शेयर केवल डिमैटीरियलाइज्ड रूप में हस्तांतरिती को अनिवार्य रूप से क्रेडिट किए जाएंगे और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की लॉक–इन अवधि के अधीन होंगे। उक्त लॉक–इन अवधि के दौरान, ऐसी प्रतिभूतियों को हस्तांतरित/गृहणाधिकार–चिन्हित, अथवा गिरवीकृत नहीं किया जाएगा।

शेयरधारकों से आग्रह किया जाता है कि ऐसे मामले शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) के पास सभी सम्बन्धित दस्तावेजों सहित 04 फरवरी 2027 को या इससे पूर्व, मै. बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि., बीटल हाउस, तृतीय तल, 99 मदनगीर, लोकल शॉपिंग सेंटर के पीछे, निकट दादा हरसुखदास मंदिर, नई दिल्ली–110062 में beetalrta@gmail.com पर पुनः दायर करें।

कृते एसबीईसी सिस्टम्स इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
हिमानी मित्तल
(कम्पनी सचिव)
एम.एन. एसीएस 37715

दिनांक : 23.04.2026
स्थान : नई दिल्ली


### सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के बाद 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

## आंगनवाड़ी वर्कर एवं हेल्पर यूनियन के पदाधिकारियों ने निगम मुख्यालय पर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्पर यूनियन के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग पंचकुला के नाम एडीसी अंजलि श्रोत्रिया को सौंपा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले की कार्यकर्ता सेक्टर 12 में एकत्रित हुए। यहां पर विरोध सभा आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान मालवती ने की। जबकि संचालन जिला सचिव देवेंद्री शर्मा ने किया।

इस अवसर पर सीटू के जिला प्रधान निरंतर पराशर और जिला सचिव वीरेंद्र सिंह डंगवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में उन्होंने राज्य सरकार पर आंगनवाड़ी वर्कर और हेल्परों की समस्याओं का समाधान नहीं करने का आरोप लगाया। यूनियन की मुख्य मांग है। कि गुजरात की तरह हरियाणा की आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर को ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों का किराया वर्कर्स के खाते में डाला जाए। क्योंकि अब तक का किराया वर्कर्स मकान मालिक को दे चुकी है। फोन का रिचार्ज साल भर का 3600 डाला जाए। हेल्पर की प्रमोशन के बाद जितने भी खाली पद रहते हैं। तुरंत प्रभाव से भरे जाएं।

आंगनवाड़ी वर्कर एडिशनल काम करती हैं। उसका पैसा 250 से बढ़ाकर 6000 किया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों में राशन पूरा और गुणवत्ता पूर्ण दिया जाए। एक्सपायरी डेट का राशन नहीं लिया जाए। केंद्र सरकार वाला मानदेय 10 महीने से नहीं डाला गया है। उस मानदेय को तुरंत प्रभाव से डाला जाए। 2 साल से ईंधन, दलाई पिसाई का पैसा नहीं डाला गया है। उसे भी तुरंत प्रभाव से डाला जाए। आज के प्रदर्शन में अनीता, चेची, यासमीन, पुष्पा, अंजू, राधा, रश्मि, मिथिलेश, संगीता, ज्योति उप्पल, सिंधु सविता, सुमित्रा, वीना सोनी, दीपा नीलू के अलावा अन्य कर्मी भी उपस्थित रही।

### मुख्यमंत्री ने अरुणा आसफ अली अस्पताल में किया औचक निरीक्षण

# दवाइयों की कमी और गंदगी पर सीएम रेखा गुप्ता ने अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अस्पताल में जिस दवा की जरूरत आज है, वह आज ही मिलनी चाहिए। जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान करना गंभीर लापरवाही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को अरुणा आसफ अली अस्पताल के औचक निरीक्षण के दौरान दवाइयों की कमी और गंदगी पर अधिकारियों को फटकार लगाते हुए यह निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मरीजों से बातचीत की। कई मरीजों ने अस्पताल में दवाओं की अनुपलब्धता और बाहर से दवा खरीदने की मजबूरी की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही स्टॉक रजिस्टर की जांच के निर्देश दिए और कहा कि दवाइयों और वैक्सीन की उपलब्धता में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाए।निरीक्षण के दौरान वैक्सीनेशन यूनिट में रोजाना बड़ी संख्या में मरीजों को रेबीज और अन्य इंजेक्शन दिए जाने की जानकारी मिली। मुख्यमंत्री ने दवाइयों और वैक्सीन की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को अरुणा आसफ अली अस्पताल का बिना किसी पूर्व सूचना के सभी स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, वार्ड, दवा वितरण केंद्र, स्वच्छता व्यवस्था, जल आपूर्ति, डिजिटल सेवाओं और अन्य संबंधित विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपचार के लिए मरीजों और उनके परिजनों से सीधे संवाद कर अस्पताल की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। मरीजों और उनके परिजनों की शिकायत पर तुरंत एक्शन लेते हुए मुख्यमंत्री ने अस्पताल के अधिकारियों को सभी सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।



### सुबह 8 बजे से लंबी कतार में खड़े मिले बुजुर्ग मरीज

बातचीत के दौरान कुछ बुजुर्ग मरीजों ने मुख्यमंत्री को बताया कि सुबह 8 बजे से लंबी कतार में खड़े हैं और अब तक उनकी बारी भी नहीं आई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस पर तुरंत संज्ञान लेते हुए अस्पताल प्रशासन को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन के प्रति गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह पूरी तरह अस्वीकार्य है कि बीमार और बुजुर्ग मरीजों को घंटों खड़ा रहना पड़े। अस्पताल में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था और सुचारू टोकन प्रणाली तुरंत लागू की जाए।

### टोकन व्यवस्था में खामियां पाए जाने पर लगाई फटकार

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों की उपलब्धता, ओपीडी में मरीजों की भीड़, ऑनलाइन अपॉइंटमेंट सिस्टम और टोकन व्यवस्था में खामियां पाए जाने को लेकर भी अस्पताल प्रशासन को कड़ी फटकार लगाई। मुख्यमंत्री ने पाया कि ऑनलाइन अपॉइंटमेंट सिस्टम होने के बावजूद मरीजों को लंबी कतारों से राहत नहीं मिल रही है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रणालियों को इस तरह एकीकृत किया जाए कि मरीजों का प्रतीक्षा समय न्यूनतम हो। ऑर्थोपेडिक विभाग में भारी भीड़ को देख मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से उनकी कार्यप्रणाली पर चर्चा की और गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करने को कहा।

### मरीजों ने अस्पताल में दवाओं की बताई अनुपलब्धता

संवाद के दौरान कई मरीजों ने अस्पताल में दवाओं की अनुपलब्धता और बाहर से दवा खरीदने की मजबूरी की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही स्टॉक रजिस्टर की जांच के निर्देश दिए और कहा कि दवाइयों और वैक्सीन की उपलब्धता में 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई जाए। जिस दवा की जरूरत आज है, वह आज ही मिलनी चाहिए। जनता को बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान करना गंभीर लापरवाही है। निरीक्षण के दौरान वैक्सीनेशन यूनिट में रोजाना बड़ी संख्या में मरीजों को रेबीज और अन्य इंजेक्शन दिए जाने की जानकारी मिली। मुख्यमंत्री ने दवाइयों और वैक्सीन की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### कड़े प्रशासनिक सुधारों के दिए निर्देश, नेम प्लेट पहनना अनिवार्य

मुख्यमंत्री ने अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए कड़े प्रशासनिक सुधारों के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में अनुशासन और जवाबदेही सर्वोपरि है। इसके लिए डॉक्टरों और स्टाफ की नियमितता सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य की गई है और पारदर्शिता के लिए हर कर्मचारी को ड्यूटी के दौरान नेम प्लेट पहनना अनिवार्य होगा। साथ ही उन्होंने अस्पताल में बढ़ते हेपेटाइटिस के मामलों पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की और इसके कारणों की जांच एवं रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाने के लिए डॉक्टरों से राय ली और उचित दिशा निर्देश दिए।

# भीषण गर्मी का अलर्ट दो दिन हीट वेव की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ आज पारा 43 डिग्री, संडे से राहत की बौछारें!

दिल्ली में कई दिनों से भीषण गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। भारतीय मौसम विभाग दिल्ली (आईएमडी) ने मौसम की बेरुखी को लेकर ताजा अपडेट देते हुए कहा है कि आने वाले दो तीन प्रचंड गर्मी पड़ेगी। आईएमडी ने 24-25 अप्रैल 2026 को हीटवेव की प्रबल संभावना व्यक्त करते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के अनुसार गुरुवार को दिल्ली का औसत अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 3.0 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जबकि न्यूनतम तापमान बढ़कर 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। आईएमडी के अनुसार दिल्ली में सबसे अधिकतम तापमान रिज एरिया में बढ़कर 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि दिनभर आसमान साफ रहने के चलते सूरज की गर्मी सीधी जमीन पर पड़ने से अधिकतम तापमान बढ़ा। हालांकि बीच में एक दो बार आसमान पर हल्के बादल भी दिखाई दिए लेकिन सूरज के तेवर ढीले नहीं पड़े। वहीं दूसरी तरफ निजी मौसम विज्ञान कंपनी स्काईमेट वेदर के मौसम विज्ञान एवं जलवायु परिवर्तन के अध्यक्ष एवीएम जीपी शर्मा के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली में हीट वेव के साथ ही अधिकतम तापमान सबसे गर्म 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच सकता है। कंपनी के अनुसार 24-25 अप्रैल को लू परेशान करेगी। जबकि इसके अगले दिन यानी वीकेंड रविवार से राहत की बौछारें दस्तक दे सकती है। कंपनी का अनुमान है कि 26 अप्रैल से प्री-मानसून की संभावना को देखते हुए बारिश से राहत मिल सकती है। कंपनी ने बताया कि पिछले 24 घंटों में उम्मीद के मुताबिक दिल्ली के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। तापमान में करीब 2 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। बेस स्टेशन सफदरजंग वेधशाला पर अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से लगभग 3 डिग्री सेल्सियस अधिक है और इस महीने का दूसरा सबसे अधिक तापमान है। इससे पहले 17 अप्रैल 2026 को 41 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। आने वाले दिनों में तापमान और वृद्धि की संभावना है, जिससे अगले दो दिनों में दिल्ली में इस सीजन की पहली भीषण गर्मी पड़ सकती है। कंपनी का कहना है कि इस समय एक तूफानी पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों से गुजर रहा है। लेकिन इसका असर दिल्ली के मौसम पर नहीं दिखेगा। इसके पीछे एक और सिस्टम आ रहा है, जो उत्तर भारत के मैदानी क्षेत्र, जिसमें दिल्ली भी शामिल है, में प्री-मानसून के रूप शुरू होगा। आने वाले दो दिनों में हवाएं काफी मामूली हो सकती हैं, जिससे तापमान 43 तक पहुंच सकता है। इसके 24 और 25 अप्रैल 2026 को लू यानी हीटवेव की स्थिति बन सकती है। इसके बाद अगला पश्चिमी विक्षोभ एक गतिशील समुद्री परिक्रमा के साथ आएगा, जिससे 26 अप्रैल रविवार को प्री-मानसून की शुरुआत होगी।

# डीयू में प्रदर्शित की गई यूजी चौथे वर्ष के विद्यार्थियों की रिसर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी 2020 के तहत 'अंडरग्रेजुएट रिसर्च एंड एंटरप्रेन्योरशिप एग्जिबिशन 2026' के तहत एक दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के मल्टीपर्पज हाल में किया गया। गुरुवार को प्रदर्शनी के समापन अवसर पर इंटर यूनिवर्सिटी एक्सीलेटर सेंटर के निदेशक प्रो. अविनाश चंद्र पांडेय मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की। यूजीईई दृ 2026 प्रदर्शनी में कुल 480 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें से 387 के रिसर्च पोस्टर प्रदर्शित किए गए। मौखिक भाषा में 48 और उद्यमिता 45 विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। समापन समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि प्रो. अविनाश चंद्र पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी 2020) के तहत जब 4-वर्षीय स्नातक डिग्री (एफ़वाईयूपी) पर काम किया जा रहा था तो इसे लागू करने में दिल्ली विश्वविद्यालय आगे आया और रोल मॉडल बना। आज उसका परिणाम इस प्रदर्शनी के रूप में सामने है। उन्होंने कहा कि आज देश और दुनिया के



■ एफ़वाईयूपी में रोल मॉडल बन कर आगे आया डीयू : प्रो . अविनाश पांडेय

सामने क्लाइमेट चेंज और नेट ज़ीरो जैसी चुनौतियाँ हैं, इनसे कैसे निपटा जाए, इस पर काम करने के लिए विद्यार्थी आगे आएं। इस अवसर पर कुलपति ने घोषणा की कि अगले वर्ष से एफ़वाईयूपी में आने वाले विद्यार्थियों के लिए डेजर्टेशन, उद्यमिता अकादमिक प्रोजेक्ट आदि के लिए क्रेडिट 6 बढ़ाकर 10 किए जाएंगे तथा इलेक्टिव का एक पेपर कम किया जाएगा। इससे विद्यार्थी अपने रिसर्च प्रोजेक्ट्स पर अच्छे से फोकस कर पाएंगे।कार्यक्रम के आरंभ में डीयू रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया।

## डीयू के किरोड़ीमल कॉलेज में आयोजित हुआ वार्षिक महोत्सव 'सिंफनी'

■ उत्कृष्ट अध्ययन-अध्यापन के साथ ही व्यक्तित्व विकास के लिए भी प्रतिबद्ध



नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज की फॉरेन स्टूडेंट समिति ने वार्षिक महोत्सव 'सिंफनी' का आयोजन बुधवार सायं काल किया। 'वसुधैव कुटुंबकम द वर्ल्ड इज वन फैमिली' थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर दिल्ली विश्वविद्यालय की कल्चरल काउंसिल के अध्यक्ष एवं जनसंपर्क अधिकारी अनूप लाठर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर दिनेश खट्टर ने की। इस अवसर मुख्यातिथि अनूप लाठर ने अपने वक्तव्य में अपने खुद के देश-विदेश के विभिन्न अनुभवों को विदेशी विद्यार्थियों से साझा करते हुए कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय और भारतवर्ष आप सभी के उत्कृष्ट अध्ययन-अध्यापन हेतु प्रतिबद्ध होने के साथ-साथ आपके सांस्कृतिक उन्नयन और व्यक्तित्व विकास हेतु भी प्रतिबद्ध है। कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर दिनेश खट्टर ने अपने स्वागत वक्तव्य में विभिन्न देशों से आए विद्यार्थियों का और मुख्यातिथि सहित सभी का स्वागत-सम्मान किया। उन्होंने कहा कि किरोड़ीमल कॉलेज विश्व बंधुत्व के भाव के साथ-साथ विदेशी विद्यार्थियों के अध्ययन-अध्यापन और सुविधाओं की दृष्टि से भी उत्कृष्ट संस्थान है और कॉलेज इन विद्यार्थियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

डीयू प्रवक्ता ने बताया कि किरोड़ीमल कॉलेज में लगभग 15 देशों के 80 विद्यार्थी अध्यनरत हैं। भिन्न-भिन्न प्रकार की सामाजिक सांस्कृतिक और भौगोलिक विविधताओं से आने वाले ये विद्यार्थी इस कार्यक्रम में एक स्थान पर एकजुट होकर वसुधैव कुटुंबकम के रंग में दिखाई दिए। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए फॉरेन स्टूडेंट कमेटी के कन्वीनर डॉ. वेदप्रकाश ने भिन्न-भिन्न रूपों में विदेशी विद्यार्थियों की सहभागिता की सराहना करते हुए उनकी विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

# यातायात नियमों का जिम्मेंदारी से पालन करें नागरिक : डॉ पंकज

■ 'आज जागरूक, सदैव जिम्मेदार' पहल का आयोजन

■ सड़क सुरक्षा में योगदान देने वालों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में नागरिक न केवल यातायात नियमों को समझें, बल्कि उनका जिम्मेदारी से पालन भी करें। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने गुरूवार को 'आज जागरूक, सदैव जिम्मेदार' पहल के आयोजन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा कोई एक दिन का अभियान नहीं है, बल्कि निरंतर चलने वाली सामूहिक जिम्मेदारी है। इस तरह के अभियानों के जरिए हम नागरिकों की सुरक्षा के लिए यह काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य दिल्ली के प्रत्येक नागरिक के लिए सुरक्षित सड़कें, दुर्घटनाएं में कमी और दिल्ली के हर नागरिक के लिए स्वच्छ हवा देना है। डॉ. पंकज ने कहा कि दिल्ली सरकार का परिवहन विभाग जागरूकता अभियानों और सख्त प्रवर्तन के माध्यम के जरिए सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने, दुर्घटनाओं में कमी लाने और शराब पीकर वाहन चलाने जैसी उल्लंघनों पर रोक लगाने के लिए अपने प्रयासों को लगातार तेज कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने सड़क सुरक्षा में योगदान देने वाले स्कूली बच्चों, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के कर्मियों, शिक्षकों और अन्य जागरूक नागरिकों को सम्मानित भी किया।

उन्होंने कहा कि इस प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करते हुए 'आज जागरूक, हमेशा जिम्मेदार- एक सुरक्षित और हरित भविष्य के लिए' थीम के अंतर्गत 'रोड सेफ्टी और सस्टेनेबल मोबिलिटी इनिशिएटिव 2026' का आयोजन किया। इस विशेष पहल में दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के साथ मॉडल टाउन के विधायक अशोक गोयल देवराहा समेत कई प्रमुख हितधारक भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन गरवारे हाई टेक फिल्म्स, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और लाइफस्टाइल वेदा इंटीग्रेटेड वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से किया गया।




## राजधानी दिल्ली में एआई के दो उत्कृष्टता केंद्र होंगे स्थापित : डॉ. पंकज

■ इनोवेशन और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मिलेगा बढ़ावा

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दो उत्कृष्टता केंद्र स्थापित होंगें और इनसे इनोवेशन और स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा मिलेगा। दिल्ली के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने गुरूवार को यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से निवेश कर राजधानी दिल्ली भविष्य की ओर निर्णायक कदम बढ़ा रही है। डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार का सूचना प्रौद्योगिकी विभाग राजधानी में आईटी क्षेत्र को विस्तार देने, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित नवाचार, अनुसंधान और स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में अपने प्रयासों को लगातार तेज कर रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य रोजगार के नए अवसर पैदा करना और एआई और आईटी क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करना है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए दिल्ली सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेटी) के इंडियाएआई मिशन के तहत दो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस स्थापित करने का फैसला लिया है।

## बिजली डिमांड पहुंची 6300 मेगावाट के पार, गर्मी के इस सीजन की सबसे अधिक खपत हुई दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इस गर्मी के सीजन में पहली बार बिजली की मांग 6300 मेगावाट के पार पहुंच गई है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली के अनुसार गुरूवार को दिल्ली में दोपहर 3. 45 बजे बिजली की अधिकतम मांग का आंकड़ा 6323 मेगावाट दर्ज हुआ। जबकि बुधवार को यह मांग 6020 मेगावाट थी, वहीं मंगलवार को यह आंकड़ा 5665 मेगावाट दर्ज हुआ था। आंकड़ों के अनुसार एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग में 300 मेगावाट से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। मौसम की भविष्यवाणी के अनुसार आने वाले दिनों में यह आंकड़ा तेजी से बढ़ सकता है। बिजली की मांग बढ़ने के साथ ही गत कई दिनों से राजधानी में बिजली कटौती भी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है बिजली कटौती भी बढ़ने लगी है। वहीं दूसरी तरफ निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस व टाटा पावर डीडीएल का दावा है कि बेशक मांग में इजाफा हो रहा है। लेकिन बिजली कटौती करने की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि पहले ही दीर्घकालिक योजनाओं के तहत अन्य राज्यों से बिजली को लेकर की गई व्यवस्था से पर्याप्त बिजली मौजूद है। इसलिए बिजली कटौती करने का कोई कारण नहीं है। दोनों कंपनियों का दावा है कि मांग 9 हजार मेगावाट के अनुमान के तहत कोई कमी नहीं है।

## आईपी यूनिवर्सिटी में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**नई दिल्ली।** विश्व पृथ्वी दिवस 2026 के अवसर पर, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ ने, यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एनवायरनमेंट मैनेजमेंट (यूएसईएम) और यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी (यूएसबीटी) की एनएसएस इकाइयों के साथ मिलकर इस अवसर को मनाने के लिए कई कार्यक्रम संयुक्त रूप से आयोजित किए। यूएसईएम के डीन और विश्वविद्यालय के एनएसएस/एनसीसी प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. वरुण जोशी के मार्गदर्शन में, यूएसईएम, यूएसबीटी के अधिकारियों और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय के औषधीय उद्यान में फलदार और औषधीय पौधों का पौधारोपण अभियान चलाया गया। "द ट्री मैन" के नाम से प्रसिद्ध पर्यावरणविद् और सामाजिक नवप्रवर्तक डॉ. दीपक रमेशगौर ने इस अवसर पर एक संक्षिप्त व्याख्यान दिया और पौधारोपण अभियान में भाग लिया, जिससे "पर्यावरण संकल्प यात्रा" के माध्यम से पर्यावरण जागरूकता फैलाने की भारत की नई प्रतिबद्धता को बल मिला, जिसकी शुरुआत गुरुग्राम से एक बढ़ते वैश्विक प्रेरणा केंद्र के रूप में हुई। इस पहल के तहत, एक जीवित पौधे द्वारा दर्शाए गए प्रतीकात्मक "ग्रीन बैटन" को आगे बढ़ाया गया, 20 से अधिक पौधों वाला एक औषधीय उद्यान स्थापित किया गया, और छात्रों व शिक्षकों को उनकी प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में पौधे उपहार में दिए गए, साथ ही यात्रा के अगले चरण के लिए एक नया ग्रीन बैटन प्राप्त किया गया।

## धूल प्रदूषण पर डीसी ने की बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन में धूल प्रदूषण की समस्या को लेकर उपायुक्त (डीसी) रघुवेंद्रा मीणा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जोन के तीन चिन्हित हॉटस्पॉट क्षेत्रों में धूल नियंत्रण के उपायों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने सड़क सफाई, नियमित पानी का छिड़काव, निर्माण स्थलों की निगरानी और मलबा प्रबंधन जैसे कदमों को सख्ती से लागू करने पर जोर दिया। संबंधित विभागों को तय समयसीमा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि समन्वित प्रयासों से धूल प्रदूषण को प्रभावी रूप से कम किया जाएगा और आम जनता को राहत मिलेगी।

### कुल लक्ष्य का 57 प्रतिशत से अधिक कार्य हो चुका है पूरा

# मानूसन से पहले सभी महत्वपूर्ण नालों की सफाई सुनिश्चित करना प्राथमिकता : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ मैनपावर और मशीनरी दोनों को मजबूत किया गया

मानसून से पहले सभी महत्वपूर्ण नालों की सफाई सुनिश्चित करना प्राथमिकता है और हर स्तर पर निगरानी की जा रही है। दिल्ली सरकार में केबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने मानसून संबंधी तैयारियों की समीक्षा करते हुए गुरूवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस बार ध्यान जमीनी स्तर पर कार्य के क्रियान्वयन और जवाबदेही पर है। उन्होंने कहा कि मैनपावर और मशीनरी दोनों को मजबूत किया गया है, ताकि भारी वर्षा के दौरान जलभराव न हो और आम जनजीवन प्रभावित न हो। उन्होंने इसे पूर्व तैयारी बताते हुए कहा कि यह प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि पहले से की गई योजना का हिस्सा है। विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि निकाली गई गाद का समुचित निस्तारण किया जाए, ताकि वह दोबारा नालों में न पहुंचे। नियमित निरीक्षण और त्वरित निगरानी के माध्यम से कार्य की गुणवत्ता और गति दोनों सुनिश्चित की जा रही हैं। मंत्री प्रवेश ने बताया कि राजधानी दिल्ली में आगामी मानसून को देखते हुए सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने अपनी तैयारियों को गति दे दी है। शहर के प्रमुख नालों की गाद सफाई (डी-सिल्टिंग) का कार्य तेज़ी से जारी है और विभाग अब तक कुल लक्ष्य का 57 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर चुका है। इसका उद्देश्य हर वर्ष होने वाली जलभराव और शहरी बाढ़ की समस्या को कम करना है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 76 प्रमुख नालों पर चल रहे कार्य में अब तक 57.68 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। कुल 28.57 लाख घन मीटर गाद हटाने के लक्ष्य के मुकाबले 16.48 लाख घन मीटर से अधिक गाद निकाली जा चुकी है।

### विभिन्न क्षेत्रों में चल रहा है एक साथ काम

विभाग के अनुसार, 21 प्राथमिकता वाले नालों में 76 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है, जिससे संकेत मिलता है कि ये क्षेत्र वर्षा से पहले तैयार हो जाएंगे। वहीं, नजफगढ़ नाला प्रणाली में लगभग 48 प्रतिशत कार्य पूरा किया जा चुका है। अन्य 55 नालों पर भी कार्य 63 प्रतिशत से अधिक तक पहुंच गया है। अधिकारियों का कहना है कि इस बार कार्य को अधिक सुव्यवस्थित ढंग से किया जा रहा है। विभिन्न क्षेत्रों में एक साथ काम चल रहा है, ताकि अंतिम समय में जल्दबाजी की स्थिति न बने। पिछले वर्षों में चिन्हित जलभराव वाले संवेदनशील स्थानों को प्राथमिकता दी जा रही है।

### आधुनिक मशीनों की खरीद की योजना पर कार्य जारी

गाद सफाई के साथ-साथ विभाग अपनी मशीनरी क्षमता को भी सुदृढ़ कर रहा है। लगभग 94 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक मशीनों की खरीद की योजना पर कार्य जारी है। इसमें 38 विशेष मशीनें शामिल हैं, जैसे ड्रैगलाइन, लंबी भुजा वाले हाइड्रोलिक खुदाई यंत्र, उभयचर खुदाई यंत्र और ड्रेजर, जो गहरे एवं चौड़े नालों की सफाई में सहायक होंगे। अब तक 12 मशीनें खरीदी जा चुकी हैं, जबकि अन्य मशीनों के लिए आदेश जारी किए जा चुके हैं और शेष के लिए निविदा प्रक्रिया चल रही है। विशेष रूप से उभयचर मशीनों के शामिल होने से जलभराव वाले कठिन क्षेत्रों में कार्य करने की क्षमता बढ़ेगी। वहीं, विभाग का लक्ष्य है कि वर्षा के चरम से पहले सभी कार्य पूर्ण कर लिए जाएं, ताकि राजधानी को हर वर्ष होने वाली जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

# दिल्ली विधानसभा ने की वार्षिक सर्वश्रेष्ठ विधायक पुरस्कार की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ कृष्णा नगर के विधायक डॉ. अनिल गोयल का हुआ चयन

विधायी उत्कृष्टता को सम्मानित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए दिल्ली विधानसभा ने गुरूवार को कृष्णा नगर के विधायक डॉ. अनिल गोयल को आठवीं विधानसभा के प्रतिष्ठित "वार्षिक सर्वश्रेष्ठ विधायक पुरस्कार" के लिए चयनित किए जाने की घोषणा की। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने यह जानकारी साझा की। इस अवसर पर उन्होंने सर्वश्रेष्ठ विधायकों को सम्मानित करने की स्वस्थ परंपरा को पुनर्जीवित करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। यह निर्णय गुरूवार को विधानसभा में आयोजित एक उच्चस्तरीय चयन समिति की बैठक में लिया गया, जो आठवीं विधानसभा के भीतर सुशासन के उच्च मानकों को बढ़ावा देने की दिशा में संसदीय परंपरा की सफल पुनर्स्थापना का प्रतीक है। डॉ. अनिल गोयल को यह सम्मान जल्द ही एक समारोह में औपचारिक रूप से प्रदान किया जाएगा। आठवीं विधानसभा के लिए यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि 18 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद यह प्रतिष्ठित सम्मान पुनः प्रारंभ किया गया है, जो संसदीय उत्कृष्टता को मान्यता देने की नई प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### दिल्ली विधानसभा में हुआ चयन प्रक्रिया का संचालन

इस चयन प्रक्रिया का संचालन गुरूवार को दिल्ली विधानसभा में अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। इस प्रतिष्ठित जूरी में राजेंद्र अग्रवाल (पूर्व सांसद, लोकसभा), पी.डी.टी. आचार्य (पूर्व महासचिव, लोकसभा), रितेश सिंह (प्रधान सचिव, विधि, न्याय एवं विधायी कार्य, दिल्ली सरकार), महेश के. शुक्ला (वरिष्ठ पत्रकार) तथा रणजीत सिंह (सचिव, विधानसभा) शामिल थे। डॉ. गोयल को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पुरस्कार, स्मृति चिन्ह और 51हजार रुपए की नकद राशि प्रदान की जाएगी।

बच्चो, तुमने तोते या किसी अन्य जंतु को मनुष्य की आवाज या विभिन्न तरह की ध्वनियों की नकल करते सुना होगा। ये पशु-पक्षी क्यों और कैसे आवाजों की नकल कर लेते हैं, इस बारे में जानो।



जानकारी

शिखर चंद जैन

# आवाजों की नकल करने में माहिर होते हैं कुछ पशु-पक्षी

बच्चो, कुछ पशु-पक्षियों में इंसान की बोली की नकल करने की क्षमता पाई जाती है। कई जंतु तो ऐसे भी होते हैं, जो मनुष्य की बोली के अलावा अन्य स्रोतों से आ रही आवाजों की भी हू-ब-हू नकल कर लेते हैं। तोता, मैना, लायरबर्ड जैसे पक्षी और डॉल्फिन जैसे जलीय जंतु में ये गुण विशेष रूप से पाए जाते हैं। मनुष्य की बोली या फिर किसी आवाज की नकल करने की क्षमता इन जंतुओं की शारीरिक संरचना, मस्तिष्क की संरचना और बुद्धिमत्ता पर निर्भर करती है। इसे विस्तार से जानो-

## विशिष्ट स्वर तंत्र

कुछ पक्षियों में सिरिंक्स नामक एक विशेष अंग स्वरयंत्र होता है, जो उनके श्वास नली में स्थित होता है। यह मनुष्यों के स्वरयंत्र लैरिंक्स से अलग होता है, यह इन पक्षियों में विभिन्न ध्वनियों को उत्पन्न करने में अत्यधिक लचीलापन प्रदान



करता है। तोता, मैना और लायरबर्ड जैसे पक्षियों में सिरिंक्स की मांसपेशियां जटिल ध्वनियों को दोहराने में सक्षम होती हैं। लायरबर्ड का सिरिंक्स तो इतना विकसित होता है कि यह चेनसॉ या कैमरे के शटर जैसी यांत्रिक ध्वनियों की भी नकल कर सकता है। पक्षियों के अलावा डॉल्फिन जैसे कुछ स्तनधारी जंतु नाक के छिद्रों और गले की



मांसपेशियों का उपयोग करके ध्वनियां उत्पन्न करते हैं। ये जीव मानव सीटी या क्लिक्स जैसी ध्वनियों की भी नकल कर सकते हैं। उनकी नकल शब्दों तक सीमित होती है। इन प्राणियों में ध्वनि उत्पन्न करने वाली मांसपेशियों पर उच्च स्तर का नियंत्रण होता है, जिससे वे विभिन्न आवृत्तियों और स्वरों को दोहरा सकते हैं।

## उत्कृष्ट श्रवण क्षमता

आवाज या ध्वनि की नकल करने वाले प्राणी उत्कृष्ट श्रवण क्षमता रखते हैं, जो उन्हें जटिल ध्वनियों को सुनने, विश्लेषण करने और दोहराने में मदद करती है। जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट न केवल शब्दों को दोहराता है, बल्कि उनके स्वर और लहजे को भी कॉपी करता है। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरणीय ध्वनियों को सुनकर उन्हें सटीक रूप से दोहराते हैं।

## मस्तिष्क की बुद्धिमत्ता और स्मृति

कुछ पक्षियों, जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट और रेवेन में बड़ा और जटिल मस्तिष्क होता है, विशेष रूप से उनका फोरब्रेन क्षेत्र, जो ध्वनियों को सीखने और



याद रखने में मददगार होता है। न्यूरोलॉजिकल अध्ययनों के अनुसार तोते में एक विशेष मस्तिष्क क्षेत्र होता है, जिसे 'सॉन्ग सिस्टम' कहा जाता है। यह क्षेत्र ध्वनियों को सीखने और उन ध्वनियों को दोहराने में मदद करता है। डॉल्फिन में भी बड़ा मस्तिष्क और जटिल न्यूरल नेटवर्क होता है, जो इसे ध्वनियों को समझने और दोहराने में सक्षम बनाता है।

## सामाजिक संपर्क और प्रशिक्षण

कई बार पालतू पक्षी जैसे तोता-मैना आदि मानव संपर्क में रहने के कारण नकल करते हैं। वे बार-बार सुने गए शब्दों या वाक्यांशों को सीख लेते हैं, उन्हें दोहराते हैं। लायरबर्ड जैसे जंगली पक्षी सामान्य तौर पर प्राकृतिक ध्वनियों (जैसे- पशु-पक्षियों की आवाजें या अन्य ध्वनियां, जो उन्हें सुनाई देती हैं) की ही नकल लेते हैं। लेकिन इंसानों के संपर्क में आने पर, इंसानों की आवाज सुनकर लायरबर्ड्स इंसानी बोली की भी नकल कर सकते हैं। *

## क्यों करते हैं नकल



**बच्चो, तुम** सोच सकते हो कि ये जंतु आवाजों की नकल क्यों करते हैं? नकल करने का जो कारण है, वह इन प्राणियों के प्राकृतिक व्यवहार, सामाजिक संरचना और अस्तित्व की रणनीतियों से जुड़ा होता है।

**सामाजिक संवाद:** ज्यादातर पक्षी और डॉल्फिन सामाजिक प्राणी हैं। नकल उनकी सामाजिक संरचना का हिस्सा है, जिसके माध्यम से वे अपने समूह के अन्य सदस्यों के साथ संवाद करते हैं। जैसे तोता और मैना अपने झुंड में पहचान स्थापित करने के लिए विशिष्ट ध्वनियों की नकल करते हैं। पालतू होने पर वे मानव को अपने 'झुंड' का हिस्सा मानकर और कभी-कभी उनसे मैत्री भाव दर्शाने के लिए भी उनकी बोली की नकल करते हैं। डॉल्फिन अपने समूह (पॉड) में संवाद के लिए सीटियां और क्लिक्स का उपयोग करती हैं। मानव ध्वनियों की नकल उनके सामाजिक बुद्धिमत्ता का हिस्सा हो सकती है।

**पर्यावरणीय अनुकूलन:** जंगली पक्षी, जैसे कौए और रेवेन पर्यावरणीय ध्वनियों की नकल करके अपने आस-पास के खतरों या अवसरों को समझते हैं। उदाहरण के लिए वे शिकारियों की आवाज की नकल करके अन्य जानवरों को चेतावनी देते हैं। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरण की ध्वनियों (जैसे पानी की आवाज या अन्य पक्षियों की कॉल) की नकल करके अपने क्षेत्र में छिपने या संवाद करने में मदद लेते हैं।

**बुद्धिमत्ता और जिज्ञासा:** अफ्रीकी ग्रे तोते और डॉल्फिन जैसे प्राणी अत्यधिक बुद्धिमान होते हैं। उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता उन्हें नई ध्वनियों को सीखने और दोहराने के लिए प्रेरित करती हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि अफ्रीकी ग्रे तोता 'एलेक्स' न केवल शब्दों को दोहराता था बल्कि उनके अर्थ को समझकर संदर्भ में जवाब देता था, जैसे रंग या आकार के आधार पर वस्तुओं की पहचान करना।

**मानव संपर्क का प्रभाव:** पालतू पक्षी जैसे तोता, मैना और बजरिगर, मानव बोली की नकल इसलिए करते हैं, क्योंकि वे अपने मालिकों के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। यह उनके सामाजिक लगाव का हिस्सा है। मानव द्वारा प्रशिक्षण और पुरस्कार जैसे भोजन या ध्यान आकर्षण भी उन्हें नकल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

पुलकित ने एक दिन अपनी मां को बताया कि वह बड़ा होकर वैज्ञानिक बनेगा। उसका यह सपना पूरा हो, इसके लिए मां ने उसे जो सूत्र दिया, बच्चो तुम भी जानो, अपने सपने पूरे करो।

# पुलकित का सपना



एआई इमेज



प्रेरक कहानी

नीलम राकेश

बारह साल का पुलकित उस दिन मां के पास आकर बोला, 'मम्मी जी, मैंने फैसला कर लिया है कि मैं बड़ा होकर क्या बनूंगा?'

'अरे वाह! यह तो बहुत अच्छी बात है। क्या सोचा है तुमने?' मां ने उत्सुक होकर पुलकित से पूछा।

'मैं बहुत बड़ा वैज्ञानिक बनूंगा।' पुलकित ने बताया।

'अच्छा तो तुम वैज्ञानिक क्यों बनना चाहते हो?' मां ने जानना चाहा।

'मैं बहुत दिनों से सुन रहा हूं, बड़े लोग बात करते हैं, खेती के लिए जमीन की कमी हो रही है। इस तरह तो अनाज की कमी हो जाएगी। इंसान क्या खाएगा? इसीलिए मैंने सोचा है, मैं वैज्ञानिक बनकर इस समस्या का कोई हल खोजूंगा।' पुलकित थोड़ा गंभीर होकर बोला।

'यह तो बहुत अच्छी बात है। तो तुम खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। तभी वैज्ञानिक बनकर तुम अपने सपने को पूरा कर सकोगे।' मां पुलकित के सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोलीं।

पुलकित कुछ आश्चर्य से बोला, ' लेकिन मम्मी आप मेरी बात पर हंसी नहीं? जब मैंने अपने दोस्तों को यह बात बताई तो सबने मेरा खूब मजाक उड़ाया। स्कूल में बहुत से बच्चे मुझे देखते ही कहने लगते हैं-आ गए वैज्ञानिक महाशय।'

'यह तो सफलता का पहला लक्षण है। तुम जरूर एक दिन बहुत बड़े वैज्ञानिक बनोगे।' मां ने बेटे का हौसला बढ़ाया।

'वो कैसे..?' पुलकित ने आश्चर्य से मम्मी से पूछा।

'जानते हो बेटा, हमारे जितने भी महान वैज्ञानिक हुए हैं, वे सब आम लोगों से हटकर सोचते थे। क्योंकि वे समय से आगे की सोचते थे। इसलिए लोगों को लगता कि वो जो कह रहे हैं, वह एक पागलपन है। लेकिन आगे जाकर उनका यही पागलपन यानी लक्ष्य पाने का जुनून किसी बड़े आविष्कार का कारण बना। आज लोग तुम पर हंस रहे हैं, क्योंकि वह तुम्हारी बात नहीं समझ पा रहे हैं। बेटा, लोगों का मजाक उड़ाना भूलकर तुम्हें बस अपने ऊपर विश्वास करके खूब मेहनत और गंभीरता से पढ़ाई करनी चाहिए। अपने लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध रहना है। देखना एक दिन तुम जरूर सफल होगे।'

मां की बात सुनकर नन्हे पुलकित के चेहरे पर विश्वास की आभा तैर उठी। उसने मन ही मन संकल्प लिया वह वैज्ञानिक बनकर कोई ऐसी खोज जरूर करेगा, जिससे देश में इतना ज्यादा अनाज पैदा हो कि लोगों के लिए इसकी कमी ना हो। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्रेरित करती कहानियां

बच्चो, वरिष्ठ लेखक गोविंद शर्मा कई दशकों से रोचक, प्रेरक बाल कहानियां लिख रहे हैं। उनकी 36 प्यारी-प्यारी कहानियों की किताब 'मेरी पसंद की बाल कहानियां', शकुंतला कालरा के संपादन में छपकर हाल में ही आई है। ये कहानियां मनोरंजक तो हैं ही, साथ ही हर कहानी में तुमको कोई न कोई प्रेरणा या शिक्षा भी जरूर मिलेगी। 'सोने का अंडा' कहानी कहती है कि लालच हमेशा बुरा परिणाम ही देता है। 'जल की रानी' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह एक नन्ही बच्ची, खरगोश को स्विमिंग पूल में डूबने से बचा लेती है। कुछ इसी तरह की कहानी है 'छत पर पूल', जिसमें बच्चे चिड़िया को बचाने के लिए छत पर तालाब जैसा बना देते हैं। 'काचू की टोपी' कहानी हंसते-हंसाते बताती है कि हमें सच्चाई का रास्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इसी तरह 'जल कंजूस', 'चुटकी भर मिट्टी' और 'पानी में पैसा' जैसी कहानियां पर्यावरण के प्रति सजग बनाती हैं। बच्चो, सभी कहानियां तुम्हें जरूर अच्छी लगेंगी। *




**किताब :** मेरी पसंद की बाल कहानियां–गोविंद शर्मा, **संपादन :** डॉ. शकुंतला कालरा, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले

**टीचर:** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**रमन:** लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?

-श्रेया, रायपुर

**गप्पू:** मेरी बिल्ली अपना नाम खुद बोल सकती है।
**पप्पू:** अच्छा! क्या नाम है तुम्हारी बिल्ली का?
**गप्पू:** म्याऊं।

-अक्षत, बिलासपुर



**टीचर:** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहित:** सर, यही कि वे अब इस दुनिया में नहीं हैं।

-सारांश, रोहतक

## जीके क्विज-202

1. आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन कहां किया जाएगा?
2. मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का खिताब किसने जीता है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. बोहाग बिहू किस राज्य का प्रसिद्ध उत्सव है?
5. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
6. किस शासक ने ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण कराया था?
7. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
8. दालों में सेहत के लिए लाभदायक कौन-सा तत्व प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष कौन होता है?
10. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?



बच्चो, जीके क्विज-202 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-201 का उत्तर :** 1. दिव्या सिंह, 2. सम्राट चौधरी, 3. ताइक्वांडो, 4. भुवनेश्वर कुमार, 5. 1 मई, 6. कृष्णदेव राय, 7. बैकाल, 8. 12 सदस्य, 9. सिस्मोग्राफ, 10. कावेरी

**जीके क्विज-201 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, आनंद-सीतापुर, सौम्या-रायगढ़, स्वप्निल-जांजगीर, हेमंत-बिलासपुर, तरुण-रोहतक, कविता-महासमुंद

कहानी

इंदिरा त्रिवेदी

रिनी, वार्डरोब में अपने कपड़े बड़े ही बेतरतीब ढंग से रखती थी। उसकी इसी लापरवाही पर एक दिन उसके कपड़े, आपस में बात करके अपनी नाराजगी, गुस्सा प्रकट करने लगे। उन्हें इस बात की तकलीफ थी कि वे रिनी से कुछ बोल नहीं सकते। फिर भी क्या रिनी की आदत में कोई सुधार हुआ?

# काश! हम कुछ कह पाते



एआई इमेज

लो और कपड़े आ गए वार्डरोब के अंदर! वैसे ही वार्डरोब ठसाठस भरी हुई थी।' कहते हुए रिनी की वार्डरोब में रखी शॉर्ट कुर्ती ने मुंह बनाया। यह देख नया टॉप पहले थोड़ा सकुचाया फिर बोला, 'क्या हुआ बहन, क्या कहना चाह रही हो?'

'कुछ नहीं, तुम नए-नए हो इसलिए कुछ नहीं जानते। कुछ समय बाद तुम्हें अपने आप ही पता चल जाएगा।' शॉर्ट कुर्ती रुक-रुक कर बोली। 'क्या बात है बहन, कुछ तो बताओगी या ऐसे ही पहेलियां बुझाती रहोगी!' नए टॉप ने बात जाननी चाही।

'क्या बताऊं भाई, दरअसल रिनी बहुत लापरवाह लड़की है। कोई भी कपड़ा कहीं भी पटक देती है। कपड़े यहां-वहां पटक देना इसने अपनी आदत ही बना ली है। आज मैं जरूर वार्डरोब में धुली और प्रेस की हुई करीने से रखी हूं, लेकिन पिछले चार दिनों से दरवाजे के पीछे पड़ी धूल खा रही थी। रिनी को जब मम्मी की जोरदार डांट पड़ी, तब उसने मुझे धुलने को दिया और प्रेस होने के बाद मैं आज चैन की सांस ले रही हूं। तुम अभी नए नए हो। धीरे-धीरे सब कुछ जान जाओगे।' शॉर्ट कुर्ती ने अपनी परेशानी बताई। यह सुनकर टॉप सोच में पड़ गया, लेकिन रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में जानने की उसकी जिज्ञासा बढ़ गई, बोला, 'अच्छा बहन, रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में थोड़ा और बताओ।'

शॉर्ट कुर्ती बोली, 'घर के सदस्यों के बारे में क्या बताऊं भाई। और लोग तो जितने व्यवस्थित हैं, उतनी ही रिनी लापरवाह है। उसकी एक दीदी है, बेचारी अकसर मशीन लगा-लगाकर कपड़े धोती रहती है। मम्मी भी धुले हुए कपड़ों को तह करके जब देखो तब रखती रहती हैं, लेकिन अपने कपड़ों को तो रिनी को खुद ही संभालना चाहिए न। क्यों सही कहा न मैंने?' 'हां, हां बिल्कुल, अपना काम तो स्वयं ही करना चाहिए। और वैसे भी इतनी छोटी थोड़ी है वो जो अपना काम न कर सके।' टॉप बोला।

'वही तो मैं भी कह रही हूं, नाइंथ क्लास में वह आ गई है, कुछ तो अक्ल आ जानी चाहिए न!' कुर्ती भुनभुनाई। 'हूं..!' टॉप ने हां में हां मिलाई। उसके साथ ही वार्डरोब में रखे अन्य कपड़ों ने भी सिर हिलाकर अपनी-अपनी सहमति दी। शॉर्ट कुर्ती ने देखा कि सभी कपड़े उसकी बात को ध्यान से सुन रहे हैं। यह देखकर वह और जोश में आ गई। सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए बोली, 'एक बार की बात बताऊं?'


'हां-हां बताओ-बताओ..।' सभी कपड़े एक स्वर में बोले। कुर्ती ने जोश में बताना शुरू किया, 'करीब दो महीने पहले की बात है, रिनी अपने चाचाजी के घर गई थी। चाचाजी की एक बेटी रिनी की हमउम्र है। उस दिन रिनी ने मुझे ही पहना हुआ था। मैंने देखा रिनी के चाचाजी का घर बहुत बड़ा, साफ-सुथरा था। घर की हर चीज करीने से सजी हुई थी। रिनी के चाचाजी की बेटी का नाम सोना है। उसका एक अलग कमरा था। कमरे में उसकी दो अलमारियां थीं। एक किताबों की और दूसरी कपड़ों की। जब रिनी सोना के कमरे में गई तो उसने अपना कमरा दिखाया, साथ में अपनी अलमारियां भी रिनी को दिखाईं। दोनों अलमारियां बहुत अच्छी साफ-सुथरी और व्यवस्थित थीं। कपड़ों की अलमारी में घर के कपड़ों का अलग रैक था। स्कूल के कपड़े, टाई, बेल्ट, मोजे, बैज हर चीज अपनी जगह पर रखी हुई थी। शू-रैक में शूज और चप्पलें करीने से जमे हुए थे। यह सब देखकर मेरी तो आंखें फटी की फटी रह गईं, लेकिन रिनी पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। हैरानी की बात तो यह है कि सोना स्वयं अपनी दोनों अलमारी को जमाती है, उसे साफ-सुथरा रखती है।' कुर्ती ने यह भी बताया, 'वैसे यहां मम्मी और दीदी भी अपनी चीजों को अच्छी तरह रखते हैं, लेकिन रिनी ही लापरवाह है। ऐसे में हम कपड़ों की उम्र भी कम हो जाती है।'

तभी एक लाल रंग की फ्रॉक चहकते हुए बोली, 'छोटा मुंह और बड़ी बात, एक बात कहना चाहूंगी कि कपड़े इंसान की शोभा बढ़ाते हैं, यह बात सच है कि नहीं।' अन्य कपड़ों ने भी उसकी बात से सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल सही कहा लाल फ्रॉक तुमने।' नए टॉप ने भी कपड़ों का महत्व माना, वह बोला, 'अगर व्यक्ति साफ-सुथरे और प्रेस किए कपड़े पहनता है तो उसका व्यक्तित्व कुछ खास नजर आता है। और तो और, अच्छे और साफ-सुथरे कपड़े पहनने से मनुष्य का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।' 'लेकिन इन्हें कैसे समझाएं? काश! हम कुछ कह पाते।' सभी कपड़े एक साथ बोल पड़े। यह चर्चा चल ही रही थी कि कमरे का दरवाजा खुला और रिनी के साथ मम्मी और दीदी भी आ गए। रिनी ने अपनी वार्डरोब जैसे ही खोली, धड़धड़ाते हुए कपड़े जमीन पर गिर पड़े। उसने पलटकर देखा तो मम्मी और दीदी उसे गुस्से में देख रही थीं। रिनी बहुत शर्मिंदा हुई। उसने मन ही मन संकल्प कर लिया कि वह भी अपनी अलमारी को सोना की तरह जमाकर अच्छी तरह रखेगी।

उस दिन के बाद से रिनी सुधर गई और अपने कपड़े ही नहीं, अपनी हर चीज को जगह पर और संभालकर रखने लगी। रिनी की इस बदली आदत से सारे कपड़े खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। दीदी और मम्मी-पापा भी रिनी की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। *

कविता

राजेंद्र श्रीवास्तव



एआई इमेज

## मच्छर जब आते हैं

रोहन बोला दादा जी से
मच्छर जब आते हैं।
आसपास कानों के आकर
भन-भन-भन्नाते हैं।
जब भी आते खून चूसकर
चुपके से उड़ जाते।
डेंग्यू और मलेरिया ज्वर
ये मच्छर फैलाते।
दादू बोले दोष न इनका
यह है भूल हमारी।
कचरा नमी गंदगी देखो
फैली कितनी सारी।
साफ स्वच्छ जब आसपास का
वातावरण बनेगा।
दूर-दूर तक कोई मच्छर
तो फिर नहीं दिखेगा।

## रंग भरो-200

**रंग भरो-200** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आन्या, दुर्ग



अमोल, बेमेतरा



तोयशराज, रायपुर



आशना, जांजगीर



माही, महासमुंद



आर्यन, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रियांशी-बहादुरगढ़, विशिका-बिलासपुर, झरना-धमतरी, डॉली-मटियारी, किंजल-जबलपुर, सुमित-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, दिव्या-जांजगीर, कविता-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-हिसार, अंकित-गुना, सुयश-करनाल, रिंकी-बालोद

## रंग भरो 201



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी ड्रॉइंग बना रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### राशन दुकानों से मिलेगा खाना पकाने का कोयला



**डेहरीऑनसन।** पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध आपके रसोईघर का तेल निकालने वाला है। रसोई गैस सिलेंडर की डगमगाई आपूर्ति व्यवस्था ने सरकार को कोयले पर कंधा टिकाने को मजबूर कर दिया है।अब खाना पकाने के लिए गैस सिलेंडर के बजाए कोयला खरीदना होगा। वह भी राशन कार्ड पर। प्रत्येक लाभुक परिवारों को प्रति माह एक क्विंटल कोयला उपलब्ध कराया जाएगा।

### आधुनिक तकनीक से स्टेट हैंगर का निर्माण



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने गुरुवार को रांची स्थित बिरसा मुंडा हवाई अड्डा परिसर में निर्माणाधीन स्टेट हैंगर तथा संबंधित आधारभूत ढांचे के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता नियंत्रण और समयबद्धता की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों और समयसीमा का कड़ाई से पालन करते हुए पूर्ण किए जाएं।

### गंगा में डूबने से 2 सगे भाई समेत 3 की मौत



**रायबरेली।** यहां सरेनी थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले चार युवक गंगा स्नान करते समय एक दूसरे को बचाने के चक्कर में चारो युवक गहरे पानी में डूब गए। घाट के किनारे मौजूद लोग और गोतखोरों की मदद से उन्हें बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया गया। नाजुक हालत में सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टर ने जांच के बाद दो सगे भाई समेत तीन युवकों को मृत घोषित कर दिया।

## यूपी बोर्ड के टॉप-3 में 5 लड़कियां

# यूपी बोर्ड 10वीं में 90.42% स्टूडेंट्स पास, सीतापुर की कशिश और बाराबंकी की अंशिका 10वीं टॉपर

यूपी बोर्ड के 52 लाख से ज्यादा छात्र-छात्राओं का इंतजार खत्म हो चुका है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। ठीक 4 बजे बोर्ड मुख्यालय प्रयागराज से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये रिजल्ट जारी किया गया। परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थी अपना रिजल्ट बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के साथ-साथ डिजिलॉकर पर भी देख सकते हैं...

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

यूपी बोर्ड के 10वीं का रिजल्ट जारी हो गया है। सीतापुर की कशिश वर्मा और बाराबंकी की अंशिका वर्मा ने टॉप किया है। दोनों को 97.83% अंक मिले हैं। 97.50% अंकों के साथ बाराबंकी की अदिति दूसरे स्थान पर रहीं। तीसरे स्थान पर 97.33% अंकों के साथ सीतापुर की अर्पिता, झांसी के ऋषभ साहू और बाराबंकी की परी वर्मा रहीं।

इस तरह टॉप-3 में कुल 6 बच्चों ने अपनी जगह बनाई। खास बात यह है कि इनमें 5 लड़कियां हैं। टॉप-10 की बात करें तो 115 बच्चों ने जगह बनाई है। इसमें सीतापुर के 13, बाराबंकी के 9, फतेहपुर के 7, कानपुर नगर, इटावा और गोंडा के 6-6 टॉपर्स हैं।

अव्वल जिलों की बात करें तो भदोही सबसे आगे रहा। यहां के 95.78% अभ्यर्थी पास हुए। 95.40% के साथ आगरा दूसरे नंबर पर, जबकि 95.36% के साथ प्रयागराज तीसरे स्थान पर रहा। ललितपुर सबसे फिसड्डी रहा। यहां सिर्फ 80.22% अभ्यर्थी पास हुए। दूसरे नंबर पर पीलीभीत रहा, जहां 81.22%, जबकि तीसरे नंबर पर लखीमपुर खीरी रहा, जहां 83.76% बच्चे पास हुए।

### 10वीं में ये छात्रा रहीं टॉपर




कशिश वर्मा
97.83%
सीतापुर




अंशिका वर्मा
97.83%
बाराबंकी




अदिति
97.5%
बाराबंकी




अर्पिता
97.33%
सीतापुर




रिषभ साहू
97.33%
झांसी




परी वर्मा
97.33%
बाराबंकी

## लड़कियां, लड़कों से 6.46% ज्यादा पास

इस बार 90.42% अभ्यर्थी पास हुए हैं। लड़कियां 93.76%, जबकि लड़के 87.30% पास हुए। इस हिसाब से लड़कियां, लड़कों से 6.46% अधिक पास हुई हैं। 2024 में 90.11% छात्र-छात्राएं पास हुए थे। इस साल 0.31% ज्यादा छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं।

### काशी में प्रिंसिपल रिजल्ट देखकर रो पड़े

काशी में पीएम श्री राजकीय क्वींस कॉलेज के छात्र सूर्यदीप ने 10वीं में जिला टॉप किया। रिजल्ट आते ही प्रिंसिपल सुमित कुमार श्रीवास्तव कुर्सी छोड़कर खड़े हो गए। उनकी आंखों से आंसू निकलने लगे। उन्होंने जिलाधिकारी और डीआईओएस भोलेंद्र प्रताप सिंह को रोते हुए कॉल किया और सूर्यदीप के टॉप करने की बात बताई।

### 98.53% कैदियों ने पास की परीक्षा


जेल से 68 कैदियों ने परीक्षा दी थी। इसमें से 67 में कैदी पास हुए हैं। कैदियों का पासिंग परसेंटेज 98.53 प्रतिशत है। पिछले 6 साल की बात करें तो पासिंग परसेंटेज में 18 प्रतिशत इजाफा हुआ है। 2020 में 83 प्रतिशत अभ्यर्थी पास हुए थे।

### बदायूं बना टॉप जिला, आगरा और अलीगढ़ भी आगे

यूपी बोर्ड 10वीं रिजल्ट 2026 में इस बार जिला स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। बदायूं ने 95.78 प्रतिशत पास प्रतिशत के साथ टॉप पर जगह बनाई है। इसके बाद आगरा 95.40 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि अलीगढ़ ने 95.36 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। प्रयागराज भी 95.36 प्रतिशत पास प्रतिशत के साथ टॉप प्रदर्शन करने वाले जिलों में शामिल रहा। इन आंकड़ों से साफ है कि इस बार कई जिलों ने एक समान रूप से बेहतर प्रदर्शन किया है, जिससे राज्य का कुल परिणाम मजबूत रहा है।

## 12वीं की टॉपर सूची में सीतापुर की शिखा वर्मा 97.60% अंक हासिल कर पहला स्थान पर रहीं

### 12वीं में ये छात्रा रहीं टॉपर




इसी तरह इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणाम भी गुरुवार को जारी कर दिए गए हैं। बोर्ड ने इंटर के मेधावी विद्यार्थियों की सूची भी जारी की है, जिसका सभी को बेसब्री से इंतजार था। इंटर में प्रथम स्थान पर 97.60 प्रतिशत अंकों के साथ सीतापुर की शिखा वर्मा रहीं। द्वितीय स्थान पर 97.20 प्रतिशत अंकों के साथ बरेली की नंदनी गुप्ता और बाराबंकी की श्रेया वर्मा रहीं। तृतीय स्थान पर भी संयुक्त रूप से दो छात्राएं रहीं।

जिन्होंने 97 प्रतिशत अंक हासिल किए, इनमें बरेली की सुरभि यादव और दूसरी बाराबंकी की पूजा पाल शामिल हैं। इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 12 मार्च को संपन्न हो गई थीं। हाईस्कूल की परीक्षा में करीब 26 लाख और इंटरमीडिएट में लगभग 24.50 लाख परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। बोर्ड ने मूल्यांकन कार्य 18 मार्च से 4 अप्रैल तक पूरा किया। इसमें ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से नियुक्त 83,800 परीक्षकों समेत करीब 1.53 लाख कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई थी।

इस बार मूल्यांकन प्रक्रिया में तकनीकी सुधार भी किए गए। पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रयागराज, मेरठ, बरेली, वाराणसी और गोरखपुर सहित छह जिलों में पारंपरिक व्यवस्था के साथ-साथ परिषद के पोर्टल पर ऑनलाइन अंक अपलोड करने की व्यवस्था लागू की गई।

### सीएम योगी ने सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दी बधाई



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस संबंध में पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा, "उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह सफलता आपके अथक परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है।आप सभी विद्यार्थी भविष्य में भी इसी लगन, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा के साथ सफलता के नित नए आयाम स्थापित करें, मां सरस्वती से यही प्रार्थना है।

### मेधावियों को किया जाएगा सम्मानित

यूपी बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से विशेष सम्मान दिया जाता है। प्रदेश स्तर पर टॉप करने वाले विद्यार्थियों को एक लाख रुपये की नकद राशि, लैपटॉप और प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाता है। वहीं, जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्रों को 21,000 रुपये की पुरस्कार राशि के साथ सम्मान-पत्र दिया जाता है।

## पेज एक का शेष

### सैवेज के पत्र से यूं ...

के लिए अमेरिका आते हैं। जिसके बाद बच्चा पैदा होने के बाद सबसे पहले हमारे देश का नागरिक बन जाता है और फिर हमारा यह कानून नरक जैसी जगह पर रहने वाले उसके माता-पिता को नागरिकता प्रदान कर देता है। फिर यह लोग अपने परिवार के बाकी बचे हुए सभी लोगों को अमेरिका लाकर यहां का नागरिक बना देते हैं।

### अमेरिकी संविधान को ...

के पक्ष में तर्क देते हुए सैवेज ने पत्र में कहा कि हमारे देश का संविधान हवाई यात्रा की शुरुआत होने से पहले लिखा गया था। मुझे यहां ये बताने की जरूरत नहीं है कि टेलीविजन, इंटरनेट और रेडियो के आविष्कार से भी पहले। अब की स्थिति के संदर्भ में जब लोग अपनी गर्भावस्था के नौवें महीने में हवाई जहाज से यहां आ रहे हैं।

**ईरान ने अमेरिका को जमकर लताड़ाः** भारत के हैदराबाद स्थित ईरान के वाणिज्य दूतावास ने अमेरिका के राष्ट्रपति के नरक वाले बयान को लेकर अपनी एक एक्स पोस्ट में उन्हें जमकर खरी-खोटी सुनाई है। जिसमें लिखा, 'चीन और भारत दोनों देश सभ्यता के पालने हैं। हकीकत में वह (अमेरिका) नरक जैसी जगह है। जिसके युद्ध अपराधी राष्ट्रपति ने ईरान की सभ्यता को नष्ट करने की धमकी दी है'।

## पेज 3 का शेष

### बंगाल के चुनावी...

स्थल का दौरा करने पहुंचे, जहां टीएमसी समर्थकों और उनके बीच हिंसक झड़प हो गई। मुर्शिदाबाद में उपद्रवियों की एक बड़ी भीड़ ने अचानक हुमायूं कबीर की कार को घेर लिया। हमलावरों के हाथों में लाठियां, डंडे और ईंटें थीं। मालदा के मोथाबाड़ी विधानसभा क्षेत्र में, बालुआचारा हाई स्कूल स्थित मतदान केंद्र के बाहर ईवीएम में खराबी आने के बाद तनाव फैल गया। कई मतदाता सेक्टर अधिकारी की बांह पकड़कर उन्हें खींचते हुए और उनके साथ हाथापाई करते हुए दिखाई दिए।

### बंगाल में रिकॉर्ड ...

खबरें सुर्खियों में रहीं, वहीं दूसरी तरफ मतदाताओं की बढ़चढ़ की भागीदारी ने एक अलग ही कहानी लिख दी। शाम 5 बजे तक राज्य में 92.64% फीसदी मतदान दर्ज किया गया, जो अपने आप में रिकॉर्ड के करीब पहुंचता आंकड़ा है।

### सुजुकी के सीईओ ...

सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, महानिदेशक इंडस्ट्रीज यश गर्ग, मुख्यमंत्री के मीडिया एडवाइजर राजीव जेठली सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि हरियाणा पहले भी सुजुकी मोटर को सहयोग करता रहा है। उन्हें पूरी उम्मीद है कि भविष्य में सुजुकी मोटर हरियाणा में ही निवेश करेगी। उन्होंने कहा कि सुजुकी मोटर इकलौती ऐसी कंपनी है जिसे हरियाणा राज्य ने एसजीएसटी इनसेंटिव दिया है। इस पर सीईओ तोशीहिरो सुजुकी ने कहा कि वह भारत में हाईब्रिड और सीएनजी गाड़ियों पर फोकस करेंगे। भविष्य में यदि उन्हें ईवी के लिए गाड़ियां बनानी पड़ी और नया प्लांट बनाया तो निश्चित रूप से निवेश के लिए उनकी पहल हरियाणा होगा। उन्होंने कहा कि सुजुकी के साथ हरियाणा सरकार का कम्यूनिकेशन ऐसे ही बना रहे और हरियाणा सरकार का सहयोग मिलता रहे। उन्होंने कहा कि 1982-83 में सुजुकी को शुरू किया था, तब हमने पाया कि भारत और जापान के काम करने का तरीका अलग है लेकिन फिर भी भारत और जापान में बहुत सारी समानता है।

### जापान में आयोजित ...

में सहयोग करने का आग्रह किया। इस पर सीईओ तोशीहिरो ने विचार करने पर हामी भरी।

### बायोगैस प्लॉट में ....

आश्वासन दिया। सीईओ तोशीहिरो सुजुकी ने कहा कि नई औद्योगिक पॉलिसी-2026 में स्ट्रॉग हाईब्रिड और सीएनजी गाड़ियों के संबंध में भी कोई न कोई प्रावधान किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अपने शहरों को इस तरह से बसाना चाहिए कि आने वाले 10 या 20 साल बाद उनकी स्थिति अच्छी हो, अच्छी सुविधाएं हों।

### धर्मांतरण सहित...

काफी प्रयास के बाद भी आरोपी दाऊद अहमद की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। पुलिस ने दाऊद की संपत्ति का ब्यौरा निकाला। इसी बीच पता चला कि उसका गांधी नगर में रिलायबल हाईटेक सिटी कॉलोनी में मकान है। लिहाजा, उत्तर प्रदेश की आगरा पुलिस गांधी नगर पहुंची। इसके बाद गांधी नगर पुलिस की मदद से दाऊद के रिलायबल हाईटेक सिटी पहुंचकर कुर्की की कार्रवाई शुरू की। दाऊद के घर कुर्की करवाई के समय दाऊद के पिता जावेद मौके पर मौजूद थे। आगरा पुलिस ने दाऊद अहमद के खिलाफ विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में कार्रवाई की है। साथ ही कुर्की करने की धाराओं में भी प्रकरण दर्ज किया है।

### आइएसआइ एजेंट ...

पिस्टल में खराबी के चलते फायर मिस हो गया। इसका वीडियो विवेक ने अपने मोबाइल में शूट किया और फिर शहजाद भट्टी को भेजा। वीडियो के साथ वाइस नोट भी भेजा गया। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने इस वीडियो को मोबाइल से रिकवर किया है। ग्वालियर के शूटर राजवीर (21) पुत्र विजयराम और विवेक (19) पुत्र नन्हे सिंह बंजारा की गिरफ्तारी के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूछताछ की। इसमें पाकिस्तानी गैंगस्टर के देशव्यापी नेटवर्क का राजफाश हुआ है। पता चला है कि राजवीर शहजाद भट्टी से किसी राणा भाई नाम के शख्स के जरिए जुड़ा था। राणा भाई फेसबुक से जुड़ा था। राजवीर ने विवेक बंजारा को शहजाद और राणा से मिलवाया। मार्च में शहजाद ने इन्हें अहमदाबाद से सेमी आटोमैट्रिक पिस्टल मंगाई थी। वहां रुकने के लिए पांच हजार रुपए भी पाकिस्तानी गैंगस्टर ने उपलब्ध कराए थे। हालांकि, हथियार की डिलीवरी नहीं हो सकी।

### मध्यस्थता को लेकर...

प्रवक्ता ने कहा कि क्षेत्र में चल रहे युद्ध को लेकर भारत की नीति बिलकुल साफ है। हम शांति के पक्ष में पूरी मजबूती के साथ खड़े हैं। इस संबंध में उठाए जाने वाले सभी कदमों और प्रयासों का हम समर्थन करते हैं। भारत चाहता है कि इस तरह के किसी भी विवाद का बातचीत और कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण ढंग से समाधान निकाला जाना चाहिए। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर भी भारत के इसी पक्ष को दोहराया।

### खाड़ी से सुरक्षित...

पहुंचने के लिए हम लगातार ईरान के साथ संपर्क में बने हुए हैं। बीते बुधवार को ईरान की नौसेना द्वारा होर्मुज के इलाके में जिन दो जहाजों पर गोलीबारी की गई थी। इस मुद्दे पर भारत पूरी गंभीरता के साथ नजर बनाए हुए है। यह दोनों विदेशी जहाज हैं। जिनमें हमारे नाविक भी थे। जो कि सुरक्षित हैं। ईरान के साथ बने हुए हमारे संपर्क का उद्देश्य अभी खाड़ी के इलाके में मौजूद अपने देश के बाकी बचे हुए जहाजों को सुरक्षित ढंग से देश पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि 18 अप्रैल को भारत के ध्वज लगे हुए दो वाणिज्यिक जहाजों पर हमला किया गया था। जिसे लेकर भारत ने अपना विरोध ईरान के समक्ष दर्ज कराया है। साथ ही ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर भारत पहले ही यह कह चुका है कि वैश्विक नौवहन मार्गों पर जहाजों की स्वतंत्र और निर्बाध आवाजाही को बनाए रखने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### सख्त निर्देशों का....

बढ़ाने के लिए भारत की एक टीम अभी अमेरिका में है। समझौता हो जाने के बाद दोनों देशों के बीच का व्यापार 2030 में करीब 500 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा।

**पवन खेड़ा ने दिखाए फर्जी दस्तावेजः** उधर, कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा द्वारा एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की धर्मपत्नी के तीन पासपोर्ट रखने को लेकर दिखाए गए दस्तावेजों के मामले पर विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने कहा है कि पवन खेड़ा ने जो दस्तावेज संवाददाता सम्मेलन में दिखाए थे। वह पूरी तरह फर्जी हैं और उनमें कोई सच्चाई नहीं है।

## भाजपा एसआईआर को कुटिल ढंग से अस्त्र बना रही

**रांची।** झामुमो ने पार्टी के 12 जिलों के पदाधिकारियों, सांसदों-विधायकों के साथ एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) पर विस्तृत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर हुई बैठक में एसआईआर और जनगणना के मुद्दों पर चर्चा की गई। झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सभी साथियों से आग्रह किया कि हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं। त्रुटियों को ठीक कराएं और किसी भी पात्र मतदाता को छूटने न दें। यह सिर्फ प्रक्रिया नहीं, आपके लोकतांत्रिक अधिकार की रक्षा है। जागरूक बनें, भागीदारी बढ़ाएं। एक भी वोटर छूटे नहीं। उन्होंने कहा कि एसआईआर को भाजपा कुटिल तरीके से अस्त्र के रूप में इस्तेमाल कर रही है। इस कुचक्र से लड़ने की जरूरत है। हर कार्यकर्ता तैयार रहे। बैठक के दौरान झामुमो पदाधिकारियों ने एसआईआर के पीछे भाजपा की नीयत और नीति पर संदेह खड़ा किया। कहा एसआईआर की आड़ में आदिवासी, मूलवासी, पिछड़े और वंचित समाज से मताधिकार छीनकर उन्हें उपलब्ध राशन कार्ड, पेंशन जैसे महत्वपूर्ण अधिकारों से भी वंचित करने का षड़यंत्र रच रही है। इस पर एक स्वर में कहा गया कि झामुमो का हर कर्मठ सिपाही जनहित और संगठन की मजबूती के लिए पूरी तत्परता के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाने को तैयार है।

### सम्राट सरकार ने कर्मचारियों को अल्टीमेटम

## दफ्तर देर से आना और समय से पहले घर जाना, अब नहीं चलेगा




एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व वाली एनडीए की नई सरकार ऐक्शन में नजर आ रही है। ऑफिस देरी से आने और समय से पहले घर जाने वाले सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को सरकार से सख्त हिदायत मिली है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत के हवाले से राज्य सरकार के सभी विभागों और जिलाधिकारियों को इस संबंध में पत्र लिखा गया है। इसमें कहा गया है कि कर्मचारियों एवं अधिकारियों के समय पर कार्यालय आने, ऑफिस टाइम में पूरे मनोयोग से सरकारी दायित्वों का निर्वहन करने और ड्यूटी का समय पूरा होने के बाद ही दफ्तर छोड़ने के प्रावधान का दृढ़ता से पालन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सचिव ने पत्र में कहा है कि राज्य सरकार द्वारा सरकारी कर्मियों के ढंग से ड्यूटी करने को लेकर समय-समय पर नियमावली एवं निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। इसके बावजूद कई मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें कर्मचारी निर्धारित समय से लेट दफ्तर पहुंचते हैं या समय से पहले ही ऑफिस से निकल जाते हैं।

### कर्मी कार्यालय में होने के बावजूद अपनी ड्यूटी ढंग से नहीं निभाते

साथ ही, कुछ मामलों में कर्मी कार्यालय में होने के बावजूद अपनी ड्यूटी ढंग से नहीं निभाते हैं। यह सरकार के लिए चिंता का विषय है। इसलिए राज्य सरकार ने एक बार फिर सरकारी कर्मियों को अपनी ड्यूटी सही ढंग से निभाने और समय पर दफ्तर आकर छुट्टी के बाद ही घर जाने को कहा है। ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ नियमों के अनुसार ऐक्शन लिया जाएगा।

### बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य

बिहार के सभी सरकारी कार्यालयों में कर्मियों की बायोमेट्रिक तरीके से उपस्थिति दर्ज की जाती है। बीते 3-4 सालों से यह प्रणाली लागू है। मुख्य सचिव ने सभी विभागों एवं जिलों को इसमें कोताही नहीं बरतने के निर्देश दिए हैं।

### सिमडेगा व रांची के विद्यार्थियों ने टॉप-3 में जगह बनाई

## हजारीबाग के स्कूलों का दबदबा, चतरा सबसे नीचे 99.60% अंकों के साथ 4 विद्यार्थी बने स्टेट टॉपर

एजेंसी ▶▶ रांची



झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस वर्ष कुल पास प्रतिशत 95.27% रहा है। मेरिट लिस्ट में हजारीबाग के स्कूलों का जबरदस्त दबदबा देखने को मिला है, वहीं सिमडेगा और रांची के विद्यार्थियों ने भी टॉप-3 में अपनी जगह बनाई है। टॉप-3 सूची में कुल 12 विद्यार्थियों ने जगह बनाई, जिनमें लड़कियों की संख्या लड़कों से अधिक रही। मेरिट सूची में 7 छात्राओं और 5 छात्रों ने स्थान हासिल किया। प्रथम स्थान पर चार विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से कब्जा जमाया, जिनमें दो छात्राएं और दो छात्र शामिल हैं। ओवऑल में भी इस बार बेटियों ने मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

### टॉप-3 में बेटियों ने मारी बाजी, हजारीबाग का दबदबा

मेरिट सूची में हजारीबाग सबसे आगे रहा, जहां के इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल के कई विद्यार्थियों ने टाप रैंक हासिल की। रांची, गुमला, सिमडेगा और सरायकेला जिलों के विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। हजारीबाग से सबसे अधिक छह विद्यार्थी टॉप-3 सूची में शामिल हुए।

### प्रीति ने किया पलामू जिले में टॉप



कभी नक्सली हिंसा और विस्फोट की चपेट में आकर मलबे में तब्दील हुआ मनातू प्रखंड का पीएम श्री अपग्रेड प्लस टू हाई स्कूल, चक आज शिक्षा और सफलता की नई कहानी लिख रहा है। जिस विद्यालय को कभी भय और दहशत फैलाकर शिक्षा की रोशनी बुझाने की कोशिश की गई थी, वही आज प्रतिभा और परिश्रम का केंद्र बन चुका है।

चिंतन

# रिकॉर्ड मतदान परिपक्व लोकतंत्र का संकेत

हाल के विधानसभा चुनावों में पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में जिस तरह रिकॉर्ड मतदान दर्ज हुआ है, उसने भारतीय लोकतंत्र की जड़ों की मजबूती को एक बार फिर प्रमाणित किया है। दोनों राज्यों के लोगों ने वोटिंग में बढ़-चढ़कर भाग लिया। बंगाल में लगभग 90 प्रतिशत और तमिलनाडु में 82 प्रतिशत मतदान हुआ। तमिलनाडु में पहली बार मतदाताओं ने इतनी बड़ी संख्या में वोट डाले। यह प्रमाणित करता है कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ें बेहद मजबूत हैं। ये केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह उस बढ़ती राजनीतिक चेतना का संकेत हैं, जो अब समाज के हर वर्ग तक पहुंच चुकी है। लोकतंत्र की असली ताकत नागरिकों की भागीदारी में निहित होती है। जब अधिक से अधिक लोग मतदान करते हैं, तो यह स्पष्ट संदेश जाता है कि जनता अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक है। लोग अपने मत के महत्व को समझने लगे हैं और उसका प्रयोग कर अपने मन व हितों को समझने वाले जनप्रतिनिधि के चुनाव के लिए कर रहे हैं। बंगाल में एक चरण का मतदान हो चुका है, अब उम्मीद है कि अगले चरण में भी रिकॉर्ड तोड़ मतदान होगा। बड़ी संख्या में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की राय भी चुनाव परिणाम में परिलक्षित होगी। लंबे समय तक यह चिंता जताई जाती रही कि शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम रहता है या युवा वर्ग राजनीति से दूरी बनाए रखता है। इस बार के आंकड़े इस धारणा को काफी हद तक तोड़ते नजर आते हैं। खासतौर पर पहली बार वोट डालने वाले युवाओं की सक्रियता इस बदलाव का महत्वपूर्ण पहलू है। उच्च मतदान के पीछे कई कारण हो सकते हैं। एक तरफ जहां राजनीतिक दलों की सक्रियता और चुनावी मुद्दों की तीव्रता मतदाताओं को मतदान केंद्र तक खींचती है, वहीं दूसरी ओर मतदाता सूचियों में सुधार भी एक अहम कारक है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) के बाद सूचियों को अधिक सटीक बनाया गया है, जिससे फर्जी, या निष्क्रिय, दूसरी जगह स्थानांतरित हो चुके लोगों के नामों को हटाया गया। इसका सीधा असर मतदान प्रतिशत पर पड़ा है, क्योंकि अब वास्तविक मतदाताओं की भागीदारी ज्यादा स्पष्ट रूप से सामने आ रही है। असम, केरल और पुडुचेरी में भी हाल के चुनावों में रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया। यह प्रवृत्ति बताती है कि देशभर में मतदाता अब पहले की तुलना में अधिक सजग और सक्रिय हो रहे हैं। यह केवल चुनावी उत्साह नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति गहरी आस्था का संकेत है। रिकॉर्ड मतदान का एक बड़ा लाभ यह है कि इससे चुनी गई सरकारों की वैधता और स्वीकार्यता बढ़ती है। जब बड़ी संख्या में लोग मतदान करते हैं, तो यह सरकार को व्यापक जनादेश प्रदान करता है। इसके परिणामस्वरूप सरकारों पर यह दबाव भी बनता है कि वे किसी एक वर्ग या समुदाय के बजाय सभी के हितों को ध्यान में रखकर नीतियां बनाएं। इस तरह उच्च मतदान सामाजिक समावेशन और संतुलित विकास को भी बढ़ावा देता है। यदि यह जागरूकता मतदान के बाद भी बनी रहती है, तभी लोकतंत्र वास्तव में परिपक्व कहा जा सकता है। कुल मिलाकर बंगाल और तमिलनाडु में हुआ रिकॉर्ड मतदान भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता और मजबूती का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि देश का मतदाता अब पहले से अधिक जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय हो चुका है। इस उत्साह को बनाए रखने के लिए जरूरी है कि चुनावी प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाया जाए। तभी यह कहा जा सकेगा कि भारत का लोकतंत्र न केवल विशाल है, बल्कि वास्तव में परिपक्व भी है।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस
-डॉ. अशोक कुमार जायसवाल



# पंचायतीराज संस्थाएं- विकसित भारत का आधार स्तंभ

महात्मा गांधी के ग्राम- स्वराज की अवधारणा को साकार करने हेतु संविधान में 73वां संशोधन किया गया। 73वां संविधान संशोधन आधुनिक भारत के इतिहास में मिल का पत्थर है, इसका सीधा प्रभाव स्थानीय स्व-शासन द्वारा लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास पर पड़ा एवं समाज के अंतिम पंक्ति पर बैठा हुआ व्यक्ति विकास की मुख्य धारा से जुड़ा। भारत गांवों का देश है, देश की 70 प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है। आज आवश्यकता है, कि विकास की दिशा को पुनः परिभाषित किया जाए और ग्राम पंचायतें केवल लाभार्थी चयन तक सीमित ना रहे, बल्कि विकास का केन्द्र बिन्दु बने। पंचायती राज संस्थायें डिजिटल माध्यमों का उपयोग करके कामकाज में पारदर्शिता, कार्यदक्षता और जवाबदेही को मजबूत बनाएं। पंचायती राज मंत्रालय ने इस दिशा में अभिनव प्रयास किए है, जो विकसित भारत का आधार स्तंभ है। माननीय प्रधानमंत्री 24 अप्रैल 2020 को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल का शुभारंभ कर ई-पंचायत का सूत्रपात किया, जिसमें पंचायत स्तर पर डिजिटल आयोजन, लेखांकन, निगरानी और ऑन-लाईन भुगतान की प्रक्रिया को सरल बनाया। ई-ग्रामस्वराज का सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के साथ एकीकरण होने से विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं को वास्तविक समय में भुगतान करना संभव हो सका। मौजूदा वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान कुल 2,58,730 ग्राम पंचायतों में से 2,44,175 ग्राम पंचायतों और उनके समकक्ष निकायों (94.37 प्रतिशत) ने ई-ग्राम स्वराज पीएफएमएस इंटरफेस के माध्यम से राशि रु. 39,440.70 /– करोड़ का भुगतान किया है, इसमें महाराष्ट्र राज्य ने सबसे अधिक राशि रु. 3512.37 करोड़, बिहार रु. 2695.35, मध्यप्रदेश 2129.33, पश्चिम बंगाल 2114.49, कर्नाटक 1870.97, ओडिसा 1813.69 तथा छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा राशि रु. 761.35 करोड़ का भुगतान का किया है (18.03.2026 की स्थिति में)।

पंचायतों के कार्यवाहियों का सही/प्रमाणित दस्तावेजीकरण सुनिश्चित करने के लिए ग्राम सभा और पंचायतों की बैठक के वाईस-टू-टेक्स्ट और सारांश के लिए एआई-सक्षम प्लेटफार्म ''सभासार'' प्रारंभ किया गया है। फरवरी 2026 तक 2,58,730 ग्राम पंचायतों में से 1,15,115 ग्राम पंचायतों ने बैठकों के कार्यवृत्त तैयार करने के लिए सभासार पोर्टल का उपयोग किया और पोर्टल पर 3.39 लाख से अधिक कार्यवृत्त अपलोड किए है जो राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 43 प्रतिशत है। सभासार प्लेटफार्म को अपनाने वाले राज्यों में भी काफी भिन्नता है, तामिलनाडु (99.75 प्रतिशत), ओड़िसा (99.37 प्रतिशत), त्रिपुरा (90.75 प्रतिशत), झारखंड़ (79.82 प्रतिशत) और बिहार (79.01 प्रतिशत) ग्राम पंचायतों ने सभासार को अपनाया है, जो विकसित भारत के निर्माण में डिजिटल उपकरण के मजबूत एकीकरण को दर्शाता है। ''मेरी पंचायत ऐप'' ग्राम सभा सदस्यों को पंचायत विकास योजना, गतिविधियों और कार्यो की प्रगति के बारे में जानकारी तक पहुंच प्रदान करता है। पंचायत निर्णय, ग्राम सभा की बैठकों के पारदर्शी संचालन और प्रबंधन को सुगम बनाता है।

ग्रामीण स्थानीय निकायों ने स्वयं के राजस्व स्रोत (ओएसआर) से वर्ष 2017-2018 से वर्ष 2021-22 के दौरान राशि रु. 25,595 करोड़ एकत्र किया गया, और इस अवधि के लिए राष्ट्रीय स्तर पर पर प्रति व्यक्ति ओएसआर रु. 59/- प्रति वर्ष था। राज्यों में प्रति व्यक्ति ओएसआर में काफी भिन्नता हैं, जो गोवा में सबसे अधिक रु. 1635/- पुद्दुच्चेरी में रु.757/-, केरला में रु. 286/- आन्ध्रप्रदेश में रु. 209/-, गुजरात में रु.199/- एवं छत्तीसगढ़ में रु. 70/- प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष रहा है। ओएसआर संग्रह को डिजिटाइज करने के लिए ''समर्थ पंचायत पोर्टल'' विकसित किया गया। ग्राम पंचायत द्वारा स्वयं के राजस्व स्रोत में वृद्धि के माध्यम से आत्मनिर्भरता (स्वयं-निर्भरता) के अनुकरणीय प्रयासों को प्रोत्साहित करने हेतु पंचायती राज मंत्रलय द्वारा विशेष पुरस्कारों की भी घोषणा की गई। 16वें वित्त आयोग ने ग्रामीण स्थानीय निकाय निष्पादन अनुदान के रुप में राशि रु. 43,524/- करोड रुपए के आबंटन का सिफारिश की है, जिसे ओएसआर के सृजन और वृद्धि से जोड़ा गया है। डिजिटल सशक्तिकरण का उद्देश्य पंचायतों के वित्तीय प्रशासन में पारदर्शिता, कार्यदक्षता और विस्तारशीतला लाना है। पंचायतें 11वीं अनुसूची के 29 विषयों से संबंधित गतिविधियों पर कार्य योजना का निर्माण कर सतत विकास के 17 वैश्विक लक्ष्यों को स्थानीय स्तर पर 09 थीम में विभाजित कर कार्य योजना का निर्माण कर रही है, वर्ष 2025-26 में 2,52,727 जी.पी.(93.91 प्रतिशत जी.पी) ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण की है। पंचायत एडवांसमेंट इनडेक्स (उन्नति सूचकांक) से पंचायतों की सही स्थिति सामने आई है, पंचायते स्थानीय स्तर पर 09 थीम के माध्यम से सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु आगे बढ़ रही है, जो विकसित भारत के निर्माण में आधार स्तंभ है। डिजीटल कनेक्टीविटी के विस्तार ने ग्राम पंचायतों को नई दिशा दी है। मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं को ग्रामीणजनों तक सरलता एवं सुगमता से पहुंचाया है। विकसित भारत के निर्माण में पंचायतीराज संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी, ग्रामसभा का सदस्य केवल उपभोग नही बल्कि उत्पादन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार होता है। पंचायतों में स्वसहायता समूहों और स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाना होगा। ग्रामीण महिलाओं की भूमिका विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण होगी, ग्रामीण महिलायें प्रबंधन की धुरी है, इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा एवं मजबूती मिलेगी। पंचायतों में महिला स्व-सहायता समूहों ने आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की नई कहानी गढ़ी है, जिससे महिलाओं का सामाजिक सम्मान और आत्म विश्वास बढ़ा है, वे समाज के विकास के साथ-साथ देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही है।

*-संकाय सदस्य (पंचायती राज), ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा, रायपुर (छ.ग.)*



दिवस विशेष
बलकार सिंह पूनियां

# खामोशी से बदलता ग्रामीण भारत

भारत में पंचायती राज प्रणाली देश की शासन संरचना का एक अनूठा और अपरिहार्य हिस्सा है, जिसे सत्ता के विकेंद्रीकरण को सुनिश्चित करने और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह प्रणाली भारत की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्थाओं में निहित है और देश के लोकतांत्रिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह न केवल स्थानीय लोकतंत्र को बढ़ावा देती है, बल्कि सहभागी शासन को भी सशक्त बनाती है और जमीनी स्तर पर जनता की आवाज़ को प्राथमिकता प्रदान करती है। भारत की सनातन संस्कृति में नारी सम्मान और सशक्तिकरण की समृद्ध परंपरा रही है। आज भी महिलाएं इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं।

भारत में पंचायती राज प्रणाली देश की शासन संरचना का एक अनूठा और अपरिहार्य हिस्सा है, जिसे सत्ता के विकेंद्रीकरण को सुनिश्चित करने और ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह प्रणाली भारत की पारंपरिक स्वशासन व्यवस्थाओं में निहित है और देश के लोकतांत्रिक ढांचे का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह न केवल स्थानीय लोकतंत्र को बढ़ावा देती है, बल्कि सहभागी शासन को भी सशक्त बनाती है और जमीनी स्तर पर जनता की आवाज़ को प्राथमिकता प्रदान करती है। "यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः"- भारत की सनातन संस्कृति में नारी सम्मान और सशक्तिकरण की समृद्ध परंपरा रही है। आज भी महिलाएं इस गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व कर रही हैं, जिससे नारी सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय निरंतर विस्तार पा रहा है। भारतीय लोकतंत्र की असली ताकत उसके गांवों में निहित है और इन गांवों की शासन व्यवस्था को सशक्त बनाने में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

73वें संविधान संशोधन (1992) के लागू होने के बाद, जब पंचायतों को संवैधानिक दर्जा मिला और महिलाओं के लिए कम से कम एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया गया, तब शायद ही किसी ने यह कल्पना की होगी कि यह प्रावधान एक गहरी सामाजिक क्रांति का आधार बनेगा। आज यह क्रांति किसी शोर-शराबे या आंदोलन के रूप में नहीं, बल्कि 'मौन क्रांति' के रूप में सामने आई है, जिसमें महिलाएं न केवल संख्या में बढ़ी हैं, बल्कि नेतृत्व के केंद्र में आकर ग्रामीण भारत के विकास की दिशा तय कर रही हैं। 73वां संविधान संशोधन भारतीय लोकतंत्र में विकेंद्रीकरण की दिशा में एक निर्णायक कदम साबित हुआ, जिसने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक आधार प्रदान करते हुए महिलाओं के लिए न्यूनतम एक-तिहाई आरक्षण सुनिश्चित किया। समय के साथ 20 से अधिक राज्यों द्वारा इसे 50 प्रतिशत तक बढ़ा देने से ग्रामीण शासन में महिलाओं की भागीदारी अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गई है।

आज देश की लगभग 2.6 लाख पंचायतों में 31.5 लाख से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधियों में करीब 14.5 लाख महिलाएं हैं, जो कुल का लगभग 46 प्रतिशत हैं, और कई राज्यों में यह आंकड़ा 50 से 53 प्रतिशत से भी अधिक हो चुका है। यह न केवल विश्व में स्थानीय स्तर पर महिलाओं की सबसे बड़ी राजनीतिक भागीदारी का उदाहरण है, बल्कि इस बात का संकेत भी है कि ग्रामीण लोकतंत्र अब पारंपरिक पुरुष-प्रधान ढांचे से आगे बढ़ चुका है। यह परिवर्तन केवल संख्यात्मक नहीं, बल्कि संरचनात्मक और सामाजिक बदलाव का प्रतीक है। इस प्रकार पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से उभरता महिला नेतृत्व ग्रामीण भारत में एक 'मौन क्रांति' का रूप ले चुका है, जो बिना शोर-शराबे के सामाजिक न्याय, समावेशी विकास और सशक्त लोकतंत्र की नई दिशा तय कर रहा है। महिला नेतृत्व के विस्तार ने ग्रामीण विकास की प्राथमिकताओं को बुनियादी ढांचे से आगे बढ़ाकर मानवीय विकास के केंद्र में स्थापित कर दिया है। जहां पहले पंचायतों का ध्यान मुख्यतः सड़कों, भवनों और भौतिक संरचनाओं तक सीमित रहता था, वहीं महिला प्रतिनिधियों ने पानी, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा



और पोषण जैसे जीवन-गुणवत्ता से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी है। विभिन्न अध्ययनों और आर्थिक सर्वेक्षणों से यह स्पष्ट होता है कि महिला-नेतृत्व वाली पंचायतों में आंगनबाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता, स्कूल नामांकन और मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, साथ ही सामाजिक कल्याण योजनाओं के फंड का उपयोग लगभग 30 प्रतिशत अधिक प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। पारदर्शिता और जवाबदेही के स्तर में भी वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे भ्रष्टाचार के मामलों में कमी आई है। इस प्रकार, पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी न केवल लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर मजबूत कर रही है, बल्कि ग्रामीण भारत के विकास को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और जन-केंद्रित दिशा भी प्रदान कर रही है। राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों में महिलाओं का उभरता नेतृत्व आज ग्रामीण भारत में परिवर्तन की सशक्त मिसाल बन चुका है। पीआईबी 2024 के अनुसार, सम्मानित पंचायतों में से लगभग 42% का नेतृत्व महिलाओं के हाथों में रहा है, जो यह दर्शाता है कि महिला प्रतिनिधि केवल सहभागिता तक सीमित नहीं, बल्कि उत्कृष्टता की नई मानक स्थापित कर रही हैं। नारी शक्ति, "स्वस्थ पंचायत और बाल हितैषी पंचायत" जैसी श्रेणियों के साथ-साथ कार्बन न्यूट्रल जैसे आधुनिक विषयों में भी उनका प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है। महाराष्ट्र की पाटोदा ग्राम पंचायत द्वारा 26 पुरस्कार जीतना इस नेतृत्व क्षमता का सशक्त उदाहरण है।


सरकार द्वारा पुरस्कारों का नाम देवी अहिल्या बाई होल्कर और रानी लक्ष्मीबाई जैसी ऐतिहासिक नायिकाओं के नाम पर रखना भी इस परिवर्तन को सांस्कृतिक और प्रतीकात्मक मजबूती प्रदान करता है। फिर भी यह 'मौन क्रांति' चुनौतियों से अछूती नहीं है। कई क्षेत्रों में 'सरपंच पति' जैसी प्रवृत्तियां महिलाओं की वास्तविक स्वायत्तता को सीमित करती हैं, जबकि पहली बार सार्वजनिक जीवन में आने वाली अधिकांश महिला प्रतिनिधियों को प्रशासनिक प्रक्रियाओं, वित्तीय प्रबंधन और संवैधानिक प्रावधानों की सीमित जानकारी होती है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार लगभग 70–80 प्रतिशत महिला प्रतिनिधियों को प्रारंभिक स्तर पर पंचायत की कार्यप्रणाली की पूरी समझ नहीं होती, जिससे उनके निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है। इसके बावजूद, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान और "सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान" जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने इस अंतर को तेजी से कम किया है। वर्ष 2025-26 में 7 लाख से अधिक महिला प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जाना इस दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है, जिससे उनकी प्रशासनिक समझ, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। डिजिटल गवर्नेंस और वित्तीय सशक्तिकरण ने भी इस परिवर्तन को नई गति दी है।

यदि इसे सतत प्रशिक्षण, डिजिटल सशक्तिकरण और सामाजिक समर्थन से और मजबूत किया जाए, तो यह मौन क्रांति न केवल ग्रामीण भारत का स्वरूप बदल सकती है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र को भी अधिक समावेशी और सशक्त दिशा प्रदान कर सकती है। स्पष्ट है कि पंचायतों में महिलाओं का नेतृत्व ग्रामीण भारत एक 'मौन क्रांति' के रूप में उभर रहा है। बिना शोर के लोकतांत्रिक भागीदारी, विकास की प्राथमिकताओं और सामाजिक संरचना को बदल रहा है। हालांकि, इस परिवर्तन को स्थायी रूप देने के लिए निरंतर प्रशिक्षण, डिजिटल साक्षरता, वित्तीय स्वायत्तता और सामाजिक सोच में बदलाव आवश्यक है। जब महिलाएं वास्तविक निर्णयकर्ता के रूप में पूरी तरह सशक्त होंगी, तब यह मौन क्रांति समावेशी और सशक्त ग्रामीण भारत की ठोस आधारशिला बन जाएगी।

( लेखक इग्नू में सहायक प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


# आत्मसंयम योग में स्थित रहें



संकलित
दर्शन

विपरीत परिस्थिति में ही योग की प्रामाणिकता सिद्ध होती है। संयम की प्रामाणिकता भी योग से ही सिद्ध होती है। हमारी ज्ञानेंद्रियां तथा कर्मेंद्रियां अपनी अर्जित शक्ति को बाहर की ओर खर्च कर रही हैं। योग द्वारा उसका एकत्रीकरण किया जाता है। योग चाहे ध्यान के रूप में हो या व्यायाम-प्राणायाम के रूप में, उसकी शक्ति को एकत्र करके हम शक्ति का उपयोग कहां करते हैं, वास्तविक योग वह है। रावण भी बहुत बड़ा योगी था, पर उसने अपने योग से प्राप्त शक्ति से भगवान की योगमाया सीता जी का हरण करके योग का दुरुपयोग किया। जब तक आत्मसंयम योग जीवन में न आ जाए, तब तक क्रियात्मक योग केवल शरीर संवर्धन के ही कार्य आएगा। हम जीवन के किसी भी क्षेत्र में अतिरेकवादी दृष्टिकोण के दुराग्रही न होकर संतुलित होकर मध्य स्थिति में रहकर आत्मसंयम योग में स्थित रहें। मध्य में ही भगवान का वास होता है। हमारे शरीर में जो मध्य प्रदेश है, वही हृदय प्रदेश है। हाथ-पांव के रूप में नीचे कर्म प्रदेश है तथा विचार के रूप में सिर में विवेक प्रदेश है। जिसे विवेक स्वीकार कर ले और कर्मयोग से जिस शक्ति को अर्जित किया हो, उसे हृदय प्रदेश के मध्य सिंहासन पर बैठाया जाता है। सब कुछ ईश्वर को समर्पित कर देना ही महायोग है। शरीर का योग यदि भगवान से जुड़कर ध्यान योग बन जाए और योग से प्राप्त शक्तियों का उपयोग हम हनुमान जी, श्रीभरत जी और श्री लक्ष्मण जी की तरह सेवा के लिए करें तो योग प्राणीमात्र की सेवा का उपादान बनकर सहजयोग बन जाएगा।


# प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो?



संकलित
प्रेरणा

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जाएगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूं, ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाए। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुंच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनिया के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियां करते रहिते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनिया की चीजों की कामना करते हैं। लेकिन कभी भी हम लोग इस बात पर गौर नहीं करते कि क्यों न दुनियां के बनाने वाले प्रभु को पा लिया जाए।

अंतर्मन




आज की पाती


## ज्ञान की विरासत व रचनात्मक अधिकारों का उत्सव

प्रतिवर्ष विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस 23 अप्रैल को मनाया जाता है। यह यूनेस्को द्वारा मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य आम लोगों में पढ़ने की आदत, पुस्तकों और लेखकों को सम्मान देना है। सच तो यह है कि इस दिवस का मुख्य उद्देश्य लोगों में पढ़ने की रुचियों को बढ़ावा देना, पुस्तकों के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना, दुनिया भर के लेखकों, साहित्यकारों और रचनाकारों का सम्मान करना, विशेष रूप से एआई के इस युग में कॉपीराइट कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा नई पीढ़ी को ज्ञान और साहित्य से जोड़ना है। सरल शब्दों में कहें तो यह दिवस दुनिया भर में पुस्तकों, लेखकों, प्रकाशकों, पाठकों और बौद्धिक संपदा के उनके अधिकारों के महत्व को रेखांकित करता है। *– सुनील मेहता, राजनांदगांव*

करंट अफेयर

## श्रीलंका में हैकरों ने मंत्रालय के कंप्यूटर सिस्टम किए हैक

श्रीलंका के वित्त मंत्रालय ने कहा है कि साइबर हैकरों ने मंत्रालय के बाह्य संसाधन विभाग के कंप्यूटर सिस्टम को हैक कर उसमें सेंध लगा ली और विदेशी मुद्रा भुगतान से संबंधित चोरी को अंजाम दिया।




वित्त, योजना और आर्थिक विकास मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने चोरी के संबंध में कानून प्रवर्तन एजेंसियों और अन्य संबंधित संस्थानों के पास शिकायत दर्ज करा दी है। मंत्रालय के बयान में कहा गया है, 'साइबर हैकरों ने संस्थान के अंदर बाह्य संसाधन विभाग के कंप्यूटर सिस्टम में सेंध लगा ली है।' यह बयान विपक्ष के उस दावे के बाद जारी किया गया जिसमें कहा गया था कि 25 लाख अमेरिकी डॉलर के राजकोषीय धन को विदेशी ऋण चुकाने से संबंधित ऑस्ट्रेलियाई खाते के बजाय किसी अन्य खाते में भेज दिया गया है। विपक्ष के वकीलों के एक समूह ने संसद के अध्यक्ष को पत्र लिखकर कहा कि सितंबर 2025 में श्रीलंका को एक ऋणदाता को 2 .29 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान करना था। वकीलों के समूह ने बताया कि 25 लाख अमेरिकी डॉलर की आंशिक राशि का भुगतान दिसंबर 2025 और 31 जनवरी 2026 के बीच किया गया था। अब यह खुलासा हुआ है कि आंशिक भुगतान सही ऋणदाता के खाते में नहीं बल्कि एक हैकर के खाते में पहुंचा था।

ऑफ बीट

## घर अक्सर थर्मोस्टेट से अधिक गर्म लगते हैं

एक ही सड़क पर बने दो घर : एक 1950 के दशक में और दूसरा 1990 के दशक में बनाया गया था। वहां कोई पेड़ या अन्य छाया नहीं है। एयर कंडीशनिंग



इकाइयाँ समान हैं, हाल ही में बदली गई हैं, और पूरी तरह से काम कर रही हैं। समान थर्मोस्टेट 82 डिग्री फ़ारेनहाइट (27 .8 सेल्सियस) पर सेट होते हैं। जब बाहर का तापमान 110 एफ (43 .3 सी) होता है, तो 1950 के दशक का घर हवा के समान तापमान के साथ भी अंदर संभवतः कम से कम 10 एफ (5 .6 सी) गर्म महसूस होता है। क्यों? इसका उत्तर तेज गर्मी से संबंधित है। तेज़ गर्मी ही वह चीज़ है जो आपको ठंडी सर्दियों की रात में कैम्प फायर में गर्म रखती है। आग हवा को अधिक गरम नहीं करती; बल्कि, सूर्य की तरह, आग की अधिकांश गर्मी अदृश्य तरंगों के माध्यम से सीधे कैम्प फायर से आपके शरीर तक पहुंचती है। गर्म, धूप वाले दिन में, अच्छा इन्सुलेशन और डबल-फलक वाली खिड़कियां एयर कंडीशनिंग के लिए कम गर्मी का हस्तांतरण करती हैं, जिससे इमारत के अंदर का औसत तापमान हवा के तापमान के कुछ डिग्री के भीतर रहता है। गर्म सतहों के कारण छोटी इमारतें, जैसे कि मोबाइल घर, छोटे घर, शिपिंग कंटेनर और अपार्टमेंट में बदल गए गैरेज, अक्सर थर्मोस्टेट सेटिंग की परवाह किए बिना असहज महसूस करते हैं।

ट्रेंड

### गहरी संवेदनाएं



उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर में हुए सड़क हादसे में कई लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। इस हादसे में अपनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

- **राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री,

### विचारधाराओं की लड़ाई



विचारधाराओं की इस लड़ाई में केवल कांग्रेस ही भाजपा को हरा सकती है। वे अधिकार छीनते हैं, हम उन्हें दिलाते हैं। वे संविधान मिटाना चाहते हैं, हम उसकी रक्षा करते हैं। वे भारत की विविधता को नष्ट करना चाहते हैं, जबकि हम हर संस्कृति और हर भाषा का सम्मान करते हैं।

-**राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### महिला आरक्षण



भारत की महिलाओं ने इस उम्मीद से संसद की ओर देखा कि 33% आरक्षण जल्द लागू किया जाएगा और नारी शक्ति को निर्णय लेने की प्रक्रिया में आवाज उठाने का मौका मिलेगा, लेकिन कांग्रेस व उनके सहयोगियों ने इस कदम को रोक दिया।

- **हिमंता बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

### उपद्रवी तत्व



भाजपा के उपद्रवी तत्व अब सीधे पुलिस पर भी हमला कर रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि अहंकारी भाजपा सरकार ही उनकी रक्षक है। क्या अब पुलिस को भी पीड़ित कहा जाएगा?

-**अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# झालमुड़ी मैंने खाई, मिर्ची टीएमसी को लगी, यहां से भय जा रहा और भरोसा बढ़ रहा... अब दबी आवाजें मुखर हो रहीं

## बंगाल में ममता पर गरजे प्रधानमंत्री, कृष्णानगर में विशाल जनसभा को संबोधित किया

एजेंसी ▶▶ कृष्णानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने चुनाव आयोग की जमकर तारीफ की और टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला। पीएम मोदी ने कहा मैं कह सकता हूं कि यह पहला ऐसा चुनाव है जिसमें हिंसा बिल्कुल न्यूनतम स्तर पर है। पहले तो हर हफ्ते किसी को फांसी पर लटका देना और उसे आत्महत्या बता देना आम बात थी। यहां अराजकता और गुंडागर्दी का राज था। उन्होंने कहा कियहां आज भय पर भरोसे की विजय का विश्वास दिख रहा है। बरसों से जिनकी आवाज को दबाकर रखा गया था, वे अब एक सुर में बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने टीएमसी पर तंज कसते हुए कहा झालमुड़ी मैंने खाई और मिर्ची टीएमसी को लग रही है।

### टीएमसी के जंगलराज का विरोध हो रहा

उन्होंने कहा कि टीएमसी के विधायकों, मंत्रियों, स्थानीय नेताओं और उनके सिंडिकेट के खिलाफ इतना गुस्सा है कि टीएमसी कई शहरों में अपना खाता भी नहीं खोल पाएगी। 15 साल पहले लोगों ने वामपंथियों के खिलाफ बिगुल फूंका था। जंगल राज के विरोध में बंगाल की जनता गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले में शंख फूंक रही है।


संबोधन के पहले प्रधानमंत्री को श्रीकृष्ण जी की मूर्ति भेंट की गई

### यह चुनाव जनता लड़ रही

पीएम मोदी ने कहा कि यह चुनाव हम नहीं लड़ रहे हैं, इस बार बंगाल में चुनाव खुद यहां की जनता लड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह उत्साह, यह उमंग, यह जोश भरोसे का है। भय जा रहा है, भरोसा आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव, गली-गली, स्त्री-पुरुष, युवा-बुजुर्ग सब एक साथ बोल रहे हैं और बदलाव चाहते हैं।

### ईसी ने बंगाल की धरती पर लोकतंत्र की गरिमा को फिर से स्थापित किया

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 50 वर्षों में यह अपनी तरह का पहला चुनाव है जिसमें हिंसा को न्यूनतम स्तर पर रखा गया है। पहले अराजकता और गुंडागर्दी का दौर चल रहा था। मैं चुनाव आयोग को हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने बंगाल की धरती पर लोकतंत्र की गरिमा को फिर से स्थापित किया है।

18 मिनट में पीएम मोदी के हैंडल से 3 पोस्ट

### 99 साल के शख्स ने प्रधानमंत्री मोदी को बनाया अपना मुरीद

प्रधानमंत्रीने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा देखा कि वे एक 99 साल के बुजुर्ग के मुरीद हो गए। उन्होंने बुजुर्ग की बात से प्रभावित होकर सिर्फ 18 मिनट में 3 पोस्ट कर दिए। यह मामला मतदान के महत्व और युवाओं को जागरूक करने से जुड़ा है। एक पूर्व मंत्री और बुजुर्ग नेता की अपील ने प्रधानमंत्री को मुरीद बनाया।

## पहले चरण की 152 सीटों में से 125 सीटें जीतने का टीएमसी का दावा

शाह ने लिखा: टीएमसी के भ्रष्टाचार ,गुंडागर्दी का सूरज अब डूब रहा

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में हुए भारी मतदान के बाद भाजपा और सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस दोनों ही अपनी-अपनी जीत के बड़े दावे करने में जुटे हुए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर ढलते हुए सूरज का एक वीडियो पोस्ट किया है। उन्होंने इस वीडियो के जरिए तंज कसते हुए दावा किया है कि टीएमसी के भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी का सूरज अब डूब रहा है और बंगाल की जनता अब बदलाव चाहती है। दूसरी तरफ, टीएमसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। टीएमसी का कहना है कि यह भारी मतदान सत्ता बदलने के लिए नहीं, बल्कि ममता सरकार के भारी समर्थन और भाजपा के कड़े विरोध में हुआ है।

टीएमसी के प्रवक्ता कुणाल घोष ने बंपर वोटिंग पर खुशी जताते हुए कहा है कि मतदान का बढ़ता हुआ प्रतिशत सीधे तौर पर सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में गया है। पहले चरण में जिन 152 सीटों पर चुनाव हुए हैं, उनमें से टीएमसी कम से कम 125 सीटें जीतने जा रही है और यह आंकड़ा 134 तक भी जा सकता है। घोष का मानना है कि बंगाल की जनता ने पहले ही चरण में भाजपा की कमर तोड़ दी है और ममता की लगातार चौथी बार सरकार बनने का रास्ता साफ कर दिया है। नंदीग्राम जैसी हाई-प्रोफाइल सीट पर भी टीएमसी ने अपनी बड़ी जीत का दावा किया है। राज्य में लगभग 91 प्रतिशत बंपर वोटिंग को लेकर भाजपा और टीएमसी दोनों अपनी जीत के बड़े दावे कर रहे हैं। भाजपा इसे बदलाव की आंधी बता रही है, वहीं दूसरी तरफ टीएमसी इसे मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के विकास कार्यों पर जनता की मुहर बता रही है।एक तरफ टीएमसी अपनी भारी जीत का दावा कर रही है, तो दूसरी तरफ उसने चुनाव आयोग और सुरक्षा बलों पर गंभीर आरोप भी लगाए हैं। टीएमसी नेताओं का सीधा कहना है कि चुनाव आयोग शुरुआत से ही बंगाल और उनकी पार्टी के खिलाफ काम कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने केंद्रीय बलों की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि केंद्रीय बलों को जनता की सुरक्षा के लिए नहीं, बल्कि बंगाल के लोगों को डराने और धमकाने के लिए तैनात किया गया था।

## दिग्गजों ने किया मतदान


चेन्नई। एक्टर कमल हासन ने मतदान किया


कोलकाता।परिवार के साथ सुकांता मजूमदार ने वोट डाला


चेन्नई। इलैयाराजा


103 वर्षीय राजागोपाल


चेन्नई। पलानीस्वामी


चेन्नई। सीएम स्टालिन


कोलकाता।सुवेंदु अधिकारी


चेन्नई। एक्टर विजय


कोलकाता। झारग्राम में महिला का जज्बा


चेन्नई। एक्टर एसवी ई शेखर स्याही दिखाते हुए


कोलकाता। नंदीग्राम में महिलाओं ने किया भारी मतदान


चेन्नई। नागरकोइल में बारी का इंतजार करती महिलाएं


चेन्नई में 3 पीढ़ी के लोग वोट डालने आए

## पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने जानकारी साझा की

# पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने की बात गलत बाजार में फैलाई जा रही हैं अनेक अफवाहें

मंत्रालय ने कहा कि कुछ समाचार रिपोर्टों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का दावा किया जा रहा है। सरकार के सामने फिलहाल पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की खबरों को भ्रामक बताया है। मंत्रालय ने कहा कि कुछ समाचार रिपोर्टों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी का दावा किया जा रहा है। सरकार के सामने फिलहाल पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। दरअसल, कोटक संस्थागत इक्विटी की रिपोर्ट में दावा किया जा रहा था कि पेट्रोल-डीजल के दाम 25 से 28 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ सकते हैं। देश में जारी राज्य चुनावों के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बड़ी बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। सरकार के अनुसार ऐसी खबरें लोगों में डर और घबराहट फैलाने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां पिछले चार वर्षों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

**कोटक संस्थागत इक्विटी की रिपोर्ट को किया खारिज**

लोगों के मन में डर पैदा करने के लिए फैलाई जा रही ऐसी खबरें

पेट्रोल-डीजल के दाम 25 से 28 रुपए प्रति लीटर बढ़ना बताया

### मंत्रालय ने कहा- कुछ समाचार रिपोर्टों में झूठा दावा किया जा रहा



पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय नई दिल्ली

### जनता को राहत देने का प्रयास जारी

मंत्रालय के अनुसार भारत सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के बावजूद आम जनता को राहत देने के लिए लगातार कदम उठाए हैं, ताकि लोगों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े।

### दाम बढ़ने में कच्चे तेल का आयात करना भी एक अहम कारक

भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतें कई अहम कारकों से तय होती हैं। इनमें सबसे बड़ा असर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों का होता है, क्योंकि पेट्रोल और डीजल इसी से तैयार किए जाते हैं। वैश्विक स्तर पर क्रूड ऑयल महंगा होने पर घरेलू बाजार में ईंधन की कीमतों पर दबाव बढ़ जाता है।

### भारतीय रुपए की स्थिति भी इसमें बेहद महत्वपूर्ण

इसके अलावा डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये की स्थिति भी बेहद महत्वपूर्ण होती है। भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा कच्चे तेल के रूप में आयात करता है, इसलिए रुपये के कमजोर होने पर आयात लागत बढ़ जाती है, जिसका असर पेट्रोल-डीजल के दामों पर पड़ता है।ईंधन कीमतों में केंद्र सरकार की एक्साइज ड्यूटी और राज्यों द्वारा लगाए जाने वाले वैट (वैट) का भी बड़ा योगदान होता है। अलग-अलग राज्यों में टैक्स दरें भिन्न होने के कारण विभिन्न शहरों में पेट्रोल और डीजल के दाम अलग-अलग देखने को मिलते हैं।

### रिफाइनिंग लागत भी कीमत निर्धारण में अहम फैक्टर

रिफाइनिंग लागत भी कीमत निर्धारण में भूमिका निभाती है। कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल में बदलने की प्रक्रिया में आने वाला खर्च, रिफाइनरी की क्षमता और उपयोग किए जाने वाले क्रूड ऑयल के प्रकार पर निर्भर करता है।इसके साथ ही मांग और आपूर्ति की स्थिति भी ईंधन कीमतों को प्रभावित करती है। घरेलू बाजार में मांग बढ़ने या आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

## हरियाणा में 63,170 किमी सड़कों के निर्माण व मरम्मत का लक्ष्य

म्हारी सड़क एप

# सिटीजन फीडबैक आधारित डिजिटल प्लेटफॉर्म से बढ़ी पारदर्शिता,जवाबदेही

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं कर रहे एप पर शिकायतों की नियमित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा सरकार द्वारा सड़कों की मरम्मत एवं रखरखाव व्यवस्था को आधुनिक, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में शुरू की गई म्हारी सड़क एप एक प्रभावी डिजिटल पहल के रूप में स्थापित हो रही है। इससे आम नागरिकों को सीधे शासन व्यवस्था से जोड़ते हुए सड़कों की स्थिति सुधारने में जनभागीदारी को सशक्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं म्हारी सड़क एप पर प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सड़कों के रखरखाव एवं मरम्मत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा सभी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। राज्य सरकार द्वारा विकसित यह एप नागरिकों के फीडबैक पर आधारित है, जिसके माध्यम से सड़कों से संबंधित शिकायतों का न केवल त्वरित संज्ञान लिया जा रहा है, बल्कि संबंधित विभागों की जवाबदेही भी स्पष्ट रूप से तय की जा रही है। एप पर प्राप्त शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे सड़कों की गुणवत्ता में निरंतर सुधार देखने को मिल रहा है। इस एप की विशेषता है कि इसमें लोक निर्माण विभाग, राज्य कृषि विपणन बोर्ड, जिला परिषद, पंचायती राज संस्थाएं, शहरी स्थानीय निकाय तथा हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम सहित सभी संबंधित विभागों के अधीन सड़कों का डेटा जियो-लोकेशन के साथ एकीकृत किया है।

## कंपनियां करेंगी भारी निवेश, उद्योगपतियों संग किया संवाद

# हरियाणा बनेगा इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, एनिमेशन कॉमिक्स सेक्टर का ग्लोबल हब : सीएम नायब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को नई दिल्ली में नई इंडस्ट्रीयल पॉलिसी के संबंध में उद्योगपतियों के साथ संवाद करते हुए कहा कि आईटी, एनिमेशन, विजुअल इफ़ेक्ट, गेमिंग, कॉमिक्स और ईएसडीएम सेक्टर देश की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बनकर उभर रहा है।

हरियाणा, अपनी बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, मजबूत कनेक्टिविटी और इंडस्ट्री-फ्रेंडली माहौल के चलते इस सेक्टर में वैश्विक निवेश आकर्षित करने की अपार संभावनाएं रखता है। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि हरियाणा को ग्लोबल कंपनियों का प्रमुख केंद्र बनाया जाए, जहां देश-विदेश की अग्रणी कंपनियां निवेश करें।

नई इंडसट्रियल पॉलिसी में ईएसडीएम कंपनियों को विशेष प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इसमें कैपिटल सब्सिडी, टैक्स बेनिफिट्स, स्किल डेवलपमेंट सपोर्ट, और ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस जैसे प्रावधान शामिल किए जाएंगे, ताकि उद्योगों को स्थापित करने और विस्तार करने में किसी प्रकार की बाधा न आए।

प्रतिनिधियों ने सुझाव देते हुए कहा कि फ्यूचरिस्टिक प्रोडक्ट और कुछ कंपनियों का चयन करके उन्हें ग्लोबल कंपनी बनाने में मदद की जाए जिससे उस उद्योग से जुड़ी छोटी कंपनियों को भी फायदा मिलेगा।

इसके अलावा, स्टार्टअपस के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर भी विशेष फोकस किया जाए और रिसर्च के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाएं।

ट्रंप के कथित बयान पर सियासी घमासान

# मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी पर उठाए सवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत-अमेरिका संबंधों और हालिया राजनीतिक बयानबाज़ी को लेकर देश में सियासी माहौल गरमा गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक तीखा बयान जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। खरगे ने आरोप लगाया कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत के संदर्भ में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के बावजूद प्रधानमंत्री की चुप्पी चिंताजनक है। कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने बयान में कहा कि 'मोदी जी के प्रिय मित्र' ट्रंप ने एक नोट साझा किया है जिसमें भारत के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। हालांकि, इस कथित बयान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इसे लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। खरगे ने यह भी आरोप लगाया कि इस मुद्दे पर सरकार की ओर से कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं आई है। उन्होंने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के कथन का हवाला देते हुए इसे अपर्याप्त बताया।

### खरगे के प्रमुख आरोप

- *भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को 'एकतरफा' बताया*
- *ट्रंप के उस पुराने दावे का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने 'मध्यस्थता' की बात कही थी।*
- *ब्रिक्स पर ट्रंप के बयान के दौरान प्रधानमंत्री की प्रतिक्रिया पर सवाल उठाया।*
- *अमेरिका द्वारा भारत पर 50 फीसदी तक टैरिफ लगाए जाने का मुद्दा उठाया।*
- *खरगे ने आरोप लगाया कि इन सभी घटनाओं में भारत के हितों से समझौता किया गया है।*
- *'140 करोड़ भारतीयों का अपमान'*
- *खरगे ने कहा कि यह मामला केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि '140 करोड़ भारतीयों की गरिमा' जुड़ा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से इस मुद्दे पर स्पष्ट और सशक्त प्रतिक्रिया देने की मांग की।*

## मध्य प्रदेश में भूमि अधिग्रहण मुआवज़े पर सियासत तेज


# जयराम रमेश ने सरकार पर 'श्रेय लेने' का लगाया आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मध्य प्रदेश में किसानों को भूमि अधिग्रहण पर चार गुना मुआवज़ा देने के फैसले को लेकर राजनीतिक बयानबाज़ी तेज हो गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने राज्य की मध्य प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि यह फैसला नया नहीं, बल्कि पहले से मौजूद कानून का ही देर से किया गया क्रियान्वयन है।

### क्या है पूरा मामला

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी अपने



बयान में कहा कि किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग के बाद राज्य सरकार ने अब चार गुना मुआवज़ा देने का निर्णय लिया है। लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि यह प्रावधान पहले ही भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 में शामिल था, जिसे डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने लागू किया था।

### 10 साल की देरी, अब श्रेय लेने की होड़

कांग्रेस नेता के अनुसार, वर्ष 2013 के इस कानून में ग्रामीण क्षेत्रों के भूमि मालिकों को बाजार दर के चार गुना तक मुआवज़ा देने का स्पष्ट प्रावधान था। उन्होंने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में पिछले एक दशक से इस प्रावधान को प्रभावी रूप से लागू नहीं किया गया और '1.0 मल्टीप्लायर' के आधार पर ही मुआवज़ा दिया जाता रहा। जयराम रमेश ने कहा कि अब जब राज्य सरकार उसी प्रावधान को लागू कर रही है, तो उसे 'नई उपलब्धि' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, जो भ्रामक है।

### भाजपा सरकार पर निशाना

भारतीय जनता पार्टी शासित राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए रमेश ने कहा कि सरकार को इस देरी के लिए किसानों से माफी मांगनी चाहिए, न कि इसे अपनी उपलब्धि बताकर 'झूठी वाहवाही' लेने की कोशिश करनी चाहिए।

### किसानों के लिए क्या मायने

विशेषज्ञों के अनुसार, चार गुना मुआवज़े का प्रावधान ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे भूमि अधिग्रहण के दौरान उन्हें बाजार मूल्य से अधिक आर्थिक सुरक्षा मिलती है। यदि इसे सही तरीके से लागू किया जाता है, तो इससे किसानों की आय और पुनर्वास की स्थिति में सुधार हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### रुपया 33 पैसे टूटकर 94.11 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** रुपये में बृहस्पतिवार को लगातार चौथे दिन गिरावट आई और यह 33 पैसे टूटकर 94.11 प्रति डॉलर पर रहा। रुपया एक महीने में दूसरी बार 94 के स्तर से नीचे आया। पश्चिम एशिया में शांति वार्ता में कोई प्रगति न होने के कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से घरेलू मुद्रा दबाव में है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और अमेरिकी मुद्रा की वैश्विक मांग में वृद्धि के बीच विदेशी पूंजी की निकासी के कारण भी रुपये पर दबाव बना रहा।

### गोदरेज इंडस्ट्रीज ने नए उद्देश्य और ब्रांड पहचान की घोषणा की

**नई दिल्ली।** गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप ने आज अपने नए 'उद्देश्य' और ब्रांड पहचान का अनावरण किया। यह ग्रुप के विकासक्रम में एक निर्णायक मोड़ है, जो इसकी नई पहचान, रणनीति और महत्वाकांक्षा को भविष्य की प्रगति के साथ जोड़ता है। 129 वर्षों की सुदृढ़ विरासत और नए स्वरूप की आधुनिक ऊर्जा से प्रेरित यह पहचान ग्रुप के कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, रियल एस्टेट, फाइनेंशियल सर्विसेज, एग्रीकल्चर और केमिकल्स जैसे विविध पोर्टफोलियो में एक स्पष्ट रणनीतिक तालमेल स्थापित करती है।

### सेंटर फॉर हियरिंग ने नोएडा में नया सेंटर खोलकर अपना विस्तार किया

**नोएडा।** सेंटर फॉर हियरिंग जो आनंद हियरिंग केयर प्रा. लि. का ब्रांड है, ने नोएडा में अपना नया सेंटर शुरू किया। इस सेंटर का उद्घाटन क्रिकेट लीजेंड सैयद किरमानी ने किया। नया केंद्र एक अधिक उन्नत, एकीकृत, अत्याधुनिक और रोगी-केंद्रित हियरिंग केयर अनुभव प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नेक्स्ट-जनरेशन हियरिंग सुविधाओ के साथ डिजाइन किया गया, सेंटर फॉर हियरिंग अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक तकनीकों, विशेषज्ञ डॉ ऑडियोलॉजिस्ट और सहज देखभाल को एक ही छत के नीचे लेकर आता है।

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# भारत में अरबपतियों की संख्या 2031 तक 313 होने का अनुमान

**नाइट फ्रैंक ने अपनी 'द वेल्थ रिपोर्ट 2026' में कहा, अत्यधिक नेटवर्थ होने वाले व्यक्तियों की संख्या 25,217 होने का अनुमान**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में प्रौद्योगिकी, औद्योगिक क्षेत्रों और पूंजी बाजारों में संपत्ति सृजन से 2031 तक अत्यधिक नेटवर्थ वाले व्यक्तियों की संख्या 25,217 और अरबपतियों की 313 होने का अनुमान है। अत्यधिक नेटवर्थ वाले व्यक्ति (यूएचएनडब्ल्यूआई) वे होते हैं जिनकी कुल संपत्ति तीन करोड़ डॉलर या उससे अधिक होती है। वर्तमान में भारत में ऐसे व्यक्तियों की संख्या 19,877 है। जबकि अरबपतियों की संख्या 207 हैं। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक ने अपनी 'द वेल्थ रिपोर्ट 2026' बृहस्पतिवार को जारी की। इसमें कहा गया कि वैश्विक अनिश्चितताओं, बढ़ती ब्याज दरों की चिंताओं और असमान आर्थिक प्रदर्शन के बावजूद वैश्विक संपत्ति सृजन में 'तेजी से वृद्धि' हुई है।

### वैश्विक संपत्ति परिदृश्य में भूमिका बढ़ी

नाइट फ्रैंक के अनुसार, " भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 19,877 से बढ़कर 2031 तक 25,217 होने का अनुमान है, जो वैश्विक संपत्ति परिदृश्य में उसकी बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। साथ ही प्रौद्योगिकी, औद्योगिक क्षेत्रों और पूंजी बाजारों में असाधारण संपत्ति सृजन को भी रेखांकित करता है।"



### कुल संख्या में मुंबई की हिस्सेदारी 35.4 प्रतिशत

भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की कुल संख्या में मुंबई की हिस्सेदारी 35.4 प्रतिशत है। भारत अब दुनिया में यूएचएनडब्ल्यूआई की छठी सबसे बड़ी आबादी वाला देश है। वैश्विक स्तर पर यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 2021 के 5,51,435 से बढ़कर 7,13,626 हो गई है।

### पांच वर्षों में अरबपति 58 प्रतिशत बढ़े

नाइट फ्रैंक के अनुसार, देश में पिछले पांच वर्ष में अरबपतियों की संख्या 58 प्रतिशत बढ़कर 2026 में 207 हो गई है जिससे यह अमेरिका (914) और चीन (485) के बाद तीसरे स्थान पर आ गया है। देश में अरबपतियों की संख्या 2026 की शुरुआत के 207 से बढ़कर 2031 तक 51 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 313 होने का अनुमान है।

### धनवानों का बढ़ना आर्थिक विकास की निशानी

नाइट फ्रैंक इंडिया के अंतरराष्ट्रीय साझेदार, चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, " भारत में धनवानों की संख्या का बढ़ना उसकी आर्थिक विकास को दर्शाता है। यह अधिक उद्यमशील अर्थव्यवस्था बनते हुए मजबूत पूंजी भंडार, अधिक विकसित वित्तीय बाजारों और वैश्विक स्तर पर जुड़े संस्थापकों एवं निवेशकों के बढ़ते समूह के साथ आगे बढ़ रहा है।" उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण, सूचीबद्ध शेयर बाजार, निजी पूंजी और पारिवारिक स्वामित्व वाले व्यवसाय सभी इसमें भूमिका निभाते हैं।

## मंत्रालय ने चुनाव के बाद पेट्रोल व डीजल के दाम बढ़ाने से भी किया इंकार

# पेट्रोल, डीजल की कीमत बढ़ाने की अभी कोई योजना नहीं : सरकार

**तेल कंपनियों को पेट्रोल पर 20, डीजल पर 100 रुपए लीटर का नुकसान**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां पेट्रोल पर लगभग 20 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर लगभग 100 रुपये प्रति लीटर का नुकसान उठा रही हैं।

**देश की सार्वजनिक तेल कंपनियां नुकसान उठा रही**

सरकार ने स्पष्ट संकेत दिया कि फिलहाल पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमत को बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने विधानसभा चुनाव के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतें 25-28 रुपये प्रति लीटर बढ़ाए जाने का दावा करने वाली खबरों को खारिज कर दिया और कहा कि ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

### कच्चा तेल युद्ध से पहले 70 डॉलर प्रति बैरल था

पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर एक सम्मेलन में पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि कच्चे तेल और एलपीजी की अंतरराष्ट्रीय कीमतें बहुत अस्थिर रही हैं। फिर भी सरकार ने कीमतें नहीं बढ़ाई हैं। उन्होंने बताया कि कच्चा तेल पिछले साल 70 डॉलर प्रति बैरल था और इस महीने औसतन 113 डॉलर से अधिक रहा।




### तेल व्यापार का पांचवां हिस्सा संभालता है होर्मुज

अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतें 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले तथा उसकी जवाबी कार्रवाई के बाद तेजी से बढ़ी हैं। इससे दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक, फारस की खाड़ी को वैश्विक बाजारों से जोड़ने वाला तथा वैश्विक तेल व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा संभालने वाला होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद हो गया है।

### ईरान युद्ध से तेल बढ़कर 119 डॉलर प्रति बैरल पहुंचा

ईरान युद्ध के बाद तेल की कीमतें लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 119 डॉलर तक पहुंच गई थीं। हालांकि बाद में कुछ गिरावट आई। नए सिरे से तनाव शुरू होने के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत 103-106 डॉलर प्रति बैरल के बीच बनी हुई है। कच्चे कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक वृद्धि के बावजूद भारत में पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे हैं।

### भारत में पिछले चार साल से पेट्रोल व डीजल की कीमतें नहीं बढ़ी

मंत्रालय ने कहा कि ऐसी खबरें "नागरिकों में डर एवं घबराहट पैदा करने के लिए पेश की जा रही हैं और ये भ्रामक व गुमराह करने वाली हैं।" 'एक्स' पर मंत्रालय की ओर से यह भी कहा गया, "दरअसल, भारत ही एक ऐसा देश है जहां पिछले चार साल में पेट्रोल और डीजल की कीमतें नहीं बढ़ी हैं। भारत सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने अंतरराष्ट्रीय कीमतों में तेज बढ़ोतरी के प्रभाव से भारतीय नागरिकों को बचाने के लिए लगातार कदम उठाए हैं।"

### स्पष्टीकरण कोटक की रिपोर्ट के बाद आया

यह स्पष्टीकरण कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के बाद आया है जिसमें संकेत दिया गया था कि पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में 29 अप्रैल को मतदान खत्म होने के बाद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हो सकती है। कोटक ने कच्चे तेल की कीमत करीब 120 डॉलर प्रति बैरल रहने के आधार पर 25-28 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया था।

### बैंकों से छोटे उद्यमों, किसानों को ऋण देने का आग्रह : नागराजू

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम नागराजू ने बृहस्पतिवार को बैंकों से जिम्मेदार बैंकिंग का पालन करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ऋण का प्रवाह न केवल बड़ी कंपनियों बल्कि सूक्ष्म, छोटे एवं मझोले उद्योगों (एमएसएमई) और किसानों तक भी हो।

**NOTICE**

I, Smt. Roshri Devi, Wife of Sh Bacchan Singh, aged about ---- years residence of 29/A-1, A- 1 Block, Dharmapura Extension, Najafgarh, Delhi 110043 declare that my son namely Sh. Pawan is my biological son and Smt. Babita is my daughter-in-law (wife of Sh. Pawan). Due to their continuous misconduct, ill behaviour, and acts against my wishes and interests, I have been deeply hurt and aggrieved by their conduct. So, I here by dis-own and debar both of them from my move-able and immoveable properties. I shall be not responsible for there any acts, deeds, liabilities and obligations undertaken by both of them.

**मालवीय राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान जयपुर**
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302017
**पीएच.डी. और मास्टर्स डिग्री प्रोग्राम्स 2026-27 के लिए प्रवेश**

एफ.4/ए-I-I/2026-27/एकेड/पीएच.डी./01

विषम सैमेस्टर 2026-27 (जुलाई 2026) के लिए सभी विभागों/केन्द्रों में **पीएच.डी. और एम.टेक./एम.प्लान. (प्रायोजित (पूर्णकालिक/अंशकालिक) और पूर्णकालिक स्व-वित्तपोषित)** के लिए प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अधिक जानकारी के लिए पधारें : www.mnit.ac.in. ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि 07 मई 2026 है।

सीबीसी-21312/11/0003/2627 रजिस्ट्रार

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण/उत्तर रेलवे, डीआरएम कार्यालय, नई दिल्ली-110001 निम्नलिखित कार्य हेतु दो पैकेट प्रणाली के अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित करता है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम और स्थान | DLI डिवीजन के ANVT-TKJ में तीसरी और चौथी लाइन के चालू करने के कार्य के लिए 22 केवी सिंगल फेज एसी के डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, चालू करने और संशोधन का कार्य। |
| 2 | कार्य का समाप्ति अवधि | 12 महीने |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 18,74,86,255.73/- |
| 4 | बयाना राशि (ऑनलाइन जमा की जानी है) | Rs 10,87,400/- |
| 5 | ई-निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | निविदाएं दिनांक 15.05.2026 को 15.00 बजे तक IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जा सकती है। बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, निविदाएं अपलोडिंग की समाप्ति के तुरंत बाद 15.05.2026, 15.00 पर बजे खोली जाएंगी। |
| 6 | विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज | विस्तृत निविदा दस्तावेज **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 01.05.2026 से 15.05.2026 तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए उपलब्ध रहेगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम व शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखी जा सकती है। |

निविदा संख्या : 346/Dy.CEE/C/NDLS/2025-26, दिनांक: 22.04.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1338/26

# पश्चिम एशिया तनाव से सेंसेक्स 852 अंक टूटा

**कच्चा तेल एकबार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा**

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 205 अंक नुकसान में रहा। अमेरिकी-ईरान वार्ता रुकने के कारण कच्चा तेल एक बार फिर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने से बाजार में गिरावट आई। कारोबारियों के अनुसार विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के साथ ही एशियाई और यूरोपीय बाजारों में कमजोर रुख ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। तीस शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 852.49 अंक टूटकर 77,664 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 205.05 अंक गिरकर 24,173.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयर में ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक में उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर अदाणी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, सन फार्मा, भारती एयरटेल और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लाभ में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.89 प्रतिशत बढ़कर 103.8 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद ने कहा, "भारतीय बाजारों में गिरावट का सिलसिला जारी रहा, निफ्टी में लगातार दूसरे दिन नरमी देखी गई।



## पीएनबी मेटलाइफ ने मनाया पृथ्वी दिवस

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएनबी मेटलाइफ) ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर गुरुग्राम के सोहना स्थित गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गैरतपुर बास में छात्रों के साथ एक सामुदायिक पहल का आयोजन किया। यह पहल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जमीनी स्तर पर जुड़ाव को मजबूत करने की दिशा में कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस पहल के तहत पौधारोपण अभियान, ड्राइंग और पेंटिंग गतिविधियाँ, तथा जल संरक्षण के महत्व पर एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों को छोटी उम्र से ही पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी के लिए जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में 100 पौधे लगाए गए। लंबे समय तक देखभाल और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने के लिए, छात्रों को एक पौधा अपनाने और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी लेने के लिए भी प्रेरित किया गया। इससे उन्हें प्रकृति के साथ व्यक्तिगत जुड़ाव बनाने और पर्यावरण के लिए निरंतर प्रयासों के महत्व को समझने में मदद मिली। पीएनबी मेटलाइफ के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने इस पहल में स्वयंसेवक के रूप में भाग लिया, जो संगठन में सामुदायिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की संस्कृति को दर्शाता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रवि शंकर पुत्र जगनाथ शर्मा पताः मकान नं. बी-94, मैन गुरूद्वारा रोड, इंद्रापुरी लोनी गाजियाबाद यूपी मोबाईलः 9540535912 ने एफआईआर संख्या 637/2023 धारा 174ए भा.द.स. के तहत** थानाः ज्योति नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रवि शंकर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रवि शंकर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 637/2023 धारा 174ए भा.द.स. के तहत थाना ज्योति नगर, दिल्ली के उक्त रवि शंकर** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
राहुल सैनी
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-08
कमरा नं.जी-06, न्यू कोर्ट बिल्डिंग,
शाहदरा जिला
DP/5271/NE/2026 कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

## राशिफल

**मेष** करियर में नई चुनौतियां स्वीकार करने का मौका मिलेगा, मेहनत से तरक्की संभव है। आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च से बचें।

**वृष** काम में धैर्य से सफलता मिलेगी, व्यापार में अच्छे सौदे हो सकते हैं। परिवार के साथ समय बिताना फायदेमंद रहेगा।

**मिथुन** चंद्रमा मिथुन से कर्क की ओर जाने से भावनाओं में उतार-चढ़ाव रहेगा, लेकिन गुरु का प्रभाव बुद्धिमत्ता बढ़ाएगा। प्रेम में उत्साह और रोमांस रहेगा।

**कर्क** करियर में मेहनत की जरूरत पड़ेगी, लेकिन परिणाम सकारात्मक रहेंगे। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। प्रेम संबंधों में संवाद बढ़ाएं, गलतफहमियां दूर होंगी।

**सिंह** आज नेतृत्व और आत्मविश्वास का दिन होगा। चंद्रमा सिंह में प्रवेश करने से ऊर्जा और रचनात्मकता बढ़ेगी। दिन शानदार रहेगा।

**कन्या** नौकरी में छोटे बदलाव या नई जिम्मेदारियां आ सकती हैं। निवेश सावधानी से करें। परिवार में शांति और समझ बनी रहेगी।

**तुला** करियर में टीम वर्क फायदेमंद रहेगा। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। परिवार के साथ समय बिताना सुखद होगा। प्रेम जीवन में रोमांस और खुशियां रहेंग।

**वृश्चिक** करियर में कड़ी मेहनत रंग लाएगी। आर्थिक दृष्टि से दिन मिश्रित रहेगा। परिवार में छोटी बहस से बचें, संयम रखें। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहें।

**धनु** आज भाग्य और ऊर्जा का दिन रहेगा। गुरु का प्रभाव नई प्रेरणा देगा। करियर और व्यापार में प्रगति होगी, आर्थिक लाभ अच्छा रहेगा।

**मकर** करियर में उपलब्धियां हासिल होंगी। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। परिवार में सम्मान और सहयोग बढ़ेगा। प्रेम में गंभीरता और विश्वास दिखाएं।

**कुंभ** आर्थिक पक्ष अनुकूल रहेगा। मित्रों और सामाजिक दायरे से सहयोग मिलेगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। प्रेम जीवन में रोमांच रहेगा।

**मीन** करियर में भावनात्मक बुद्धि काम आएगी। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। परिवार में भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा। प्रेम जीवन में गहराई और समझ आएगी।



### वीएनएमकेवी परभणी ने सार्वजनिक बीटी कपास बीज आपूर्ति की प्रतिबद्धता जताई!

**परभणी।** अखिल भारतीय किसान सभा (**AIKS**), परभणी जिला के एक प्रतिनिधिमंडल ने वसंतराव नाइक मराठवाड़ा कृषि विद्यापीठ (**VNMKV**), परभणी के उपकुलपति डॉ. इंद्रमणि से मुलाकात की, और सार्वजनिक क्षेत्र के **Bt** कपास सीधे किस्मों की दीर्घकालिक मांग पर अस्पष्ट आश्वासन हासिल किया ऐसे बीज जो भारत के कपास किसानों को 10,000 करोड़ वार्षिक कॉरपोरेट धंधे से मुक्त कर सकते हैं। **AIKS** प्रतिनिधिमंडल ने **VNMKV** परभणी द्वारा दशकों के सार्वजनिक धन से विकसित पांच सीधे **Bt** कपास किस्मों **NH** 22037 **Bt BG-II**, **NH** 22038 **Bt BG-II**, **NH** 1901 **BT**, **NH** 1902 **BT**, और 1904 **BT** की तत्काल उपलब्धता की मांग की।

### इंडियन ऑयल ने पूरे देश में पेट्रोलियम उत्पादों की निर्बाध उपलब्धता का आश्वासन दिया

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल सभी नागरिकों को आश्वासन देता है कि पूरे देश में हमारे सभी सप्लाई चैनलों के माध्यम से पेट्रोल (**MS**) और डीज़ल (**HSD**) की उपलब्धता सामान्य और निर्बाध बनी हुई है। 1 अप्रैल से 21 अप्रैल 2026 के दौरान, रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से पेट्रोल (**MS**) और डीज़ल (**HSD**) की बिक्री में 13% से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। इस बढ़ी हुई मांग को हमारे 42,000 से अधिक फ्यूल स्टेशनों के विशाल वितरण नेटवर्क के माध्यम से कुशलतापूर्वक पूरा किया गया है; यह नेटवर्क हमारी मजबूत लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन क्षमताओं द्वारा समर्थित है। जिससे हम बिना किसी रुकावट के देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को लगातार पूरा करने में सक्षम हैं। ग्राहकों से अनुरोध है कि वे केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें। इंडियन ऑयल पारदर्शी और विश्वसनीय संचालन के प्रति प्रतिबद्ध है और देश के लिए ऊर्जा की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करता है।



### केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने सुजल ग्राम संवाद के छठे संस्करण की अध्यक्षता की

**नई दिल्ली।** जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने आज बहुभाषी 'सुजल ग्राम संवाद' के छठे संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने वर्चुअल माध्यम से की, जिससे 'जल जीवन मिशन' के तहत समुदाय-नेतृत्व वाले जल सुशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और मजबूत हुई। इस संवाद में ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य, समुदाय के प्रतिभागी, जल साहिया, जल बाहिनियां, जल सखियां, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, छात्र, शिक्षक और ग्राम पंचायतों के अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता शामिल हुए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शिवम, पुत्रः तेज पाल, निवासीः निहाल विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 645/2022, U/s: 380/511 IPC, पुलिस थाना पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शिवम** मिल नही रहा है। और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शिवम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना पश्चिम विहार पूर्व, दिल्ली** के अभियुक्त **शिवम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.06.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री मोक्षा बैंस
जेएमएफसी-11, पश्चिम, कमरा नंबर 31,
DP/5305/OD/2026 तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

## शब्द पहेली - 6205




**बाएँ से दाए-**
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1, 2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

**शब्द पहेली -6204 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| का | | बु | आ | | द | | स | खत | | मु |
| र | क्त | | कु | क | र | मु | त्ता | | जा | ला |
| तू | | म | ल | | मि | | धी | र | | य |
| स | क्रि | य | ता | | या | | श | ब | न | म |
| | या | | | | न | | | | या | |
| रा | शी | क | र | ण | | भा | र | ही | न | ता |
| | ल | | | | टी | | | | वे | |
| री | ता | प | न | | ना | | न | ह | ला | ना |
| इं | | स | जा | | मु | | का | म | | का |
| ब | लि | | क | हा | नी | का | र | | छ | बि |
| र्स | | गी | त | | म | | ना | नी | | ल |



# आईपीएल : गेल ने 37, रसेल ने 47 और क्लासेन ने 52 पारी में ठोक डाले 100 छक्के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में हेनरिक क्लासेन इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सनराइजर्स हैदराबाद की जीत में अहम योगदान दिया। क्लासेन ने 13 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। इस बीच उन्होंने आईपीएल में अपने 100 छक्के भी पूरे किए। इस बीच लीग में सबसे कम पारियों में 100 छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### हेनरिक क्लासेन (52 पारी)

*क्लासेन ने अपने आईपीएल करियर की 52 पारियों में छक्कों का शतक पूरा किया। क्लासेन ने 1,072 गेंदों में 100 छक्कों का आंकड़ा छुआ, जिससे वह गेंदों के हिसाब से सातवें सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं। क्लासेन ने मैच में 13 गेंदों में नाबाद 37 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में 3 चौके और 3 छक्के लगाए। उन्होंने 56 मैचों में 41.86 की औसत और 166.51 के स्ट्राइक रेट से 1,800 रन बनाए हैं।*

### गेल (37 पारी)

*वेस्टइंडीज के क्रिस गेल ने 37 पारियों में अपने 100 छक्के पूरे किए थे। वह आईपीएल में 4 टीमों के लिए खेले थे। इस खिलाड़ी ने अपना पहला मुकाबला साल 2009 में खेला था। आखिरी बार वह 2021 में खेलते हुए नजर आए थे। गेल ने 142 मैच की 141 पारियों में 357 छक्के लगाए थे। उनके बल्ले से 404 चौके भी निकले थे। इस खिलाड़ी ने 39.72 की औसत और 148.96 की स्ट्राइक रेट से 4,965 रन बनाए थे।*



### आंद्रे रसेल (47 पारी)

*केकेआर के पूर्व दिग्गज आंद्रे रसेल ने 47 पारियों में अपने 100 आईपीएल छक्के पूरे किए थे। रसेल ने अपने आईपीएल करियर में 140 मैच खेले, जिसमें 28.20 की औसत और 174.17 की स्ट्राइक रेट से 2,651 रन बनाए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में 12 अर्धशतक बनाए हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 88 रन बनाए हैं। दूसरी तरफ गेंदबाजी में उन्होंने 23.27 के औसत से 123 विकेट भी लिए हैं।*

## आईपीएल में सर्वाधिक 8 शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं विराट कोहली

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में अब तक कुछ बेहतरीन शतक लग चुके हैं। इस सीजन के 31वें मैच में एसआरएच के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 68 गेंदों में 135 रन की बड़ी पारी खेली। उनके शतक की मदद से एसआरएच ने मैच में 47 रन से जीत दर्ज की। इस बीच टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

### विराट कोहली

विराट कोहली का टी-20 क्रिकेट करियर बेमिसाल रहा है। उन्होंने अपने टी-20 करियर में अब तक 13,000 से अधिक रन बनाए हैं, जिसमें कुल 9 शतक शामिल हैं। इस दिग्गज बल्लेबाज ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक शतक लगाया है। इसके अलावा आईपीएल में उन्होंने 8 शतकीय पारियां खेली हैं। वह आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। बता दें कि कोहली 2007 से टी-20 क्रिकेट खेल रहे हैं।



### रोहित शर्मा

रोहित शर्मा टी-20 क्रिकेट में कुल 8 शतक लगा चुके हैं। वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में 12,000 से अधिक रन बना चुके हैं। पूर्व भारतीय कप्तान ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 5 शतक लगाए हैं। उन्होंने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत 151 पारियों में 4,231 रन के साथ किया था। इसके अलावा आईपीएल में उनके बल्ले से 2 शतक और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में एक शतक निकले हैं।

## खबर संक्षेप

### बार्सिलोना सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग का खिताब जीता



**बार्सिलोना।** बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 4-1 से हराकर लगातार सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर मौजूद रियाल मैड्रिड से 16 अंक आगे हो गया है जो खिताब जीतने के लिए पर्याप्त हैं। बार्सिलोना का यह 11वां लीग खिताब है। बार्सिलोना ने इस साल के टूर्नामेंट में अपने 26 मैचों में से 25 मैच जीते हैं। पिछले साल नवंबर में उसे रियल सोसिडाड के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा था जो उसकी एकमात्र हार थी। बार्सिलोना की महिला टीम ने लीग में अब तक 116 गोल किए हैं और सात गोल खाए हैं। इस तरह से उसका गोल अंतर 109 है। रियाल मैड्रिड का गोल अंतर 38 है।

### हालैंड के गोल से प्रीमियर लीग में शीर्ष पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी



**लंदन।** स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने बर्नली को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल करके आर्सेनल के 200 दिनों से पहले स्थान पर चल रहे दबदबे को समाप्त कर दिया। बर्नली के लिए यह हार करारा झटका है क्योंकि इससे वह दूसरे डिवीजन में खिसक गया है। हालैंड ने खेल के पांचवें मिनट में ही जेरेमी डोकु के पास पर लीग का अपना 24वां गोल दागा, जिससे सिटी खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। **सिटी और आर्सेनल के हुए समान अंक :** अब सिटी और आर्सेनल के 33 मैच में समान 70 अंक हो गए हैं और उनका गोल अंतर भी (37) बराबर है। सिटी ने हालांकि आर्सेनल के 63 गोल की तुलना में 66 गोल किए हैं जिससे वह पहले स्थान पर पहुंच गया है।

### प्रियानुज और ऋत्विक राष्ट्रीय चैंपियन बने



**देहरादून।** असम के प्रियानुज भट्टाचार्य ने शानदार वापसी करते हुए फाइनल में तमिलनाडु के पी बी अभिनंद को हराकर बृहस्पतिवार को यहां जूनियर और युवा राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप का अंडर-19 लड़कों का एकल खिताब जीत लिया। भट्टाचार्य ने 4-2 से जीत हासिल की। तमिलनाडु के अभिनंद और एम आर बालमुरुगन ने अपने ही राज्य के एस के मेहान और उमेश कुमार पर 3-1 की जोरदार जीत के साथ युगल खिताब अपने नाम कर लिया। **अंडर-17 में रोमांचक रहा मुकाबला :** वहीं अंडर-17 लड़कों के एकल वर्ग का फाइनल बेहद रोमांचक रहा जिसमें जम्मू-कश्मीर के ऋत्विक गुप्ता ने ओडिशा के सार्थक आर्य को सात गेम तक चले संघर्षपूर्ण मैच में 4-3 से हराकर खिताब जीता।


### मुंबई की आईपीएल में सबसे बड़ी हार

# संजू सैमसन का शतक, सीएसके ने मुंबई इंडियंस को 103 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| मुंबई

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (नाबाद 101) के सत्र के दूसरे शतक और बाएं हाथ के स्पिनर अकील हुसैन (17 रन देकर चार विकेट, एक मेडन) की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मुंबई इंडियंस को 103 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत से सीएसके छह अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर पहुंच गई जबकि मुंबई इंडियंस चार अंक से आठवें स्थान पर खिसक गई। सैमसन के आईपीएल में अपने पांचवें शतक के लिए 54 गेंद खेलीं जिसमें 10 चौके और छह छक्के जड़े थे। उनके शतक से सीएसके ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद छह विकेट पर 207 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस शुरूआती झटकों से नहीं उबर सकी और 19 ओवर में महज 104 रन पर ऑल आउट हो गई।

- सैमसन की सीजन की दूसरी सेंचुरी
- अकील हुसैन को 4 विकेट




**चेन्नई-207/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 101 |
| रुतुराज का तिलक बो गजनफर | 22 |
| सरफराज खान बो सैंटनर | 14 |
| शिवम दुबे का गजनफर | 05 |
| डेवाल्ड का बुमराह बो अश्विनी | 21 |
| कार्तिक का सैंटनर बो बुमराह | 18 |
| जेमी का धीर बो अश्विनी | 15 |
| अकील हुसैन नाबाद | 02 |

अतिरिक्त : 09

कुल योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 207 रन

विकेट पतन : 1-32, 2-72, 3-91, 4-122, 5-165, 6-181

गेंदबाजी: बुमराह 4-0-31-1, हार्दिक 2-0-38-0, गजनफर 4-0-25-2, सैंटनर 4-0-44-1, अश्विनी 4-0-37-2, कृष भगत 2-0-31-0

**मुंबई-104/10 (19)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| क्विंटन डिकॉक बो मुकेश चौधरी | 07 |
| दानिश का सैमसन बो हुसैन | 00 |
| नमन धीर बो हुसैन | 00 |
| सूर्यकुमार का सरफराज बो हुसैन | 35 |
| तिलक वर्मा बो हुसैन | 37 |
| हार्दिक पांड्या का चौधरी बो नूर | 01 |
| शेरफाने का कंबोज बो नूर | 00 |
| शार्दुल का ब्रेविस बो कंबोज | 06 |
| कृष का गुरजपनीत बो ओवरटन | 07 |
| अश्विनी कुमार नाबाद | 01 |
| बुमराह का सैमसन बो गुरजपनीत | 02 |

अतिरिक्त : 08

कुल योग : 19 ओवर में 104 रन पर सभी आउट

विकेट पतन : 1-7, 2-7, 3-11, 4-122, 5-85, 6-85, 7-87, 8-100, 9-100

गेंदबाजी: हुसैन 4-0-17-4, मुकेश 4-0-31-1, अंशुल 3-0-10-1, नूर 4-0-23-2, जेमी 2-0-14-1, गुरजपनीत 2-0-7-1

### आरसीबी और गुजरात के बीच भिड़ंत आज

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 34वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना आज शुक्रवार को गुजरात टाइटंस से होगा। आरसीबी ने इस संस्करण अब तक 6 मुकाबले खेले हैं। 4 मैच में उसे जीत और 2 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। जीटी ने भी 6 मैच खेले हैं। तीन मैच में उसे जीत और इतने ही मुकाबलों में उसे हार मिली है। यह मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। यहां की पिच बल्लेबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती है। यह मैदान अपनी छोटी बाउंड्री के कारण हाई स्कोरिंग मैदान के रूप में जाना जाता है। हालांकि, यहां स्पिन गेंदबाजों बीच के ओवर के दौरान प्रभावशाली होते हैं।

## आईपीएल इतिहास में भुवनेश्वर 208 व बुमराह 184 धुरंधरों को पहुंचा चुके हैं पैवेलियन





एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 30वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को 99 रनों से हरा दिया। इसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अहम भूमिका निभाई। लंबे समय से खराब फॉर्म के बाद बुमराह ने इस संस्करण में अपने विकेटों का खाता खोला और पारी की पहली गेंद पर साई सुदर्शन को आउट कर दिया। इसके साथ ही वह ड्वेन ब्रावो को पीछे छोड़कर आईपीएल में दूसरे सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज बन गए।

### बुमराह - 184 विकेट

बुमराह अब आईपीएल इतिहास में तेज गेंदबाजों में दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। अपने शानदार करियर में उन्होंने 151 मैचों में 22.88 के औसत से 184 विकेट लिए हैं। ये सभी विकेट उन्होंने एमआई के लिए खेलते हुए चटकाए हैं। उनकी इकॉनमी रेट 7.28 है और उन्होंने 2 बार 5 विकेट लिए हैं। खास बात यह है कि बुमराह के नाम टूर्नामेंट में किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड है।

### भुवनेश्वर - 208 विकेट

आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के भुवनेश्वर कुमार हैं। उन्होंने इस संस्करण में ही अपने 200 विकेट पूरे किए हैं।

भुवनेश्वर ने अब तक 196 मैचों में 26.98 की औसत से 208 विकेट अपने नाम किए हैं। उन्होंने 2 बार 5 और दो बार 4 विकेट हॉल लेने का कारनामा किया है। तीन फ्रेंचाइजी के लिए खेल चुके भुवनेश्वर पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं।

### ड्वेन ब्रावो - 183 विकेट

इस सूची में वेस्टइंडीज और चेन्नई सुपरकिंग्स के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो तीसरे पायदान पर हैं। वह अपने आईपीएल करियर में 161 मैचों की 158 पारियों में 23.82 की औसत और 8.39 की इकॉनमी से 183 विकेट चटकाने में सफल रहे थे। सीएसके, एमआई और गुजरात लायंस का प्रतिनिधित्व कर चुके ब्रावो अपने करियर में 2 बार 4 विकेट हॉल लेने में सफल रहे थे। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 22 रन देकर 4 विकेट लेना रहा है।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे भारत के शीर्ष जूनियर ट्रैक एवं फील्ड एथलीट

एजेंसी ▶▶| तुमकुर (कर्नाटक)

देश की उभरती हुई ट्रैक एवं फील्ड प्रतिभाओं की परीक्षा शुक्रवार से यहां महात्मा गांधी स्टेडियम में शुरू हो रही तीन दिवसीय राष्ट्रीय जूनियर (अंडर-20) एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में होगी जिसमें कई खिलाड़ियों की नजरें भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करने पर टिकी होंगी। कुल मिलाकर 709 पुरुषों सहित 1,059 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भागीदारी की पुष्टि की है। यह प्रतियोगिता रविवार को संपन्न होगी।

### अगले महीने एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

अगले महीने हांगकांग में होने वाली एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए इस प्रतियोगिता में काफी कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है, विशेषकर तब जब भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए कड़े क्वालीफिकेशन मानक घोषित किए हैं।



### पहले दिन महिला खिलाड़ियों का भी फैसला

प्रतियोगिता के पहले दिन सबसे तेज महिला धावक का भी फैसला होगा। महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में 37 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेने की पुष्टि की है। महिलाओं की पोल वॉल्ट और चक्का फेंक स्पर्धाओं में भी पदक विजेताओं का फैसला होगा।

## राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज बर्गर पर जुर्माना

**लखनऊ।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान इंडियन प्रीमियर लीग की आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि इस 30 वर्षीय खिलाड़ी के खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

बयान के अनुसार, ''राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज नांद्रे बर्गर पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है।

## चोट से उबरे मिचेल स्टार्क डीसी के लिए खेलने आ रहे भारत

कंधे और कोहनी की चोट से जूझ रहे थे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के स्टार तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में खेलने के लिए अनुमति मिल गई है। 36 वर्षीय स्टार्क कंधे और कोहनी की चोट से जूझ रहे थे, अब वे बिना दर्द गेंदबाजी कर रहे हैं। वह 1 मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच से पहले दिल्ली कैपिटल्स टीम से जुड़ सकते हैं। चोट के कारण लंबे समय से बाहर रहने के बाद यह उनका इस सीजन पहला मुकाबला हो सकता है।

### जनवरी के बाद से नहीं खेला एक भी मैच

स्टार्क ने इस साल जनवरी के अंत के बाद से किसी तरह का क्रिकेट नहीं खेला है। नवंबर, 2025 और जनवरी, 2026 के बीच खेली गई एशेज सीरीज में उन्होंने 31 विकेट लेकर 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए बिग बैश लीग में 5 मैच खेले, जहां पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ फील्डिंग करते समय उनके बाएं कंधे और कोहनी में चोट लग गई थी।



### जल्द आएंगे भारत

चोट से ब्रेक के बाद गेंदबाजी करते समय स्टार्क को थोड़ी तकलीफ महसूस हुई, जिससे आईपीएल में वे अब तक टीम से नहीं जुड़े हैं। आईपीएल की शुरुआत में भारत नहीं आने को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना हुई थी, जिस पर स्टार्क ने सोशल मीडिया पर सफाई दी थी। उन्होंने अपनी गैरमौजूदगी पर फैली गलत जानकारी पर निराशा जताई थी। अब सिडनी में एक हफ्ते तक गेंदबाजी करने के बाद वह शुक्रवार को भारत रवाना होंगे।

### आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप प्रतियोगिता

# भारत के निशानेबाजों ने एक दिन में जीते चार मेडल

एजेंसी ▶▶| काहिरा

भारत के युवा निशानेबाजों ने आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एक ही दिन में 4 मेडल अपने नाम किए। इस दमदार प्रदर्शन के साथ भारत का कुल पदक 7 पहुंच गया है, जो देश की मजबूत शूटिंग परंपरा को दर्शाता है।

इससे पहले शिवा नरवाल ने गोल्ड, चिराग शर्मा और पनाह भुंगरा ने सिल्वर मेडल जीते थे, जिससे भारत लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। काहिरा में आयोजित इस वर्ल्ड कप में 25 देशों के 284 निशानेबाज हिस्सा ले रहे हैं। भारत ने सबसे बड़ा दल (71 खिलाड़ी) भेजा है, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी मजबूत उपस्थिति को दर्शाता है। भारत के युवा निशानेबाज लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और जूनियर वर्ल्ड कप में अपनी छाप छोड़ रहे हैं। यह प्रदर्शन भविष्य के लिए भारतीय शूटिंग के उज्ज्वल संकेत दे रहा है।

### सीजल कांबले ने जीता सिल्वर

सीजल कांबले ने महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। फाइनल में उन्होंने 27 का स्कोर किया और दूसरे स्थान पर रहीं। इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में उन्होंने 580 का स्कोर कर टॉप किया था, जो उनकी शानदार फॉर्म को दर्शाता है।

### अन्य भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन

इसी स्पर्धा में अंजलि भागवत और परीशा गुप्ता भी फाइनल तक पहुंचीं। हालांकि दोनों खिलाड़ी पदक से चूक गईं और क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर रहीं। इसके बावजूद उनका फाइनल तक पहुंचना टीम के लिए सकारात्मक संकेत है।




### कुल पदक संख्या

भारत के खाते में अब तक 1 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल आ चुके हैं।

### पुरुष 25 मीटर पिस्टल में भारत का दबदबा

*पुरुष 25 मीटर पिस्टल इवेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक अपने नाम किए। राज चंद्र ने 580 स्कोर के साथ सिल्वर जीता, जबकि अभिनव देशवाल ने 578 के साथ ब्रॉन्ज हासिल किया। इस इवेंट में टॉप-6 में पांच भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी भारत की मजबूती को दिखाती है।*

## दक्षिण अफ्रीका ने टी20 सीरीज में भारत से बनाई अजेय बढ़त

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

कप्तान लौरा वोल्वार्ट (53 गेंदों में 115 रन) की आतिशी शतकीय पारी और पहले विकेट के लिए सुने लुस (42 गेंदों में नाबाद 64 रन) के साथ 92 गेंदों में 183 रन की साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारत को तीसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली। दक्षिण अफ्रीका ने 16.3 ओवर में एक विकेट पर 193 रन बनाकर भारत के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।



### हरमन और शेफाली के अर्धशतक बेकार

भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (64) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 42 गेंदों में 73 रन की साझेदारी की बदौलत चार विकेट पर 192 रन बनाए थे, लेकिन वोल्वार्ट की ताबड़तोड़ पारी ने इस बड़े स्कोर को भी बौना साबित कर दिया।

**खबर संक्षेप**

## गृह मंत्रालय ने जारी की आतंकियों की सूची




**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के ज्यादातर खूंखार आतंकियों ने सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों को गच्चा देने के लिए अपने नाम बदल रखे हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 'गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम यूएपीए के तहत आतंकियों की जो सूची तैयार की गई है, उसमें 57 आतंकियों के लगभग 200 नाम लिखे गए हैं। भारत के मोस्ट वांटेड आतंकी दाऊद इब्राहिम के 22 नाम हैं। पाक आतंकी संगठन 'लश्कर-ए-ताइबा' प्रमुख हाफिज सईद के 9 और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) का शीर्ष आतंकी मोहीउद्दीन औरंगजेब आलमगीर 11 नामों से जाना जाता है।

## चीन के पर्यटकों को वीजा जारी करेगा भारत



**नई दिल्ली।** भारत सरकार चीनी नागरिकों के लिए पर्यटक वीजा फिर से शुरू करने की तैयारी कर रही है। नए वीजा नियम मुख्य चीन, हांगकांग और मकाऊ से आने वाले यात्रियों पर लागू होंगे। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि यह एक अच्छा कदम है और इससे दोनों देशों के बीच यात्रा और संवाद को बढ़ावा मिलेगा। सरकार का यह फैसला पर्यटन, व्यापार और लोगों के बीच आपसी मेलजोल को फिर से बढ़ाने की कोशिशों का हिस्सा है। वीजा देने के लिए सामान्य प्रक्रियाओं का पालन होगा।

भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन के पूर्व में राजधानी में आयोजित किए गए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बोले विदेश मंत्री

# अशांत दुनिया में देगी स्थिरता का संकेत भारत-अफ्रीका की साझेदारी: जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया के साथ ही खाड़ी क्षेत्र में चल रहे भीषण युद्ध की वजह से बनी हुई अशांति और अस्थिरता के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को भारत और अफ्रीका की साझेदारी का जिक्र करते हुए कहा कि यह मौजूदा भू-राजनीतिक चुनौतियों की वजह से अशांत और अस्थिर बनी हुई दुनिया को शांति, स्थिरता और विश्वसनीयता का संकेत देगी।



उनकी यह टिप्पणी भारत में अगले महीने 28 से 31 मई तक होने वाले 'भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन-4' के संदर्भ में की गई है। जिसका 23 अप्रैल का नई दिल्ली में लोगो, थीम और वेबसाइट का अनावरण किया गया है। सम्मेलन का विषय स्थायी साझेदारी साझा दृष्टिकोण रखा गया है।

### कार्यक्रम में शामिल हुए कई राजदूत

उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों की यह साझेदारी खासी महत्वपूर्ण है। क्योंकि हम महज एक विकास संबंधी साझेदार ही नहीं हैं। बल्कि हमारी भूमिका दुनिया को आकार देने में भी शामिल है। हमारी साझेदारी को आकार देने में दोनों के संघर्ष, लचीलेपन, एकजुटता और आकांक्षाओं के हमारे संयुक्त इतिहास का अहम योगदान है। यहां बता दें कि इस कार्यक्रम में अफ्रीकी देशों के कई राजदूतों और राजनयिकों ने भाग लिया।

### अफ्रीका में भारतीय मिशन हुए 46

जयशंकर के मुताबिक, हाल के समय में भारत की अफ्रीका महाद्वीप में कूटनीतिक उपस्थिति काफी बढ़ी है। जिसमें हमारे द्वारा खोले गए 15 मिशन का अहम योगदान है और इसी के साथ अफ्रीका में भारतीय मिशन की कुल संख्या तीन दर्जन से आगे बढ़ते हुए 46 तक पहुंच गई है। दोनों पक्षों के संबंध सभ्यता-कालीन हैं।

उपनिवेशवाद के विरूद्ध भारत ने अफ्रीकी देशों के प्रति अपनी एकजुटता प्रदर्शित की है। विकसित भारत को लेकर 2047 का हमारा संकल्प और अफ्रीका 2063 का एजेंडा एक पूरक रोडमैप के समान हैं। जिसमें सतत, समावेशी विकास के माध्यम से प्रगति और समृद्धि पर जोर दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय शासन में वैश्विक दक्षिण की आवाज को बढ़ावा देने के लिए भारत ने 2023 में नई दिल्ली की अध्यक्षता में आयोजित किए गए जी-20 शिखर सम्मेलन में अफ्रीका महाद्वीप का सदस्य बनाया था।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी के रक्षा उद्योग प्रतिनिधियों के साथ की अहम बैठक

रक्षा क्षेत्र में संयुक्त विकास और उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ने की अपील

# कहा- दोनों देशों के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने की अपार संभावनाएं

*रक्षा मंत्री के साथ हुई बैठक के दौरान रक्षा उत्पादन, उन्नत तकनीक और उद्योगों के बीच साझेदारी को लेकर व्यापक चर्चा हुई। रक्षा मंत्री ने बताया कि जर्मन उद्योग जगत ने भारत में रक्षा क्षेत्र में हो रहे सुधारों और निवेश के अनुकूल माहौल की सराहना की है*

एजेंसी ▶▶ बर्लिन

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी के रक्षा उद्योग प्रतिनिधियों के साथ अहम बैठक में टेक्नोलॉजी के सह-विकास और सह-उत्पादन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। जर्मनी की राजधानी बर्लिन में आयोजित इस बैठक में दोनों देशों के रक्षा उद्योग से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान रक्षा उत्पादन, उन्नत तकनीक और उद्योगों के बीच साझेदारी को लेकर व्यापक चर्चा हुई।

रक्षा मंत्री ने बताया कि जर्मन उद्योग जगत ने भारत में रक्षा क्षेत्र में हो रहे सुधारों और निवेश के अनुकूल माहौल की सराहना की है। उन्होंने जर्मन कंपनियों से अपील की कि वे भारत के साथ मिलकर आधुनिक और विशेष तकनीकों के क्षेत्र में संयुक्त विकास और उत्पादन की दिशा में आगे बढ़ें। राजनाथ सिंह ने कहा कि इस तरह का सहयोग न केवल भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेगा, बल्कि वैश्विक स्थिरता और सुरक्षा को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने भरोसा जताया कि विश्वसनीय साझेदारों के साथ मिलकर भारत रक्षा उत्पादन और तकनीकी नवाचार को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत तेजी से आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने स्टार्टअप इकोसिस्टम की भी सराहना की और कहा कि देश के युवा नए विचारों के साथ नवाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।



जर्मनी की राजधानी बर्लिन में डिफेंस इंवेस्टर समिट को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

### डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप पर हस्ताक्षर



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जर्मनी के संघीय रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस के साथ एक द्विपक्षीय बैठक की। इसकी जानकारी 'एक्स' पर देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने रक्षा सहयोग को और मजबूत करने तथा उभरती भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने सहित कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। खासकर नई तकनीकों के क्षेत्र में मिलकर काम करने और उत्पादन बढ़ाने पर। इस दौरान 'डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप' और संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षा में सहयोग हेतु कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह समझौता भारत-जर्मनी रक्षा सहयोग को नई दिशा देने वाला महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### सबमरीन प्लांट भी देखा तकनीकी जानकारी ली

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने र्मनी के कील शहर में थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स (टीकेएमसी) के सबमरीन बनाने वाले प्लांट का दौरा किया। वहां उन्हें आधुनिक नौसेना तकनीकों और क्षमताओं के बारे में जानकारी दी गई। उनके साथ जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस भी मौजूद थे।*



**जर्मनी के साथ 75,272 करोड़ रुपए की बड़ा सैन्य समझौता**

### भारत आएगी दुनिया की सबसे साइलेंट सबमरीन टेक्नोलॉजी

*भारत और जर्मनी के बीच रक्षा क्षेत्र में एक बहुत बड़ी डील होने जा रही है। यह डील 8 अरब डॉलर (करीब 75,272 करोड़ रुपए) की है और अगले 90 दिनों के अंदर इस पर अंतिम मुहर लग सकती है। जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ बातचीत के बाद इसकी जानकारी दी है। इस प्रोजेक्ट के तहत भारत में छह एडवांस सबमरीन बनाई जाएंगी। भारत सरकार वर्तमान में इस एग्रीमेंट को अंतिम रूप देने के लिए जरूरी कदम उठा रही है। यह पहली बार होगा जब जर्मनी अपनी सबमरीन प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी किसी गैर-यूरोपीय देश को ट्रांसफर करेगा। इस डील के लिए जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच पहले ही चर्चा हो चुकी है। इस मेगा प्रोजेक्ट के तहत कुल छह सबमरीन का निर्माण भारत में ही किया जाएगा। इसके लिए जर्मनी की दिग्गज कंपनी थिसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स (टीकेएमसी) और भारत की सरकारी कंपनी मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड साथ मिलकर काम करेंगी।*

भारत में बढ़ रहा अमीरों का दबदबा

# 'अरबपतियों' की संख्या पहुंचेगी 300 के पार, विश्व में तीसरा देश



एआई इमेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में अल्ट्रा हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल (यूएचएनडब्ल्यूआई) की आबादी तेजी से बढ़ी है और 2031 तक यह 25,000 के अधिक होने का अनुमान है। यह जानकारी गुरुवार नाइट फ्रैंक के एनालिसिस रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की यूएचएनडब्ल्यूआई आबादी वर्तमान में 19,877 है, जो कि 2031 तक 27 प्रतिशत बढ़कर 25,217 होने की उम्मीद है।

भारत में अरबपतियों की संख्या में भी पिछले पांच वर्षों में 58 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि देखी गई है, जो 2026 में बढ़कर 207 हो जाएगी, जो अमेरिका और चीन के बाद वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी संख्या है। आम तौर पर, ऐसे व्यक्ति जिनके पास 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर या उससे अधिक की तरल या निवेश योग्य संपत्ति होती है, उन्हें यूएचएनडब्ल्यूआई माना जाता है।

**अरबपतियों की आबादी में 8% हिस्सेदारी होगी**

देश में अरबपतियों की संख्या में 2031 तक 51 प्रतिशत की और वृद्धि होने की उम्मीद है, जिससे यह संख्या 313 तक पहुंच जाएगी। इसके साथ ही वैश्विक अरबपति आबादी में भारत की हिस्सेदारी 6.7 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 8 प्रतिशत हो जाएगी। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि 2026 में वैश्विक यूएचएनडब्ल्यूआई की आबादी में भारत की हिस्सेदारी 2.8 प्रतिशत होगी, जो पांच साल पहले मात्र 2 प्रतिशत से थोड़ी अधिक थी।

**मुंबई में सबसे ज्यादा अल्ट्रा-रिच लोग**

अल्ट्रा-रिच लोगों के मामले में देश अब विश्व स्तर पर छठे स्थान पर है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत में धन का वितरण भौगोलिक रूप से अधिक होता जा रहा है, हालांकि मुंबई अल्ट्रा-रिच लोगों की आबादी में 35.4 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ अपना दबदबा बनाए हुए है।

### ब्रिटेन में ई-सिगरेट पर बैन, नया बिल पास



**लंदन।** ब्रिटेन की संसद ने एक नया बिल पास किया है, जिसके तहत 31 दिसंबर 2008 के बाद जन्मे लोग कभी भी सिगरेट नहीं खरीद पाएंगे। यह कानून लागू होने के बाद देश में धूम्रपान को कम करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री वेस स्ट्रीटिंग ने इसे ऐतिहासिक फैसला बताया और कहा कि इससे लोगों की जान बचेगी और स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव कम होगा। इस बिल के तहत वेपिंग (ई-सिगरेट) पर भी कई जगहों पर रोक लगाई जाएगी।

2006 मालेगांव ब्लास्ट केस

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने 4 आरोपियों को किया बरी, जांच पर किए सवाल



एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2006 मालेगांव बम धमाका मामले में अहम फैसला सुनाते हुए चार आरोपियों को आरोपमुक्त कर दिया है। अदालत ने मामले की जांच पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह केस अब डेड एंड यानी ऐसे मोड़ पर पहुंच चुका है, जहां से सच्चाई तक पहुंचना मुश्किल नजर आता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जांच एजेंसियों की परस्पर विरोधी कहानियों ने पूरे मामले को उलझा दिया है।

हाईकोर्ट ने राजेंद्र चौधरी, धन सिंह, मनोहर राम सिंह नरवरिया और लोकेश शर्मा को राहत देते हुए कहा कि उनके खिलाफ मुकदमा चलाने लायक पर्याप्त सबूत नहीं हैं। अदालत ने सितंबर 2025 में विशेष अदालत द्वारा तय किए गए आरोपों को रद्द कर दिया।

व्यापार समझौते पर बोले अमेरिकी प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर

# भारत के साथ 'डील' आसान नहीं, कई क्षेत्र संरक्षित चाहता

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर जारी वार्ता के बीच अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने भारत को लेकर बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत एक 'टफ नट टू क्रैक' है, यानी भारत के साथ व्यापारिक मुद्दों पर सहमति बनाना आसान नहीं है। ग्रीर ने यह टिप्पणी अमेरिकी कांग्रेस की समिति के सामने की। उन्होंने कहा कि भारत लंबे समय से अपने कृषि बाजारों की सुरक्षा करता आया है और मौजूदा व्यापार वार्ता में भी वह कई क्षेत्रों को संरक्षित रखना चाहता है।

### 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने की बातचीत

*वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन के नेतृत्व में 12 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण और मध्य एशिया के लिए सहायक अमेरिकी विदेश मंत्री ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व वाली अमेरिकी टीम के साथ व्यापार समझौते के बारीक बिंदुओं पर बातचीत की। तीन दिवसीय वार्ता बुधवार को समाप्त हुई। ग्रीर ने बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस की कमेटी ऑन वेज एंड मीन्स को बताया कि भारत एक कठिन चुनौती है।*

ब्रिटेन के एनएसए पॉवेल भारत दौरे पर

# विदेश मंत्री जयशंकर, अजीत डोभाल, रक्षा सचिव से की भेंट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वार्षिक भारत-ब्रिटेन रणनीतिक वार्ता के लिए ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जोनाथन पॉवेल नई दिल्ली पहुंचे। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार दोपहर पॉवेल से मुलाकात की। डॉ. जयशंकर ने बताया कि इस मुलाकात में क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा मुद्दों के साथ-साथ भारत-ब्रिटेन सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। भारत के एनएसए अजीत डोभाल से भी पॉवेल से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय ने बताया कि बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने रक्षा और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने सहित भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की। दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर भी अपने विचार साझा किए। पॉवेल ने रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह से मुलाकात की। दोनों ने क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े घटनाक्रमों पर विचार-विमर्श किया।

### डॉक्टरों की मदद के लिए आया चैट जीपीटी



**नई दिल्ली।** ओपनएआई ने विशेष रूप से डॉक्टरों और स्वास्थ्य पेशेवरों की सहायता के लिए 'चैटजीपीटी फॉर क्लिनिशियंस' लॉन्च किया है, जो नैदानिक कार्यों को आसान बनाने और दस्तावेज़ीकरण के बोझ को कम करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह टूल स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में आ रही चुनौतियों को कम करने और डॉक्टरों को प्रशासनिक कार्यों के बजाय मरीजों की देखभाल पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा। यह डॉक्टरों को मेडिकल रिसर्च, नोट्स लिखने और रेफरल लेटर तैयार करने में सहायता करता है।




ईरान से संघर्ष के बीच नाटो सहयोगियों को झटका देने की तैयारी

# 'शरारती और अच्छे' की सूची तैयार, मूल्यांकन कर देंगे दंड

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान से संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कथित तौर पर नाटो सदस्य देशों की एक 'शरारती और अच्छे' (नॉटी एंड नाइस) की सूची तैयार की है। यह सूची ट्रंप प्रशासन की उस पहल का हिस्सा है जिसके तहत उन सहयोगियों का मूल्यांकन किया जाएगा और संभवतः उन्हें दंडित भी किया जाएगा। न्होंने ईरान संघर्ष के दौरान अमेरिका के रुख का समर्थन नहीं किया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार इस पहल पर काम नाटो



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

महासचिव मार्क रुटे की वाशिंगटन यात्रा से पहले शुरू कर दिया गया था। नॉटी एंड नाइस की सूची सदस्यों को उनके रक्षा योगदान और व्यापक सहयोग के आधार पर वर्गीकृत करती है।

**याद रखेंगे अमेरिका का नहीं दिया साथ**

यह कदम ट्रंप की उन लगातार चेतावनियों को रेखांकित करता है कि जो सहयोगी रक्षा खर्च में हिस्सेदारी या रणनीतिक समर्थन के मामले में अमेरिका की उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। व्हाइट हाउस की उप प्रेस सचिव अन्ना केली ने प्रशासन के इस रुख को लेकर कहा कि यूएस हमेशा अपने सहयोगियों के लिए खड़ा रहा है लेकिन 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दौरान वो हमारे लिए खड़े नहीं हुए।

**पूर्व विदेश मंत्री का खुलासा**

### यूएस के तीन राष्ट्रपतियों ने ठुकराया था प्लान



अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने खुलासा किया कि इजराइल के पीएम नेतन्याहू ने अमेरिका के तीन नेताओं के सामने ईरान के साथ सैन्य संघर्ष का प्रस्ताव रखा था, जिसे सभी ने ठुकरा दिया। केरी ने कहा कि ओबामा, बुश और बाइडेन ने युद्ध के दबाव का विरोध किया। क्योंकि उन्होंने शांति के सभी उपायों को आजमाया नहीं था।

### ईरान ने होर्मुज पर टोल से की बंपर कमाई



स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को ईरान ने कमाई का जरिया बना लिया है। होर्मुज से हुई पहली कमाई ईरान के सेंट्रल बैंक तक पहुंच गई है। ईरानी संसद के उपाध्यक्ष हमीदरेजा हाजीबाबाएई ने हालांकि और अधिक जानकारी नहीं दी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109